आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 08:40 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 56, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको 16

परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी 15

## भारत और कनाडा के बीच बढ़ा विवाद ट्रूडो के आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी



- **कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा- भारत पर लगा सकते हैं प्रतिबंध सभी विकल्प विचाराधीन**

सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद मंगलवार को और गहरा गया जहां ओटावा ने अपने यहां गुप्त अभियान चलाने में बिश्नोई गिरोह के तार भारत सरकार के एजेंटों से जोड़ने का प्रयास किया तो वहीं नई दिल्ली ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

दोनों देशों में तनाव बढ़ने के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने भारत के खिलाफ पाबंदी लगाने की संभावना को खारिज नहीं किया और कहा कि सभी विकल्प विचाराधीन हैं। भारत ने कनाडा में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के कनाडाई अधिकारियों के प्रयासों को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। ओटावा का यह दावा सच नहीं है कि उसने निज्जर मामले में नई दिल्ली के साथ साक्ष्य साझा किए थे। सूत्रों ने कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि भारत, कनाडा में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाते हुए गुप्त अभियान सहित कई गतिविधियों में संलिप्त था।

### निज्जर की हत्या के बाद संबंधों में आई खटास

पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## वैश्विक स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए बनाए जाएं नियम

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने यहां अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। मोदी ने कहा समय आ गया है जब वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा। डिजिटल नियम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनमें व्यक्तिगत गोपनीयता, मीडिया में गलत सूचना, प्रौद्योगिकी दिग्गजों की जवाबदेही और सामाजिक महत्व के अन्य मुद्दे शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार डेटा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवाह पर निर्भर करता है।



नई दिल्ली में आईटीयू विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली में प्रधानमंत्री मोदी।

### कोई भी समुदाय डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे

मोदी ने कहा कि संघर्षों से त्रस्त दुनिया में आम सहमति और संपर्क की आवश्यकता है और भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा चाहे वह प्राचीन रेशम मार्ग हो या आज का प्रौद्योगिकी मार्ग, भारत का एकमात्र मिशन दुनिया को जोड़ना और प्रगति के नए द्वार खोलना है। प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ – विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर एक प्रदर्शनी को भी देखा। मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र और कोई भी समुदाय इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे।

## एक नजर

### पूर्व सांसद नवनीत राणा को मिली धमकी, 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग



**अमरावती (महाराष्ट्र)।** भाजपा नेता और महाराष्ट्र की पूर्व सांसद नवनीत राणा को एक धमकी भरी चिट्ठी मिली है जिसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिये पत्र भेजा है। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

### वृद्ध को सांड़ ने पटक कर मार डाला, 5 घायल

**बंडा (शाहजहांपुर)।** घर के बाहर आग जला रहे बुजुर्ग पर सांड़ ने हमला कर दिया और कई बार जमीन पर पटका, जिससे उनकी मौत हो गई। सांड़ ने पांच अन्य ग्रामीणों को भी घायल कर दिया। इसके बाद लोग बचने के लिए घरों में छिप गए। एसडीएम, सीओ, वन दरोगा की मौजूदगी में जेसीबी ले जाकर सांड को बमुश्किल पकड़ा गया। बंडा के गांव पिपरा जप्ती निवासी ओमप्रकाश (65) मंगलवार सुबह करीब पांच बजे अपने घर के बाहर तापने के लिए आग जला रहे थे। अचानक पीछे से आए सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। कई बार उठाकर पटका। सींग उनके पेट में घुसेड़ दिए जिससे उनकी मौत हो गई।

# महाराष्ट्र में 1 व झारखंड में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव, 15 राज्यों में उपचुनाव

## मतदान के लिए तिथियां घोषित, दोनों राज्यों में मतों की गिनती 23 नवंबर को

- **झारखंड में 13 और 20 को तो महाराष्ट्र में 20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट**

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। इसके तहत महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को जबकि झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसी के साथ दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीट तथा दो लोकसभा क्षेत्रों वायनाड और नांदेड़ के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्टूबर होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र चार नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं जबकि झारखंड में यह संख्या 2.6 करोड़ है। कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में कुल 1,00186 मतदान केंद्रों पर 20 नवंबर को मतदान होगा 23 नवंबर को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पूर्वी भारत के जनजातीय बहुल राज्य झारखंड में दो चरणों में क्रमशः 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा।





मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए।

### एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन जरूरी, ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और ईवीएम को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं, ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि एक्जिट पोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरू होते हैं वे एक्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चैनलों ने शुरू में दिये वे पूरी तरह से आधारहीन थे।

### उप्र में नौ सीटों पर होंगे विधानसभा उपचुनाव

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को प्रदेश में विधानसभा की खाली चल रही 10 सीटों मे से नौ सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके तहत 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू होंगे, जबकि 13 नवंबर को मतदान होगा। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव का प्रकरण हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण इस सीट के लिए उपचुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद जिले की गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर (अजा), मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी व मिर्जापुर की मझवां सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन शुरू होंगे। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी। 25 नवंबर के पहले निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## योगी से मिला बहराइच हिंसा में मारे गए युवक का परिवार



पीड़ित के परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **परिजनों को आवास और 10 लाख रुपये देने के साथ योगी ने कहा, दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा**

**अमृत विचारः** बहराइच में बीते दिनों हुई घटना में मृत रामगोपाल मिश्र के परिजनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया और परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की तुरंत आर्थिक सहायता देने के साथ आवास, शौचालय व आयुष्मान समेत सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित कराने के लिए भी निर्देशित किया।

मृतक रामगोपाल मिश्र के पिता, माता, पत्नी व भाई मंगलवार को महसी विधायक सुरेश्वर सिंह के साथ मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पहुंचे थे। योगी से मिलने के बाद मृतक रामगोपाल के भाई किशन ने कहा कि हमें मुख्यमंत्री से वह सब कुछ मिला है, जिसकी हमें जरूरत थी। पूरे परिवार को यह भरोसा है कि हमें न्याय मिलेगा। रामगोपाल के चचेरे भाई किशन मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। योगी आदित्यनाथ ने भी इस संबंध में अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि प्रकरण घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

वहीं, हमारे बहराइच संवाददाता के अनुसार मुख्यमंत्री कार्यालय से जिलाधिकारी मोनिका रानी को फोन आया। मुख्यमंत्री की ओर से प्राप्त 10 लाख रुपये में पांच लाख रुपये माता-पिता के नाम और पांच लाख रुपये पत्नी के नाम की चेक से मिलेगी। चेक लेकर खंड विकास अधिकारी और जिला विकास अधिकारी गांव पहुंचे। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 10 लाख की आर्थिक सहायता और एक मुख्यमंत्री आवास मिला है। अन्य मांग भी पूरी होगी।

## बेटियां बनीं एक दिन की डीएम-एसपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### मिशन शक्ति अभियान

- **लखीमपुर खीरी, जौनपुर, सीतापुर श्रावस्ती, ललितपुर, झांसी, मीरजापुर कासगंज, गाजीपुर में कुर्सी संभाली**
- **मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उठाया गया कदम**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे आम लोग उस वक्त चकित रह गए जब उन्होंने 'साहब' की कुर्सी पर 17-18 साल की युवती को बैठे देखा। ऐसा दृश्य नवरात्र के आखिरी दो दिनों में प्रदेश के करीब एक दर्जन जिलों में दिखा।

इन युवतियों में कुछ हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाली थीं, तो कुछ जिले की टॉपर। राज्य सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन की डीएम-एसपी बनीं इन युवतियों ने न केवल शिकायतें ध्यान से सुनीं, बल्कि उनका त्वरित निस्तारण भी किया।दरअसल, शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिन का डीएम, सीडीओ, एसडीएम और एसपी बनाया गया। दिलचस्प तो यह रहा कि एक दिन की अधिकारी बनीं बेटियों ने कहीं सब्जियों के मूल्य नियंत्रित करने पर जोर दिया तो कहीं महिला अपराधों को लेकर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। किसी ने जमीन का मुआवजा बांटने में देरी न करने को कहा तो किसी ने क्षेत्र में उतर कर विकास कार्यों की प्रगति भी परखी। एक बेटी ने तो एसपी बनकर एफआईआर तक दर्ज करायी।

कुल मिलाकर लखीमपुर खीरी, जौनपुर, सीतापुर, श्रावस्ती, ललितपुर, झांसी, मीरजापुर, कासगंज, गाजीपुर समेत अन्य जिलों की मेधावी बेटियों ने बड़े अधिकारी की भूमिका निभायी।

इस दौरान बेटियों ने कहा कि इस पहल से उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कड़ी मेहनत कर भविष्य में प्रशासनिक सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात भी कही। लखीमपुर खीरी में आठवीं की छात्रा अग्रिमा धवन ने जिलाधिकारी की कुर्सी संभाली। उसने जनसुनवाई के दौरान सब्जियों के दाम नियंत्रित करने के निर्देश दिये।

## अदालतें एफआईआर रद करने से पहले जांच सामग्री पर करें गौर



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब प्राथमिकी में किसी आरोपी पर बेईमानी का आरोप लगाया जाता है और सामग्री में संज्ञेय अपराध का पता चलता है तो प्राथमिकी को रद करके जांच को विफल नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि किसी आपराधिक कार्यवाही या प्राथमिकी को शुरुआत में ही रद कर दिया जाना चाहिए या नहीं, इस पर निर्णय लेते समय जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्रियों सहित प्राथमिकी में लगाए आरोपों पर गौर किया जाना चाहिए ताकि यह तय किया जा सके कि प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ जांच के लिए मामला बनता है या नहीं। पीठ ने 14 अक्टूबर को दिए अपने फैसले में कहा, इस प्रकार, जब प्राथमिकी में आरोपी पर बेईमान आचरण का आरोप लगाया जाता है, जिसका पता संज्ञेय अपराध का खुलासा करने वाली सामग्रियों से चलता है तो प्राथमिकी को रद करके जांच को विफल नहीं किया जाना चाहिए।

## सनातन धर्म अपनाया तो नाम आरिफ क्यों

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका खारिज**



- **कथित शादी के 15 साल बाद दर्ज हुआ है मामला**

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने तथा दुराचार करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है।

मामले के अभियुक्त व तथाकथित पति का कहना था कि उसने 15 साल पहले वर्ष 2009 में इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया था, जिसके पश्चात पीड़िता से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। हालांकि कोर्ट ने पाया कि याचिका के साथ दाखिल अभियुक्त के आधार कार्ड पर आरिफ हुसैन नाम लिखा हुआ है। इस पर कोर्ट ने अभियुक्त के अधिवक्ता से पूछा कि यदि उसने सनातन धर्म अपना लिया है तो उसका नाम अब भी आरिफ हुसैन क्यों है? अभियुक्त के अधिवक्ता द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही पुलिस को यह भी स्वतंत्रता दी है कि वह इस बिंदु की भी जांच करे कि क्या अभियुक्त ने आरिफ हुसैन के नाम से आधार कार्ड बनवाकर कोई अन्य अपराध भी कारित किया है? क्योंकि वह वर्ष 2009 में ही धर्म परिवर्तन कर चुका था। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की बेंच ने आरिफ हुसैन उर्फ सोनू सिंह व अन्य की याचिका पर पारित किया है।

याचियों की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में 9 सितंबर 2024 को दर्ज हुई मामले की एफआईआर को चुनौती देते हुए दलील दी गई कि याची संख्या एक व पीड़िता का विवाह 24 जनवरी 2009 को आर्य समाज मंदिर अलीगंज में संपन्न हुआ था।

## बम की धमकी पर उड़ान को कनाडा की ओर मोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया।

एअरलाइन ने एक बयान में कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान संख्या एआई 127 ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतरी गई है। निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच गई। एअर इंडिया ने यात्रा फिर से शुरू होने तक यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि इस उड़ान में बम रखे होने की धमकी मिली थी।

### जयपुर से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना

**अयोध्या :** जयपुर से अयोध्या मंगलवार को आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। विमान में 139 यात्री सवार थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम स्क्वायड की टीम ने करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की भी सूचना है। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया।

## रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास पीजीआई में भर्ती



**अयोध्या।** राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों की टीम जांच कर रही है। उनके शिष्य प्रदीप दास ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने फोन पर हालचाल लेते हुए पीजीआई के निदेशक को बेहतर इलाज का निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से उन्हें खड़ा होने के लिए सहारे की जरूरत पड़ रही थी। दो दिन से कमर के नीचे दिक्कत बढ़ गई।

## इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री, नौ साल में पहली यात्रा

### जयशंकर एससीओ बैठक में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व, अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर स्वागत किया

इस्लामाबाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। यह दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच पिछले करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है।

जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं।

विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं। जयशंकर ने हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं। इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर आयी थीं। उस समय जयशंकर भारत के विदेश सचिव के नाते सुषमा स्वराज के शिष्टमंडल का हिस्सा थे।



इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर का स्वागत करते पाकिस्तानी अधिकारी।

### कई देशों के प्रधानमंत्री होंगे शामिल

सम्मेलन में चीन, रूस, बेलारुस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की ओर से उनके प्रधानमंत्री शामिल होंगे, वहीं ईरान का प्रतिनिधित्व प्रथम उप राष्ट्रपति करेंगे। फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत के युद्धक विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बमबारी की थी, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। भारत सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के संबंध और खराब हो गए।

## एक नजर

### दो दिवसीय विकलांग शिविर आज से

**सौरिख।** विकासखंड परिसर में विकलांगों को निशु:ल्क उपकरण वितरण करने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन बुधवार से होगा। प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में एलिम्को द्वारा विधानसभा क्षेत्र तिर्वा के निवासरत दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए सौरिख विकासखंड कार्यालय सभागार कक्ष में बुधवार से शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी दिव्यांगजनो से आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं जनप्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र साथ लाने की अपील की है।

### आज नहीं आएंगी महिला आयोग की सदस्य पुष्पा

**कन्नौज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्य ने बताया है कि 16 अक्टूबर को राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय का कार्यक्रम था लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया है। सदस्य को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल होना था।

### आज आएगी शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति 16 अक्टूबर को शाम चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आएगी। समिति शिक्षा से जुड़े मामलों पर चर्चा करेगी। इसमें बेसिक से लेकर माध्यमिक व उच्च शिक्षा के प्रकरण, प्रगति पर विचार-विमर्श होगा। समिति में सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह (गुरुजी) व सदस्यों में विजय बहादुर पाठक, अंगद कुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू, रामतीर्थ सिंघल, विशाल सिंह चंचल, अविनाश सिंह चौहान, डॉ. आकाश अग्रवाल व मुकुल यादव शामिल हैं।

### तिर्वा में आज मनेगा किसान दिवस

**कन्नौज।** तिर्वा के किसान बाजार में 16 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक किसान दिवस होगा। इसमें कई विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिक व किसान शामिल होंगे। योजनाओं की जानकारी देने के अलावा कृषकों की समस्याएं भी सुनी जाएंगी। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने दी।

### स्वामी कूंडी वाले महाराज को किया याद

**कन्नौज।** ग्राम कनपटियापुर स्थित संत आश्रम में मंगलवार को मौनी स्वामी कूंडी वाले महाराज की 60वी पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन शुरु हुए रामचरित मानस अखण्ड पाठ का मंगलवार सुबह समापन हुआ। आचार्य बल्लू पंडित ने हवन के वाद सत्यनारायण भगवान की कथा सुनाई। इसके उपरांत नमन कार्यक्रम संयोजक राधे लाल पाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कूंडी वाले स्वामी जी ने कभी फोटो नही खिचाई जिसके कारण उनके चरनों के चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित की गई।

### किशोरी से छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** थाना तालग्राम के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि सोमवार की रात घर के सभी लोग बाहर थे। उनकी 14 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर रात में गांव का सरमन घर घुस गया और किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। किशोरी के शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल करने के बाद कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की तलाश की जा रही है।

---

जीरो पॉवर्टी उत्तर प्रदेश अभियान को लेकर चल रहा सर्वे, खत्म की जाएगी गरीबी

# जिले की सभी पंचायतों में खोजे जा रहे गरीब परिवार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले की 499 ग्राम पंचायतों में जीरो पावर्टी (गरीबी मुक्त) उत्तर प्रदेश अभियान के तहत ऑनलाइन सर्वे शुरू हो गया है। इसके तहत हर ग्राम पंचायत में 10 से 25 निर्धन परिवार खोजे जाएंगे। उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। रोजगार के अवसर भी मुहैया कराए जाएंगे। जीरो पावर्टी का मकसद हर क्षेत्र से गरीबी को खत्म करना है।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के पत्र का हवाला देते हुए सीडीओ राम कृपाल चौधरी को अभियान के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। डीएम ने जीरो पावर्टी अभियान को लेकर कहा है कि निर्धन परिवारों के लिए भोजन, वस्त्र, अच्छी शिक्षा, चिकित्सा व मकान की सुविधा हो इसको लेकर सरकार प्रतिबद्ध है।



● सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ, रोजगार के अवसर भी मुहैया होंगे

### डैश बोर्ड पर रहेगी पूरी रिपोर्ट

शासनादेश में कहा गया है कि नोडल पोर्टल होगा। मॉपअप मोबाइल ऐप के जरिए गरीबों की पहचान की जाएगी। ग्राम पंचायत की टीम बनेगी। 30 दिन के अंदर गांव में निवास करने वालों में गरीब परिवारों की पहचान होगी। डैश बोर्ड पर पूरी रिपोर्ट जाएगी। सर्वे परिवार की मुखिया की मौजूदगी में होगा। गलत चिह्नीकरण न करने और कोई भी निर्धन परिवार न छूटे इस पर खास फोकस करने को कहा गया है।

> ब्लॉक स्तर से ग्राम पंचायतों में समितियां गठित हो गई हैं। ऑनलाइन पोर्टल पर सर्वे आदि का ब्योरा फीड होगा। सरकार का मकसद है कि गांव में कोई भी परिवार या व्यक्ति भूखा न रहे। गरीब की पहचान कर उसे सभी योजनाओं का लाभ दिया जाए। आवास भी मिलेंगे। एक साल में गरीबी खत्म की जाएगी।
>
> -रामकृपाल चौधरी, सीडीओ/ नोडल अधिकारी

ऐसे परिवारों की लगातार आय की व्यवस्था भी जरूरी है।

डीएम ने कहा है कि शासन ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्धन 10 से 25 परिवारों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। इसमें विभिन्न योजनाओं को कन्वर्ज यानि समाहित करना है ताकि एक साल के बाद प्रदेश को जीरो पावर्टी प्रदेश घोषित किया जा सके।

### ये होंगे चयन के चार मानक

- घरविहीन या कच्चा घर वाले परिवार।
- भूमिहीन वे परिवार जिनका कृषि परक आजीविका के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।
- दिहाड़ी, कृषि मजदूरी पर आश्रित वे परिवार जिनकी अनिश्चित व अनियमित आय है।
- जिन परिवारों में आर्थिक संसाधनों की कमी है, परिवार में हमेशा खाने-पहनने की तंगी रहती है।

### प्रथम स्तर पर ये करेंगे चयन

- पंचायत सहायक
- ग्राम रोजगार सेवक
- आजीविका मिशन के समूह सखी व अन्य सामुदायिक कैडर
- बीसी सखी

### दूसरे स्तर पर गांव की यह बनेगी कमेटी

- प्रधान
- पूर्व प्रधान
- विद्यालय के प्रधानाध्यापक और एक से अधिक विद्यालय हैं तो वरिष्ठ हेडमास्टर
- पुराने दो स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष, अगर किसी ग्राम पंचायत में एक से ज्यादा समूह नहीं हैं उनके दो पदाधिकारी समिति के सदस्य होंगे।
- किसी ग्राम पंचायत में एक भी स्वयं सहायता समूह के न होने पर, स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू व आईसीडीएस से संबद्ध आंगनबाड़ी सेविका वैकल्पिक सदस्य होंगी।



कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल और विधायक कैलाश राजपूत।

---

## तहसीलदार की तैनाती को धरना

**कन्नौज।** भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार की तैनाती न होने को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना दिया। कहा, तहसीलदार के न होने से फरियाद लेकर आनेवाले किसानों को दिक्कत हो रही है।

तहसील अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया। इसके बाद जिलाधिकारी के नाम एडीएम आशीष सिंह को ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा कि सदर तहसीलमें तहसीलदार के न होने से न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। न्यायिक प्रक्रिया को बेहतर किया जाये या फिर नये तहसीलदार की तैनाती कराई जाये। जिले में खाद की समस्या है। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। इससे आलू समेत अन्य फसले प्रभावित हो रहीं हैं। जिले में अन्ना मवेशी घूम रहे हैं। इनको पकड़कर बंद कराया जाये। इससे वह किसानों की फसलें नष्ट न कर सकें। बिजली के बिल कैंप लगवा कर ठीक कराए जाएं। इस मौके पर संगठन की महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, जिला महासचिव महेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, भूपेंद्र सिंह, सत्यनारायण, प्रदीप कुमार, रामलखन राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# कई योजनाओं में कन्नौज फिसड्डी जिलों में शामिल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

### सीएम डैशबोर्ड

- राजस्व विभाग की योजनाओं और मंडी आवक और आईजीआरएस में फिसड्डी
- दर्पण पोर्टल पर जारी हुई सितंबर की रिपोर्ट में 17 की हालत खराब

**अमृत विचार।** राजस्व विभाग के अधीन चलने वाली योजनाओं व महकमों की रैंक खराब हुई है। कई योजनाओं में सूबे के 75 जनपदों में कन्नौज का नाम निचले पांच जिलों में शामिल है। सितंबर की संयुक्त रैंक 34 आई है इसमें राजस्व की 36 व विकास कार्यों में 33वें नंबर पर जनपद है। दर्पण पोर्टल यानि सीएम डैशबोर्ड पर कुल 51 योजनाओं में 17 योजनाएं लाल घेरे में प्रदर्शित हुई हैं जो नौ विभागों के अधीन हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन में जनपद की 75वीं रैंक आई है जो अगस्त में 74वें नंबर पर है। कन्नौज का नाम निचले से पांचवें नंबर पर है। जनसुनवाई यानि आईजीआरएस में लोक शिकायत की 73वीं रैंक आई है जो पिछले महीने 72 थी। इस बार निचले से तीसरे नंबर पर कन्नौज का नाम है। सरकारी कर राजस्व समेकित की वित्त में 75वीं रैंक है जो पिछले महीने की तरह है और कन्नौज का नीचे से पांचवें नंबर पर नाम है। मंडी आवक में कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार की 71वीं रैंक है जो पिछले महीने 72 थी। बॉटम के पांच जिलों में 71.81 फीसदी उपलब्धि के साथ सबसे नीचे नाम है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 16वीं रैंक है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संकलित औषधि नमूना एवं कृत कार्रवाई में 66वीं रैंक है। आईएमएसएस के तहत प्रवर्तन कार्य में भूतत्व एवं खनिकर्म में 39वीं रैंक आई है। जीएसटी राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष संग्रह में राज्य कर की रैंक 23, ई-खसरा (1431 खरीफ) में 75 रैंक आई। इसमें नाम निचले से पांचवें नंबर पर है। राजस्व विभाग की आरसीसीएमएस डैशबोर्ड में 53वीं रैंक, कुर्रा बटवारा (धारा 116) में 10वीं रैंक, नामांतरण (धारा 34) में 36वीं रैंक, निर्विवाद उत्तराधिकार में 43वीं रैंक, पैमाइश (धारा 24) में 39वीं रैंक, वसूली प्रमाण पत्र में 33वीं रैंक, स्वामित्व डैशबोर्ड में 16वीं रैंक और सरकारी गैर कर राजस्व समेकित की वित्त में 68वीं रैंक आई है।

---

# 5 साल बाद शुरू हुआ फकीरेपुरा सोलर प्लांट

संवाददाता, तिर्वा

- जुलाई 2015 में 615 लाख रुपये से लगा था 250 किलोवाट का प्लांट
- पूर्व राष्ट्रपति आए थे फकीरेपुरा व चंदुआहार गांव, 96.55 लाख खर्च

**अमृत विचार।** पांच साल से बंद सोलर पावर प्लांट को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम यानी मिसाइल मैन की जयंती पर शुरू करा दिया गया है। अब फकीरेपुरा व चंदुआहार के ग्रामीणों को फिर से बिजली मिलने लगी है। बताया गया है कि मिनी सोलर ग्रिड का 96.55 लाख रुपये से जीर्णोद्धार कराया गया है।

इंदरगढ़ क्षेत्र के फकीरेपुरा के पास पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जुलाई 2015 में 615 लाख रुपये की लागत से 250 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित कराया था। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम भी आए थे। नेडा के इस सोलर प्लांट से 11 ट्यूबवेल, 3 आटा चक्की के साथ घरों को रोशन किया जा रहा था। वर्ष 2019 में यह प्लांट खराब हो गया। इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर विरोध दर्ज किया। सपाइयों ने भी धरना-प्रदर्शन किया। मंगलवार को डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, सीडीओ रामकृपाल चौधरी व पीडी डीआरडीए व नेडा के प्रभारी रामऔतार सिंह ने शुरू कराया।

---

# कांग्रेसियों ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे कलाम को याद किया

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला बजरिया स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. मन्ना के आवास पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम साहब की जयंती मनाई गई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रेस वार्ता में बक्फ जमीन का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेसियों ने विशेष समुदाय पर दबाव बनाने का आरोप लगाया।

पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी ने पूर्व राष्ट्रपति को याद कर विचार रखे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। बहराइच की घटना सरकार की जीरो टालरेंस नीति की असफलता है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्रा ने कहा नगर के मोहल्ला कस्सावान की जगह पर विवाद है।



पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को जयंती पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

● वक्फ जमीन को लेकर विशेष समुदाय पर दबाव बनाने का लगाया आरोप

इसको लेकर क्षेत्रीय पदाधिकारी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिले थे और यथास्थिति बनाए रखने की बात कही थी। इसके बावजूद प्रशासन मुस्लिम समाज पर दबाव बना रहा है। पार्टी किसी भी तरह से अन्याय नहीं होने देगी। कोर्ट जो निर्णय दे स्वीकार होगा।

इस दौरान सेवा दल महासचिव देवकीनंदन मुन्ना, विचार मंच अध्यक्ष विनोद कुमार दुबे, आशा यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार शाक्य, विकास मिश्रा, राजीव अग्निहोत्री, चंद्रभान सिंह, डॉक्टर प्रियंका दुबे, विनय त्रिपाठी, हरिश्चंद्र चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष बाहर कुरैशी, संतोष चतुर्वेदी, प्रमोद शाक्य, कोमल त्रिपाठी व रमेश सिंह तोमर सहित कई कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## सार-संक्षेप



गणेश कोल्ड स्टोर में रखा उद्यान विभाग का आलू बीज। अमृत विचार

### आलू बीज की ज्यादा ली गई रकम वापस होगी

**कन्नौज।** पक्की आलू फसल का बीज उद्यान विभाग में तीन-चार दिन से बांटा जा रहा है। जिन किसानों ने बढ़े हुए रेट का भुगतान किया है उनको 500 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से वापस किए जाएंगे। जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने बताया कि अभी 400 कुंतल आलू बीज आया है। 200 कुंतल चिप्सोना और आने को है। सीड्स साइज आलू बीज का रेट 2995 रुपये और ओसर साइज 2270 रुपये प्रति कुंतल सरकार से निर्धारित किया गया है। पहले इस रेट में 500 रुपये अधिक थे। जिला उद्यान अधिकारी का कहना है कि जो किसान नए रेट आने से पहले आलू बीज ले गए हैं उनको बढ़ा हुआ भुगतान वापस किया जाएगा। बताया गया है कि पुखराज, ख्याति, सूर्या व कुफरी बहार प्रजातियों का आलू बीज विभाग के पास मौजूद है। दूसरी ओर बताया गया है कि उद्यान विभाग की ओर से गणेश कोल्ड स्टोर से किसानों को करीब 75 फीसदी आलू बीज का वितरण भी हो चुका है।



बच्चों को जानकारी देते एनसीसी कैप्टन। अमृत विचार

### एनसीसी से बच्चों ने सीखा अनुशासन

**छिबरामऊ।** नगर के कंपोजिट विद्यालय में बच्चों ने एनसीसी के माध्यम से अनुशासन की बारीकियां सीखीं। इस अवसर पर एनसीसी के कैप्टन व हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता संदीप सिंह माधव ने अपने एनसीसी कैडेट्स के साथ में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि एनसीसी अनुशासन के साथ जीवन में साहस की भावना भी उत्पन्न करता है। प्रधानाध्यापक शशिकांत शुक्ल ने कहा एनसीसी का उद्देश्य युवा नागरिकों में चरित्र, भाईचारा, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। आज के एनसीसी कैडेट्स कल के अनुशासित नागरिक बनेंगे। इसके साथ ही आज वर्ल्ड हैंड वाश डे पर बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया गया तथा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस पर उनकी उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर अंडर ऑफिसर कैडेट कोमल, श्वेता यादव, रिचा यादव, सीता राजपूत, सुशील दुबे, अलका यादव, अरुण प्रताप सिंह, निशा यादव, सरोज यादव, रंजीत सिंह मौर्य, वंदना यादव व नीतू पाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

# नारी सशक्तिकरण से ही बनेगा सशक्त राष्ट्र

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित केसी एजूकेशन सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षिकाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत संचालित सुविधाओं की जानकारी दी गई। कोतवाली पुलिस ने महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा आदि की जानकारी दी।



विद्यालय की शिक्षिकाओं के साथ मिशन शक्ति का पत्रक दिखाती पुलिस टीम। अमृत विचार

कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक नीलम चौधरी ने छात्राओं व शिक्षिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में पूरी तरह से भाग लेने और अपने जीवन पर नियंत्रण रखने के लिए महिलाओं की क्षमता को बढ़ाने की प्रक्रिया से है। बच्चों ने खेलकूद एवं पोस्टर के माध्यम से मिशन शक्ति का संदेश दिया।

म्यूज़िकल चेयर गेम में सुहानी, पेपर फोल्डिंग में एकांशी व आराध्या, पिरामिड मेकिंग में तनु पाल विजेता रही। उपनिरीक्षक नीलम चौधरी ने बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिए जागरुक किया। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल जयललिता सिंह, कांस्टेबल, शशिप्रभा, अपूर्वा, रोशनी, प्रियंका, सीमा सहित प्रधानाध्यापिका डॉ. प्रीति पाल, माधुरी, शैव्या, स्वाति आदि मौजूद रही।

---

## मजदूर ने फंदा लगाकर दी जान

**गुरसहायगंज।** आर्थिक तंगी से परेशान मजदूर ने पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए भेजा है।

तालग्राम क्षेत्र के अमोलर चचियापुर निवासी मजदूर हरिओम वर्मा (29) पुत्र विष्णु दयाल का शव मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर मनीराम वर्मा के खेत में खड़े आम के पेड़ पर सैंडो बनियान के फंदे पर लटका देखा। जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। युवक का शव देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। बड़े भाई घनश्याम वर्मा की सूचना पर पहुंचे एसआई राजेश कुमार रावत ने शव पोस्मार्टम के लिए भेजा।

---

अबीर-गुलाल उड़ा | भक्तों ने विसर्जन यात्रा में पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, सरायमीरा जीटी रोड से निकाली गई यात्रा

# काली दुर्गा मंदिर से निकली मां भगवती की विसर्जन यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के सरायमीरा काली दुर्गा मंदिर से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। नौ दिन तक चले पूजा अर्चन के बाद मंगलवार को यात्रा गाजे बाजे के साथ जीटी रोड से चौधरियापुर होते हुए गंगा तट स्थित स्थल पर विसर्जन किया गया।

मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन यात्रा मंदिर के पुजारी बाबा अखण्डानन्द की अगुवाई में निकाली गई। यात्रा जीटी रोड सरायमीरा गैस एजेंसी क्रासिंग के निकट से शुरू होकर सरायमीरा जीटी रोड होते हुए गंगा जी के लिये रवाना हुई। भक्ति संगीत पर युवा नृत्य करते और जयकारे लगाते चल रहे थे। एक ट्रैक्टर पर प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। सीओ सदर कमलेश कुमार व कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यात्रा निकली। मंडी गेट पर महिला भक्त रुक गई। इस के बाद पुरुष भक्तों की टोली के साथ विसर्जन यात्रा चौधरियापुर होते हुए गंगा तट के लिये रवाना हुई।



विसर्जन यात्रा में शामिल मां दुर्गा की प्रतिमा। अमृत विचार

---

# परशुराम-लक्ष्मण संवाद में गूंजे जयकारे

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार।** प्रभु श्रीराम द्वारा शिव का धनुष तोड़ देने की सूचना पर पहुंचे परशुराम क्रोधित होकर जनक की सभा में पहुंचे। श्री राम से भला बुरा कहने पर लक्ष्मण से रहा नहीं गया। लक्ष्मण ने परशुराम का मजाक उड़ाते हुए कटु वचनों में शिक्षा दी। संवाद में शील, क्रोध, संयम और वीरता का बखान देख श्रीराम ने लक्ष्मण को शांत किया।

जलालाबाद के मोहल्ला पठकाना के विजय नगर में चल रही रामलीला में मुख्य अतिथि शुभम त्रिपाठी, अखिल बाजपेई, देवेश पांडे, प्रधान डिगसरा प्रेम नारायण, मोहित त्रिवेदी भगवान राम की आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनने के लिए क्षेत्र व ग्राम वासियों का जन समूह उमड़ पड़ा। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम ने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा तो वह आवाज उनके गुरु भगवान शिव के धनुष के टूटने की थी और वह धनुष मिथिला नगरी में तोड़ा गया था। परशुराम तुरंत ही जनकपुरी पहुंचे और राजा जनक को खरी खोटी सुनाने लगे। परशुराम के क्रोध भरे वचन लक्ष्मण से सहन नहीं हुए और यहीं से लक्ष्मण परशुराम संवाद प्रारंभ हो गया। इसके बाद राम सीता का विवाह कराया गया। जिसमें गांव की महिलाओं ने मंगल गीत गाकर कन्यादान की रश्में निभाई। परशुराम की भूमिका में राम नारायण मिश्रा कानपुर, लक्ष्मण की भूमिका में रामजी पांडे कानपुर, श्री राम की भूमिका रजनीश त्रिपाठी मानीमऊ रहे।

---

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै अभिषेक कुमार सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी-बैरीसालपुर, निगोहाँ, जनपद लखनऊ। मेरे हाईस्कूल का प्रमाण पत्र/अंकपत्र स्कूल संत फ्रांसिस स्कूल निगोहाँ लखनऊ से 2014 मे परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक नम्बर 1420931 वास्तव में खो गया है।

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी कार्यालय उतरौला द्वारा पत्रांक 780/र0का0( गांव सभा मत्स्य पालन आवंटन ज्ञाप) 2024-25 के समाचार पत्र 25 सितंबर के प्रशासन में क्रमांक 34 पर ब्लॉक गैण्डास बुजुर्ग राजस्व ग्राम कैथोलिया सलेमपुर गाटा संख्या 340 की जगह 348 तथा रकबा 1.002 हेक्टेअर की जगह 1.902 हेक्टेयर पढ़ा जाए।

उप जिलाधिकारी, उतरौला

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइट कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा फैजाबाद स्थित की तरफ से सूचित किया जाता हैं। कि आकाश गुप्ता सुत स्व. दया शंकर गुप्ता, निवासी-2245/1G बम बहादुर कोचिंग गली 1, शास्त्रीनगर सिटी सुलतानपुर द्वारा ऋण हेतु आवेदन किया है। जिसमें बैनामा दिनांक 09.02.1994 ई0 बही संख्या 01, क्रमांक सं0 1132 जिसे मोहम्मद हलीम सुत मोहम्मद अजीम, निवासी- ग्रा0 व पो0 भादर तहसील व जिला अमेठी के हरीश चन्द्र अग्रवाल सुत स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल के पक्ष में विक्रय किया था कही खो गया है को बंधक रखने हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति बधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशित के 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति अधोहस्तक्षरी समक्ष प्रस्तुत कर दे अथवा यह मान लिया जायेगा कि व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को कोई की आपत्ति नहीं हैं।

सचिन शंकर (एड्वोकेट)
शेड नं0- 03, सिविल कोर्ट फैजाबाद, अयोध्या।
मो.न:-8299765176

**आज का मौसम**

बुधवार को दिन भर कड़ी धूप रहने की संभावना है।

| 32.0° | 22.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06:07 | सूर्यास्त 05:41 |

# जंगला तोड़कर 10 लाख के जेवरात-नकदी ले गए चोर

## हसेरन के नगरिया में हुई वारदात, खाली बक्सा छोड़कर भागे

संवाददाता, तिर्वा/सौरिख

**अमृत विचार।** अभी सर्दी की दस्तक ही हुई है, लेकिन चोरों ने सक्रियता बढ़ा दी है। सोमवार की रात चोरों ने एक घर के बाहर दीवार पर लगा जंगला तोड़कर कमरे से जेवरात और नकदी समेत करीब 10 लाख का माल पार कर दिया। इस दौरान सो रहे परिजनों को घटना की भनक तक नहीं लगी। सुबह घर के लोगों ने अलमारी, बक्सा खुला पड़ा देखा तो चोरी का पता चला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हसेरन के नगरिया मोहल्ला निवासी नीरज मिश्रा पुत्र राज नारायण उर्फ रंजन मिश्रा के घर सोमवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया। पीछे दीवार में लगे जंगले को हटाकर कमरे में घुस गए। वहीं रखी अलमारी को खोलकर जेवरात चोरी कर लिए। जेवर वाला बक्सा लेकर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह खाली बक्सा मकान से 100 मीटर की दूरी पर किसान सेवा सहकारी समिति की बाउंड्रीवाल के पास मिला।


इसी जंगले को तोड़कर की गई चोरी। अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालय के किचन से चोरी

**सौरिख।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ईशमपुर में सोमवार रात चोरों ने किचन का ताला तोड़कर सिलेंडर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया, जिसका वीडियो वायरल हो गया है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह विद्यालय पहुंचे तो रसोईघर का ताला टूटा था। एक सिलेंडर समेत अन्य सामान चोरी हो गया है। सीसीटीवी कैमरे में चोर चोरी करते हुए कैद हुए हैं। चोर गमछा से मुंह बांधे हुए थे। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

घटना के समय घर के लोग दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। सुबह जागे और झाड़ू लगाते समय कमरे की तरफ गए तो देखा कमरे का सामान बिखरा पड़ा देखा अलमारी खुली देख चोरी की सूचना यूपी112 व चौकी पुलिस को दी। इधर, आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। नीरज मिश्रा के बड़े बेटे दीपांशु ने बताया कि एक हार, चूड़ी सेट, अंगूठी, दो कमर पेटी, मंगलसूत्र, पायल के अलावा करीब 65 हजार रुपये की चोरी हुई है। तकरीबन 10 लाख की चोरी बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मेन मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## प्रेमिका ने दी फांसी लगाने की धमकी

**सौरिख।** कस्बा निवासी प्रेमिका ने प्रेमी के घर पहुंच कर शादी करने के बाद भी साथ न रखने के आरोप लगाए। घर में न रखने पर फांसी लगाकर जान देने की धमकी देते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परेशान परिजनों ने पुलिस को बुलाया। पुलिस प्रेमिका को थाने पहुंचकर मामले की शिकायत करने की बात कह रही है लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार नहीं हैं।

एक युवक के घर उस समय हड़कंप मच गया जब प्रेमिका लाल साड़ी पहनकर एवं पूरा श्रृंगार कर उसके घर पहुंच गयी। वर्ष 2019 में राजस्थान के बालाजी मंदिर में शादी करने के भी आरोप लगाए हैं। प्रेमिका का कहना है कि इस संबंध में वर्ष 2023 में प्रेमी राहुल दुबे के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। प्रेमिका का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व आरोपी ने घर में रखने के लिए कहा था। जब युवक के परिजनों ने युवती से घर से निकलने को कहा तो वह फांसी लगाने की धमकी देने लगी। कई घंटे तक चले हंगामे के बाद पहुंची पुलिस ने समझाने का प्रयास किया। और थाने में चलकर शिकायत करने की बात कही। लेकिन प्रेमिका तैयार नहीं हुई। इससे पुलिस लौट गई। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेशों का पालन किया जाएगा।

# एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराई, 25 घायल

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ से 50 यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे बस में सवार 20 यात्री घायल हो गए। पांच यात्री मामूली रुप से घायल हुए। गंभीर घायलों को मेडिकल कालेज तिर्वा और अन्य घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर के पिंटू पार्क बच्चा बिहार कालोनी निवासी चालक नीलकमल उर्फ नीरज डबल डेकर बस में 50 यात्रियों को लखनऊ से बैठाकर दिल्ली जा रहा था। सोमवार की देर रात चालक बस लेकर तालग्राम थाना क्षेत्र के किमी. संख्या 165.500 तिलकापुर गांव के निकट पहुंचा उसी समय उसे नींद की झपकी आ गई। इससे बस बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में करीब 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि पांच यात्रियों को मामूली चोटें आई।

सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया, एक्सप्रेस-वे के सहायक सुरक्षा अधिकारी आरपी कनौजिया ने यूपीडा और डायल 108 और 102 एम्बुलेंस से 14 घायल यात्रियों को तालग्राम सीएचसी में भर्ती कराया। जबकि गंभीर रूप से घायल छह यात्रियों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया।

वहीं तालग्राम सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद पांच यात्रियों को भी गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जबकि अन्य यात्रियों को दूसरे वाहन से गंतव्य तक भेजा गया।


एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर से दुर्घटनाग्रस्त बस को हटाती हाईड्रा। अमृत विचार

### बस में सवार ये यात्री हुए घायल

**गुरसहायगंज।** डवल डेकर बस में सवार घायल दिल्ली निवासी सौरभ (27), कासगंज के सहावर निवासी राजि अहमद (36), हरियाणा के झज्जर निवासी किरन देवी (26), नेहा (18), रिंकू (19), नई दिल्ली के नेपसराय निवासी उदय अग्रवाल (46), दिल्ली के संतनगर निवासी नेहा (30), लखनऊ के अलीगंज निवासी सिद्धार्थ सिंह (21), हर्ष (24), लखनऊ बंथरा निवासी रिया (24), अंबेडकर नगर निवासी धीरेंद्र मिश्रा (45) 12-शिवांशु (18) पारीक्षा कालोनी झांसी, ग्वालियर निवासी नील कमल (38), लखनऊ के कुर्वांचल नगर कालोनी निवासी आनंद कुमार (23), प्रतापगढ़ के ननौती निवासी दीपक (40), लखनऊ के तालकटोरा निवासी रूचि (26), नई दिल्ली नेपसराय निवासी प्रीति अग्रवाल (44), लखनऊ के आलमबाग निवासी प्रिया सोनी (31), लखनऊ के निशातगंज निवासी फहेबा (26), आजमगढ़ के रोनापर निवासी प्रशांत (26) घायल हो गए।

## एक नजर

### सौरिख, सकरावा के थानाध्यक्ष बदले

**कन्नौज।** एसपी ने सौरिख, सकरावा थाना समेत तीन इंसपेक्टर व एक दरोगा का कार्य क्षेत्र बदल दिया है। मंगलवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने सकरावा थाने के प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा को सौरिख का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। सौरिख के प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह को मॉनिटरिंग सेल भेजा है। मॉनीटरिंग सेल के प्रभारी रहे दिनेश कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक सौरिख बनाया है। नौरंगपुर चौकी के प्रभारी प्रमोद कुमार तिवारी को थाना सकरावा भेजा गया है।

### टेंपो में मोबाइल चोरी

**सौरिख।** टेंपो पर सवार होकर बाजार से घर जाते समय युवक का मोबाइल चोरी हो गया। युवक ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी विकास पुत्र शिवरतन सिंह सौरिख में बाजार करने के बाद टेंपो पर सवार होकर घर जा रहा था। रास्ते में चोर ने जेब में रखा मोबाइल चोरी कर लिया। घर पहुंचने पर जब मोबाइल गायब मिला तो युवक के होश उड़ गए। उसने मोबाइल में महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक खाते की जानकारी होने की बात कहते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### फसल उठाने के विवाद में लाठी-डंडे से पीटा

**सौरिख।** खेतों पर धान की फसल कटी पड़ी फसल उठाने का विरोध करने पर युवक को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। नादेमऊ चौकी क्षेत्र के भानपुर गांव निवासी किसान सत्यपाल पुत्र भजन लाल पड़ोसी गांव जगदीशपुर निवासी युवक का बटाई पर खेत लिए हुए है। उसने धान की फसल काट कर खेत में ही लगा दी थी। तभी जगदीशपुर गांव निवासी कुलदीप पुत्र गंगा चरन रात के अंधेरे में आकर फसल को उठाने लगा। जानकारी होने पर जब किसान ने विरोध किया तो इसी बात से नाराज युवक ने किसान को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### माता फूलमती मंदिर में हवन और भंडारा आज

**कन्नौज।** शहर के सिद्धपीठ माता फूलमती मंदिर में 16 अक्टूबर बुधवार को सुबह 09 बजे से 11 बजे तक नवरात्र का हवन पूजन किया जायेगा। इस के बाद भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी शिखर मिश्रा ने बताया कि भक्त आरती में शामिल होकर प्रसाद लें।

# किशोरी से रेप प्रकरण में 18 को आरोपों पर बहस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **दो पूर्व ब्लॉक प्रमुख व पीड़िता की बुआ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई कोर्ट में पेशी**
- **बचाव पक्ष ने बहस के लिए मांगा लंबा समय, शासकीय अधिवक्ता ने की जिरह**

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म मामले में फंसे पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव, उनके भाई वीरपाल सिंह उर्फ नीलू यादव और पीड़िता की बुआ तीनों आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। आरोपों पर बहस के लिए 18 अक्टूबर का समय मुकर्रर किया गया है। हालांकि बचाव पक्ष ने लंबा समय मांगा इस पर अभियोजन ने जिरह की।

सोमवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव की कोर्ट में दुष्कर्म के आरोपी व सह आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। बताया गया है कि बचाव पक्ष ने पेपर की नकल मांगी थी। ये कागज मंगलवार को उनको रिसीव कराए गए। शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 18 अक्टूबर का समय दिया है।

अगली सुनवाई में आरोपों पर बहस होगी। बताया गया है कि कानपुर से आए बचाव पक्ष के अधिवक्ता आशुतोष मिश्र आदि ने कोर्ट से बहस के लिए लंबा समय मांगा, इसको लेकर शासकीय अधिवक्ता ने अपनी बात भी रखी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीन दिन का समय दिया गया है।

# सपा ने पूर्व राष्ट्रपति की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपाइयों ने पार्टी कार्यालय पर पूर्व राष्ट्रपति की जयंती पार्टी कार्यालय पर मनाई। उनके चित्रपर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस के बाद पार्टी की बैठक हुई।

पार्टी कार्यालय पर पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती जिलाध्यक्ष कलीम खान की अध्यक्षता में हुई। विधानसभा अध्यक्ष पीपी सिंह बघेल भी रहे। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव एवं पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डा. अब्दुल कलाम साहब चित्र पर माल्यार्पण करके की गयी।


इसके बाद मासिक बैठक में पार्टी के दिशा निर्देशों से अवगत कराया। इस अवसर सपा नेता बउअन तिवारी, प्रदेश सचिव आकाश शाक्य एवं सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर जुटनें एवं लोगों के सुख दुख में लगातार शामिल होते रहनें के लिए प्रेरित किया। उन्होनें कहा कि लोकसभा चुनाव की जीत जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी को बढ़ाती है इसलिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने क्षेत्र में लोगों के बीच सकारात्मक रूप में सक्रीय भूमिका में रहना चाहिये एवं अधिक अधिक संख्या में लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करनें का काम करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नेम सिंह यादव ने किया एवं जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, रजनीकांत यादव, यश दोहरे अंशुल, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, संतोष यादव, शकील अहमद, भोले कुरैशी, नाजिम खान, शुभम मिश्रा, भानू गुप्ता उपस्थित रहे।


पार्टी कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति की जयंती के दौरान मौजूद सपाई।

## सार-संक्षेप

### स्टाफ नर्स ने डॉक्टर प्रेमी से प्रताड़ित होकर दी थी जान

**तिर्वा।** स्टाफ नर्स के फंदा लगाकर आत्महत्या करने के मामले में नया खुलासा हुआ है। उसने लखनऊ के सरावनी हॉस्पिटल के डॉ.अरसद की प्रताड़ना से आहत होकर जान दी थी। स्टाफ नर्स के भाई की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर मेडिकल कालेज के टाइप थ्री आवास में रहने वाली एनएचआरएम की स्टाफ नर्स ने दो दिन पहले अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। प्रारंभिक छानबीन में आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी थी। मामले की सूचना पर हरदोई जनपद से यहां पहुंचे स्टाफ नर्स के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन की लखनऊ के सरावनी हास्पिटल में काम कर रहे डॉ.अरसद से बातचीत हुआ करती थी। दोनों लोग आपस में विवाह करने के लिए तैयार थे। भाई का आरोप है कि बहन नहीं जानती थी कि डॉ.अरसद उसे धोखा दे रहा है। एक सप्ताह से दोनों के बीच कड़वाहट चल रही थी। डॉ.अरसद उसकी बहन का उत्पीड़न कर रहा था। डॉ.अरसद के धोखा देने से आहत होकर बहन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।


सरायमीरा के काली दुर्गा मंदिर में सीओ सदर को ज्ञापन सौपते हिंदू संगठन के नेता।

### बहराइच कांड में हत्यारोपियों पर हो सख्त कार्रवाई


**कन्नौज।** बहराइच में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान हिंदू युवक को बंधक बना कर हत्या करने के मामले में कार्रवाई के लिए योगी सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। सीओ सदर को ज्ञापन देकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को योगी सेना के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी पवन पाण्डेय व जिलाध्यक्ष गोपाल पाण्डेय की अगुवाई में कई हिंदू संगठनों के नेता काली दुर्गा मंदिर पहुंचे। यहां पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए हत्यारोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी के अलावा फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। हिंदू नेताओं ने कहा कि विसर्जन यात्रा के दौरान एक ब्राह्मण युवक की हत्या कर दी गई जो सरासर गलत है। इस जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाये।

### लापरवाही में दो सिपाही, एक होमगार्ड पर रिपोर्ट

**तिर्वा।** पुलिस अभिरक्षा से वारंटी के फरार होने के मामले में लापरवाही को लेकर दो सिपाहियों समेत तीन पर कोतवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इससे पहले दोनों सिपाहियों को एसपी ने निलंबित कर दिया था जबकि होमगार्ड पर कार्रवाई के लिए जिला कमांडेंट को लिखा है। आबकारी अधिनियम के तहत कस्बा के बौद्ध नगर निवासी गौतम का न्यायालय में मामला विचाराधीन चल रहा है। न्यायालय के समक्ष पेश न होने पर गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इस पर पुलिस ने उसे दो दिन पहले गिरफ्तार कर लिया था। कोतवाली की हवालात में उसने पास में लगी खिड़की में सिर मार खुद को घायल कर लिया था। पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। ठीक होने पर उसे कोतवाली लाया गया।रविवार की देर शाम वह शौच के लिये लाकअप से निकाला गया पर पुलिस को धक्का देने के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने उसे 15 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस अभिरक्षा से वारंटी फरार होने के मामले में बंदी सुरक्षा ड्युटी पर लगे सिपाही प्रदीप कुमार, जीडी पर काम कर रहे सिपाही विनोद कुमार, संतरी पहरा पर तैनात होमगार्ड मूलचंद्र की लापरवाही मानते हुए तीनो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की विभागीय जांच सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई को दी गई है। दोनों सिपाहियों को एसपी अमित आनंद ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था जबकि होमगार्ड जवान पर कार्रवाई के लिये विभाग के उच्च अधिकारी को लिखने की बात कही।

### दरोगा का शव गांव पहुंचा तो मच गई चीख-पुकार

**सौरिख।** एटा जनपद के जैथरा थाने में तैनात उपनिरीक्षक का शव देर शाम गांव पहुंचते ही परिवार में चीखपुकार मच गई। वह सरकारी काम से मैनपुरी गए थे जहां उनकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। सकरावा थाना क्षेत्र के नगरिया सुख निवासी मुन्नू सिंह उपनिरीक्षक के पद पर एटा जनपद के जैथरा थाने में तैनात थे। सोमवार को वारंट तामीला के लिए मैनपुरी जनपद गए थे। वहां तबीयत खराब हो गई तो प्रधान हॉस्पिटल मैनपुरी में भर्ती कराया गया था। परिजन भी पहुंच गए। हालत में सुधार न होने पर कानपुर रेफर किया गया था। कानपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम शव गांव पहुंचा तो परिवार के लोग बदहवास हो गए। पत्नी ऊषा देवी की चार माह पहले मौत हो गई थी। उनके तीन बेटे व दो बेटियां हैं।


दरोगा मुन्नू सिंह।

# बहन से विवाद के बाद इंटर की छात्रा लापता

संवाददाता, छिबरामऊ

- **काली नदी पुल पर चप्पल और दुपट्टा पड़ा मिला, तलाश तेज**

**अमृत विचार।** मोबाइल फोन चलाने को लेकर बहन से हुए विवाद के बाद छात्रा नाराज होकर निकल गई। खोजबीन के बाद उसका दुपट्टा और चप्पल काली नदी पुल के पास मिलने पर पुलिस प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। फिलहाल उसका कोई सुराग नहीं लगा है।

कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर लोधपुर निवासी बृजेश कुमार की 19 वर्षीय पुत्री अनामिका राजपूत इंटर की छात्रा है। बताया जा रहा है कि मोबाइल फोन चलाने को लेकर बहनों में कुछ विवाद हो गया था। इससे नाराज होकर वह सोमवार की सुबह 3 बजे घर पर किसी को बताए बगैर निकल गई। काफी खोजबीन के बाद उसका कुछ पता न चलने पर परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। खोजबीन के दौरान पिता को कोचिंग जा रही कुछ छात्राओं ने बताया कि दुपट्टा और चप्पल काली नदी पुल पर पड़ी हैं, जिसे देखते ही पिता ने पहचान लिया। मामले की जानकारी होते ही पुलिस ने काली नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया।

# संग्रहालय की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **जिलाधिकारी ने 50 लाख रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा की**

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को लेकर बैठक हुई। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने संग्रहालय की स्थापना के कार्य में गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड निर्माण इकाई से कहा कि सुधार करें। फिनिशिंग का अवशेष कार्य जल्द पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने राजकीय पॉलीटेक्निक तिर्वा में आवासीय भवनों के निर्माण में फर्म को निर्माण सामग्री की टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराने, आईटीआई कन्नौज के कैंपस के आंशिक कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खंड से कहा कि आईटीआई में आधुनिक कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कक्ष को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू करें जिससे बच्चों का अच्छे से प्रशिक्षण कार्य शीघ्र शुरू हो सके।

डीएम ने सीएचसी कन्नौज में पब्लिक हेल्थ, यूनिट का निर्माण कार्य, पीएचसी निजामपुर का निर्माण कार्य, क्षेत्रीय पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान अनौगी के कार्यों मे तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यदायी संस्था से समधन पुनर्गठन पेयजल योजना में 01 नग नलकूप की भूमि उपलब्ध न होने के कारण जो निर्माण कार्य बाधित है, उसका निस्तारण शीघ्र किया जाए। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीर सिंह उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**सुधरेगी व्यवस्था** — जिले के नए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संभाला कार्यभार, मीटिंग हाल में स्टाफ और सीएचसी प्रभारियों से मुलाकात

# स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी पर होगा फोकस : स्वदेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नये सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने कार्यालय पहुंच कर मंगलवार को चार्ज संभाल लिया है। इस मौके पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। बाद में परिचय किया। इस दौरान कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने पर फोकस करेंगे।

मंगलवार को सीएमओ तीन बजे के करीब कार्यालय पहुंचे। कार्यालय के गेट पर अपर शोध अधिकारी वाई के मंजुल व अन्य कर्मचारियों ने बुके देकर उनका व उनकी पत्नी का स्वागत किया। इसके बाद वह कार्यालय के कक्ष में पहुंचे जहां मौजूद चीफ फार्मासिस्ट मान सिंह प्रजापति व अन्य कर्मचारियों ने बुके देकर स्वागत किया। चार बजे के बाद पूरे जिले के एमओआईसी कार्यालय पहुंचे जहां मीटिंग हॉल में कार्यालय स्टाफ व सीएचसी के प्रभारियों से परिचय किया गया।

इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए सीएमओ ने कहा कि शासन की योजनाओं को वह वरीयता के आधार पर लेंगे। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का आने का समय तो निर्धारित है पर जाने का समय निर्धारित नहीं है। स्वास्थ्य विभाग तनमन से जनता की सेवा करता है। इस मौके पर प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव से उन्होंने चार्ज लिया। इस मौके पर सभी एसीएमओ व अन्य डाक्टर मौजूद रहे।


कार्यालय के गेट पर नये सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता का स्वागत करते अपर शोध अधिकारी वाई के मंजुल। अमृत विचार

### मोदी-योगी की फोटो लगवाई जाए

- नये सीएमओ मंगलवार को चार्ज लेने अपने कार्यालय पहुंचे। कक्ष में प्रवेश करते ही उनको महापुरुषों की फोटो कार्यालय के दीवार पर लगी दिखी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की फोटो नहीं दिखी। इस पर उन्होंने तत्काल कहा कि जल्द फोटो लगवा दी जाए।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# टावर का कार्ड चोर गिरफ्तार

**छिबरामऊ।** कोतवाली पुलिस ने टावर से अजना कार्ड चोरी करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि नेहरू कालेज के पास लगे टावर से अजना कार्ड चोरी होने का मुकदमा दर्ज हुआ था। मंगलवार को एसआई राम मनोज व बृजपाल ने शकील उर्फ संदीप निवासी फतेउल्लापुर (बिजौर) थाना लोहियानगर जिला मेरठ को एक अजना कार्ड व दो रिंच/पाना के साथ बाबूसिंह पीजी महाविद्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शकील ने बताया कि घटना में संबंधित दो अन्य साथी यामीन व जाहिद निवासी फफूड़ा थाना खरखौदा मेरठ है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वाणिज्य कर की कम वसूली पर जिलाधिकारी हुए नाराज

## स्टांप एवं निबंधन विभाग की राजस्व प्राप्ति भी लक्ष्य से कम पाई गई

संवाददाता, फर्रुखाबाद



जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह कर अधिकारियों के साथ करेत्तर की समीक्षा बैठक के दौरान कई निर्देश दिए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली क्रमिक लक्ष्य से कम पाई गई जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये व तम्बाकू पर टैक्स चोरी रोकने के निर्देश दिए। स्टांप एवं निबंधन विभाग की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई स्टांप चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये। परिवहन विभाग को अवैध बसों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया। फर्रूखाबाद व कायमगंज मंडी के लक्ष्य को बढ़ाने के लिये निदेशक को पत्र लिखने के लिये अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया।

मंडी में जितनी भी फर्जी फर्मे है उनके निरस्तीकरण की कार्यवाही करने व प्रवर्तन का कार्य बढ़ाकर टैक्स चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये निर्देशित किया गया। खनन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गईए नगर पालिका फर्रुखाबाद की बसूली कम पाई गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अपर उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे खाई में पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** सड़क किनारे खाई में पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव । घंटो पुलिस ने कराई शिनाख्त, नहीं हुई कोई जानकारी, पुलिस ने भरा पंचनामा।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र गांव सिरमौर बांगर की पुलिया के निकट फर्रुखाबाद रोड पर मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी की जयपाल फौजी निवासी ग्राम सर्मोड़ा बांगर के खेत के पास सड़क किनारे एक अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा है। सूचना पाकर थाना पुलिस के चीता मोबाइल के कांस्टेबल किरण पाल तथा सुग्रीव कुमार मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन कोई भी जानकारी नहीं हो सकी। जिसके बाद गांव सिरमौर बांगर के ही निवासी सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान से थाना पुलिस ने बतौर सूचना तहरीर के आधार पर हलका इंचार्ज हेमंत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। थाना पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के प्रयास हो रहे हैं।

# लोहिया में सैंपल के लिए 3 घंटे भटके दंपति

संवाददाता, फर्रुखाबाद



मां लक्ष्मी बच्चे हिमांशु को गोद में लिए हुए।

**अमृत विचार।** थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चे के माता-पिता लोहिया अस्पताल में ब्लड सैंपल निकलवाने के लिए 3 घंटे जूझते रहे। जिसके बाद बच्चे का सैंपल लिया जा सका।

थाना कादरीगेट क्षेत्र के आवास विकास स्थित लोहिया जिला अस्पताल में मंगलवार को थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित बच्चों को लेकर थाना कम्पिल के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी जगवीर अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ 16 माह के पुत्र हिमांशु को लेकर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। और बच्चे को भर्ती कर दिया। भर्ती करने के बाद बच्चों को खून की जरूरत पडऩे पर खून का सैंपल लेने के लिए दंपति 3 घंटे इमरजेंसी से लेकर दूसरी मंजिल तक दौड़ते रहे। लेकिन किसी ने उनका खून का सैंपल नहीं निकला। थक हार कर वह ब्लड सेंटर के अंदर पहुंचे। वहां पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मी में बताया की पुत्र का सैंपल लेकर आ जाओ तो रक्त मिल जाएगा। लगभग 3 घंटे मशक्कत करने के बाद बहुत मुश्किल से इमरजेंसी में डॉक्टर अभय श्रीवास्तव की दखल देने के बाद सैंपल निकल गया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अशोक प्रियदर्शी सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में अभी नहीं आया है। अगर ऐसा हुआ है तो गलत हुआ है। स्वास्थकर्मी की लापरवाही होगी उसको नोटिस दिया जाएगा।

- **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा मामला संज्ञान में नहीं**



डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में तीमारदार जमीन पर बैठे रहते। अमृत विचार

## अब लोहिया अस्पताल में मरीज के साथ नहीं दिखेगी तीमारदारों की भीड़

**फर्रुखाबाद।** डॉ0 राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय में अब मरीज के साथ तीमारदारों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ेगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने एक मरीज के साथ एक तीमारदार रहने की व्यवस्था की है। इसके लिए अस्पताल में मरीजों के लिए वार्ड पास बनाने की योजना बनाई है।

योजना के मुताबिक मरीज के तीमारदार को कार्ड दिखाने के बाद ही वार्ड में प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाएगा। चिकित्सालय में अगर गुटखा, पान, तंबाकू खाते पकड़े गए तो 200 रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा। बिना कार्ड के वार्ड में प्रवेश वर्जित है। अब यह व्यवस्था कुछ ही दिनों बाद लोहिया अस्पताल में देखने को मिलेगी। यह कार्ड निःशुल्क होगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया है। कि यह व्यवस्था जल्द ही लागू की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा नवविवाहिता ने दी जान

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** बीते रात घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता फांसी पर झूल गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने थाने में तहरीर दी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के नयागनीपुर निवासी शिवा राठौर का विवाह पांच माह पूर्व जनपद हरदोई के थाना पाली के गांव सरसई निवासी लालाराम की पुत्री से हुआ था। पिता लालाराम के अनुसार उनकी पुत्री को मायके से तीन.चार दिन पूर्व ही उसका पति शिवा राठौर लेकर गया था। उन्होंने बताया कि जब से शादी हुई थी तो पीड़ित पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। जिससे ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे और बेटी के साथ मारपीट करते रहते थे। जिससे आहत होकर उसने बीती रात घर के कमरे में कुंडे पर साड़ी का फंदा डालकर फांसी पर झूल गई।

- **मृतका के पिता ने लगाया दहेज हत्या का आरोप**

वहीं शिवा राठौर के परिजनों के मुताबिक पति-पत्नी दोनों कमरे में सोए हुए थे। रात में किसी समय पत्नी फांसी के फंदे पर झूल गई । जब पति शिव ने देखा तो पत्नी फांसी के फंदे पर लटक रही थी तो वह चीख पड़ा। चीख पुकार की आवाज सुनकर अन्य परिजन भी जाग गए और पीड़िता को अस्पताल ले गए। साथ ही पिता लालाराम को फोन द्वारा सूचना दी । अस्पताल में महिला की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे पिता लाला राम ने थाना पुलिस को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति शिवा राठौर ससुर नरेश चंद्र राठौर तथा सास के विरुद्ध अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताडि़त करने के तहरीर दी । कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र तथा थाने के दरोगा राम सिंह ने मौके पर जांच-पड़ताल की।

# डांडिया नृत्य कर महिलाओं ने मचाया धमाल

संवाददाता, फर्रुखाबाद



सिंधी गरबा नाइट में नृत्य प्रस्तुत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिंधी समाज की महिला मंडल ने डॉक्टर मिर्ची लाल के बगीचा पुराना कोठा परचा में भारतीय सांस्कृतिक आधार पर सिंधी, गुजराती, पंजाबी वेशभूषा में दुर्गा माता की आराधना एवं संत झूलेलाल की आरती के साथ गरबा डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती बीना दुबे प्रधानाचार्य एवं श्रीमती लक्ष्मी डवानी ;मुखिया ने मां दुर्गा की आरती एवं संत झूलेलाल का पूजन बंधन किया।मुख्य अतिथि श्रीमती बीना दुबे ने सिंधी समाज द्वारा जागृति एवं भारतीय संस्कृतिएवं संस्कार युवाओं में देने के लिए सराहना की वर्तमान समय में यूरोपियन पश्चात देशों की संस्कृति जो डांडिया के नाम पर फुहड़पन है। वही पर भारतीय संस्कृति सिंधी पंजाबी गुजराती लोक संगीत में सिंधी समाज की महिलाएं जागृति का कार्य कर रही है । उन्होंने गरवा नाइट के भाव नृत्य प्रतियोगिता जिसमें भारतीय परिधान एवं भाव नृत्य संगीत में जजों द्वारा प्रतिभागियों बच्चों किशोरियों एवं वृध्द जनों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिए।

डांडिया गरबा नाइट में सिंधी समाज की महिलाएं पायल शिवानी, तनीषा बजाज, हर्ष बोरवानी, अंजू कृपलानी, रितु कृपलानी आदि महिलाओं ने रंग बिरंगी परिधान मोतियों से जड़े लहंगे जारी के लहंगे राजस्थानी गुजराती लहंगे भव्य नृत्य पर सर्वश्रेष्ठ डांडिया पुरस्कार दिए। वही बच्चों को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आध्यात्मिक एवं देशभक्ति के क्षेत्र में प्रश्न उत्तर की जवाब में ट्विंकल बुद्धवानी, ईशा लैगवानी, काजल, पूर्वा बुद्धवानी को पुरस्कार दिया गया। डांडिया में मां-बेटी रिंकी शर्मा, बेटी देवांशी को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती रजनी लौंगवानी, कोमल शर्मा, श्रीमती गरिमा लौंगवानी, मीणा कृपलानी, हर्षा बुद्धवानी, कोमल बुद्धवानी,भावना बुद्धवानी आदि महिलाओं ने समाज की नारी शक्ति का स्वागत किया और समाज में युवाओं में अच्छे संस्कार देने के लिए सामाजिक महिलाओं को जागृत किया। रजनी लौंगवानी ने सिंधी हिंदू सनातन संस्कृति को संरक्षण देने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम की सुंदर एवं भव्य व्यवस्था संजय शर्माए सुंदर दास, आत्माराम डवानी, ईश्वर दास शिवानी, रामेश्वर भेरवानी ने डांडिया मंडप की व्यवस्था की। कार्यक्रम का संचालन कोमल शर्मा ने सिंधी, हिंदी, गुजराती भाषा में सफलता पूर्वक किया। कार्यक्रम में लोकगीत आयो लाल झूलेलाल, दमा दम मस्त कलंदर अली का पहला नंबर,रंगीलो मारो ढोलना राजस्थानी गीत आदि लोकगीतों पर बच्चों युवाओं किशोरियों ने झूम झूम कर कार्यक्रम में समा बांध दी।

- **डांडिया में मां रिंकी शर्मा व बेटी देवांशी को सर्वश्रेष्ठ नृत्य का पुरस्कार मिला**

## सार-संक्षेप



हस्तशिल्प महोत्सव में लोगों की भीड़। अमृत विचार

### हैंडलूम महोत्सव में खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

**फर्रुखाबाद।** हैंडलूम हस्तशिल्प महोत्सव में दिनों दिन रौनक बढ़ती जा रही है। दिन के समय ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। शाम होते ही शहर के लोगों व युवतियों, महिलाओं, युवाओं तथा बच्चों का हुजूम उमड़ता दिखाई दे रहा हैं। फर्रुखाबाद हैंडलूम महोत्सव में उत्तर प्रदेश के जिलों के अलावा अन्य प्रदेशों के भी दुकानदार अपने-अपने स्टाल कपड़े, लुधियाना की गर्म होजरी, बच्चों के आकर्षक खिलौने, महिलाओं के लिए आर्टिफिशियल आभूषण व विभिन्न प्रकार के कॉस्मेटिक आइटम्स मौजूद है। महोत्सव में बृजवासी रेस्टोरेंट और फास्ट फूड सेंटर पर लोग लजीज व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं। महोत्सव में तमिलनाडु के पापड़ की विभिन्न प्रकार की बैरटियां मौजूद है इस काउंटर पर दूधिया हींग भी मौजूद है जो कि गुणवत्ता पर बेहद खरी है। हाथ की बनी हुई आकर्षक कालीने कम दामों पर उपलब्ध है। रिमोट से चलने वाली छोटी थार गाड़ी बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी है। अमेरिकन भुट्टा का स्टाल भी शहर के लोगों को अपनी और खींच रहा है।महोत्सव में फिरोजाबाद की मशहूर चूड़ी के काउंटर पर महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। महोत्सव के व्यवस्थापक गौरव दुबे सुशील ने बताया कि महोत्सव 10 नवंबर तक चलेगा।



हाजी अहमद अंसारी ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर फूल चढ़ाए। अमृत विचार

### डॉ. कलाम की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित हो

**फर्रुखाबाद।** भारत के 11वे पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव हाजी अहमद अंसारी के आवास खटकपुरा सिद्धकी पर आयोजित की गई। अध्यक्षता मास्टर महमूद एवम् संचालन पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सपा ओमप्रकाश शर्मा ने किया। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रदेश सचिव श्री अंसारी ने पूर्व राष्ट्रपति श्रीकलाम को देश की धरोहर बताया। जिला अल्पसंख्यक सपा महासचिव मुहाजिद अंसारी ने मांग की कि आज के दिन को सरकार सार्वजनिक अवकाश घोषित करे। सपा महिला मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष वीना शर्मा व अनीस अहमद अंसारी एड. ने कहा कि अब्दुल कलाम के नाम पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। मो.रफी अंसारी,कमल,सभाशद असलम अंसारी ने भी संबोधित किया। वहीं सपा महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई।

# बिजली पर अनुदान में लोगों को संशय

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के रेट पर दी गई छूट पर नगर की जनता द्वारा मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। सरकार द्वारा निर्धन वर्ग का आधा बिल माफ किये जाने को अधिकांश जनता ने ठीक बताया, लेकिन मध्य वर्ग के लोगों में छूट पर संशय की स्थिति रही।

लोगों का कहना था कि बिजली दरों में छूट सभी को मिलनी चाहिए। एपी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशोक रस्तोगी ने छूट पर संतोष जताया लेकिन प्रश्न किया कि मध्यम वर्ग को इस छूट का लाभ मिलेगा या नहीं। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ अरशद मंसूरी ने गरीबों को मिलने वाली छूट को सही बताया और आशा व्यक्त की कि सभी को इसका लाभ मिलेगा। प्रमुख किराना व्यापारी जयकिशन गुप्ता ने गरीब वर्ग की छूट पर सहमति जताई। किराना व्यापारी बालकिशन गुप्ता ने मध्यम वर्ग को छूट मिलेगी या नहीं इस पर संशय जताया। भाजपा नेता अमित राठौर ने प्रदेश सरकार के निर्णय को ठीक बताया। लोहा व्यापारी शिवम रस्तोगी ने छूट पर संतोष जताया व सरकार से मांग की कि जर्जर विद्युत व्यवस्था पर भी सरकार ध्यान दे। एच ओ एकेडमी के संरक्षक हरिओम रस्तोगी व प्रबंधक पंकज एवं पुनीत रस्तोगी ने गरीबों को मिलने वाले लाभ को ठीक बताया। संजय रस्तोगी ने मध्यम वर्ग के लिए रेट कम किये जाने पर जोर दिया। विद्या मंदिर महाविद्यालय के प्रो कुलदीप आर्य ने सरकार द्वारा किये जा रहे सुधारों पर संतोष जताया लेकिन क्षेत्रीय स्तर पर भंग विद्युत व्यवस्था पर असंतोष जताया।

- **बिजली के रेट पर दी गई छूट पर पब्लिक ने मिली-जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की**

## डॉ. अरशद मंसूरी ने 300 अल्पसंख्यकों को भाजपा से जोड़ा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** भाजपा के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी एवं समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी ने विशेष सदस्यता अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के नागरिकों को भाजपा का सदस्य बनाया। इस अवसर पर डॉ मंसूरी ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद फर्रुखाबाद में अब तक तीन सौ अल्पसंख्यकों द्वारा भाजपा की सदस्यता ली जा चुकी है।

# यूनिसेफ टीम ने गांवों में पहुंच की स्वास्थ्य जांच

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** स्वास्थ्य विभाग लखनऊ द्वारा संचालित टीम यूनिसेफ ने आज राजेपुर ब्लॉक के कई गांवो में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच की। टीकाकरण एवं कुपोषण की उपलब्ध कराई गई लिस्ट के माध्यम से गांव रतनपुर पमारान, चपरा, बड़ागांव परतापुर, अमैयापुरए रुलापुर एवं अमैयापुर पूर्वी में पहुंचकर जांच पड़ताल की।

टीम को कई खामियां नजर आईं। टीम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की स्थिति बेहद खराब है। इन क्षेत्रों में 25 से 30 प्रतिशत ही टीकाकरण किया गया है। जबकि शत् प्रतिशत टीकाकरण करना आवश्यक है। टीम के लोगों ने घर.घर जाकर कुपोषित बच्चों का वजन मापा गर्भवती महिलाओं से जानकारी ली ग्रामीणों से मिले और टीकाकरण के बारे में उनसे पूछताछ की। इस दौरान ग्रामीणों और गर्भवती महिलाओं ने बताया की एएनएम व आशा कार्यकत्री आती है गांव के किसी एक स्थान पर बैठकर ही पूरे गांव का टीकाकरण का कार्य करती हैं। जिसमें अनेकों गर्भवती महिलाएं मौके पर नहीं पहुंच पाती।

जलूस-ए-गौसिया

फातिहा ख्वानी के बाद महफिल-ए-शमां का आयोजन किया गया

# 11वीं शरीफ पर गागरों का जुलूस दरगाह हुसैनिया से निकला

संवाददाता, फर्रुखाबाद



दरगाह हुसैनिया से गागरों का जुलूस निकालते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला सूफी खा स्थित दरगाह हुसैनिया मुजीबिया से मंगलवार शाम को जलूस-ए-गौसिया शुरू होकर मुख्य मार्गो से निकाला गया जगह जगह जुलूस का स्वागत किया गया।हजारों की संख्या में लोग सिरो पर अकीदत की गागर लिए जुलूस में शामिल हुए। दरगाह झंडा शरीफ पर गागर पेश की गई। फातिहा ख्वानी के बाद महफिल-ए-शमां का आयोजन किया गया।

गयाहरवी शरीफ के मौके पर मंगलवार को दरगाह हुसैनिया मुजीबिया से दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद शाह फसीह मुजीबी व नायब सज्जादानशीन सैय्यद हिलाल मुजीबी की सरपरस्ती में अकीदतमंदों का हुजूम सिरों पर गागरे उठाए जुलूस ए गौसिया में शामिल हुआ। सैय्यद हस्सान मुजीवी,शहर काजी सैय्यद मुताहिर अली,मुतीबुल हुसैन मुजीबी ने शिरकत की। शुरुआत में मुख्य गागर 11 उठाई गई और मन्नती गागर 500 भी साथ में चल रही थी। बाद में गगारो की संख्या बढ़ती गई। अकीदतमंद मिट्टी के अलावा पीतल, तांबा चांदी की गागर सिर पर उठाए नंगे पैर कव्वाली की धुन पर झूमते हुए चले।

तिकोना, रकाबगंज, टाउन हाल तिराहा, कतरा बक्शी होता हुआ जुलूस देर शाम मोहल्ला सखावत हुसैन स्थित दरगाह झंडा बड़े पीर पर पहुंचा। शहर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए जुलूस का जगह-जगह इस्तकबाल किया गया। छतों से फूलों की वर्षा गागर के जुलूस पर की गई। दरगाह गौसुल आजम बड़े पीर साहब झंडा शरीफ पर गागर पेश हुई। यहां पर दरगाह शरीफ कमेटी के सचिव नदीम खा और मतीन खा ने जुलूस का इस्तकबाल किया। रिवायत के मुताबिक दरगाह शरीफ का तवाफ यानी परिक्रमा के बीच किया गया।मुन्ना मेहरबान ताज कव्वाल गौसूल आजम हजरत पीर साहब की शान में कलाम पेश किए। फातिहा खानी के बाद महफिलें शमा का आयोजन किया गया। कमेटी की ओर से झंडा शरीफ पर आकर्षक सजावट की गई। दरगाह शरीफ पर चिराग जलाकर मुरादे मांगने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।कई महिलाओं ने मुरादे पूरी होने पर दरगाह शरीफ पर पहुंचकर सोने चांदी के चिराग चढ़ाए। दरगाह शरीफ के आस पास पुलिस,खुफिया विभाग के लोग मुसातद रहे।

दरगाह के आस पास मेले जैसा माहौल नजर आया। मगरिफ की नमाज के बाद दरगाह झंडा शरीफ पर कुल शरीफ की महफिल हुई और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर शाह मुहम्मद वसीम मिया,हाफिज कारी शाकिर कादरी, सैय्यद अगजर अली,हाफिज कारी सैय्यद हारूनएसैय्यद मुजफ्फर अली, रशीद जीसी अली, हाफिज मोहम्मद हसीन आदि मौजूद रहे। इस मौके मुल्क की सलामती की दुआ मांगी गई।

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की जयंती मनाई

संवाददाता, फर्रुखाबाद




जयंती पर सपा नेताओं ने डॉ. कलाम के जीवन के बारे में बताया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी महानगर फर्रुखाबाद द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर सोता बहादुरपुर पांचाल घाट पर मनाई गइ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को नमन करते हुए कहा कि आदरणीय कलाम साहब हमारे देश के 11वें राष्ट्रपति हुए एवं उन्होंने देश को मजबूत करने के लिए कई मिसाइल बनाई। जिस कारण भारत उन्हें मिसाइल मैन के नाम से जानता है। कार्यक्रम प्रभारी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव यूनिस अंसारी ने कहा कि कलाम साहब एक जात के नहीं पूरे देश के महापुरुष है। जिलामहासचिव जहान सिंह लोधी ने उनकी जीवनी पर व्यापक प्रकाश डाला एवं सभी आगंतुको में मिष्ठान वितरण किया। रिजवान अहमद ताज, फजल मंसूरी, खुर्शीद खा, प्रवेश कटियार, जाहिद उर्फ जुम्मन, सत्यम अवस्थी आदि लोगों ने विचार रखे। कार्यक्रम में अब्दुल रहमान, रिंकू यादव, ऋषि अवस्थी, कुलदीप भारद्वाज आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया।

वहीं आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ द्वारा मनाई गई। जिला अध्यक्ष के साथ जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष सदर चंद्रेश राजपूत, सैनिक प्रकोष्ठ के सदस्यों एवं अन्य नेताओं के साथ डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा की डॉ एपीजे अब्दुल कलाम एक स्वतंत्र विचारधारा के व्यक्ति थे जिन्होंने देश के वैज्ञानिक युग में अपना बहुत बड़ा योगदान दिया। सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राम आधार सिंह यादव, बृजेश कुमार राव, राजेंद्र सिंह यादव, भूपेंद्र सिंह यादव, मुजिबुल हसन, मशहूर अहमद खान, विनीत परमार,नीलम सिंह चौहान , शिव शंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव, विमलेश शर्मा, बलराम सिंह यादव, कुलदीप सिंह आदि रहे।

# एक दिन की एसएसपी ने सुनीं समस्याएं

## अधिकारियों को दिए कई निर्देश, पति से परेशान पत्नी को भेजा महिला थाना

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार** । मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले की हाईस्कूल की टॉपर चौ. सुघर सिंह इटर कालेज जसवंतनगर की छात्रा शीतल को एक दिन के लिए एसएसपी बनाया गया। एसएसपी के रूप में शीतल ने कई समस्याएं सुनी और सम्बन्धित थानों को जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपनी समस्या लेकर आई सुनीता ने बताया कि उनकी शादी को सात साल हो गए हैं, उनके पति उन्हें साथ नहीं रखते हैं और खर्चा भी नहीं देते हैं। इस पर एक दिन की एसएसपी शीतल ने महिला थानाध्यक्ष से बात की और उनसे कहा कि परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से महिला के पति को बुलाकर मामला सुलझाने का प्रयास करें। यदि आपसी सहमति से मामले का निपटारा नहीं होता है तो मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जाए।


समस्याएं सुनती एसएसपी बनी चौ. सुघर सिंह इंटर कालेज की छात्रा शीतल।

इससे पूर्व एसएसपी कार्यालय में पहुंचने पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बुके देकर टापर छात्रा शीतल का स्वागत किया और उसे अपनी कुर्सी पर बैठाया। शीतल को पांच हजार की चैक भी दी गई। सबसे पहले फरियादी के रूप में उदी मोड़ के रहने वाले अरिवन्द कुमार आये उन्होंने बताया कि उनके साथ जा रहे एक व्यक्ति को उसके भाई ने गाड़ी से खींचकर मारा-पीटा। जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट कर दी गई। पुलिस ने तहरीर ले ली पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर शीतल ने थानाध्यक्ष बढ़पुरा को फोन पर निर्देश दिया कि इस मामले की तुरन्त एफआईआर दर्ज की जाए और दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

एक दिन की एसएसपी बनी शीतल ने कहा कि उनका मकसद आईएएस बनना है और उसी उद्देश्य को लेकर पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एसएसपी के रूप में कार्य करके उन्हें अच्छा लग रहा है और इससे अनुभव भी मिल रहा है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि छात्रा होशियार है और उन्होंने विभिन्न समस्याओं को बेहतर तरीके से सुना है तथा सम्बन्धित थानाध्यक्षों को निर्देश भी दिए हैं उनकी शुभकामनाएं शीतल के साथ हैं। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिह मौजूद रहे।

## दबंगों ने दंपति को पीट कर किया घायल

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लालपुरा में बच्चों को लेकर हुए विवाद के बाद दबंगों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। जब उसकी पत्नी उसे बचाने के लिए आई तो दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट की। मारपीट में दोनों को काफी चोटें आई। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उक्त मोहल्ला निवासी संतोष कुमार ने बताया कि उसके पुत्र का पड़ोसी के बच्चों के साथ खेलने को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद को लेकर मंगलवार को जब वह अपने घर पर था तभी पडोस के दबंग उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। बचाने के लिए उसकी पत्नी अनीता आई तो दबंगों ने उसे भी पीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उसके सिर में काफी चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल भिजवाया।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री ने जसवंत नगर में चलाया सदस्यता अभियान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार** । एमएलसी व प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने जसवंतनगर विधानसभा के सैफ़ई ब्लॉक अंतर्गत सैफ़ई मंडल के ग्राम छिमारा, जसवंतनगर द्वितीय मंडल के ग्राम हरकुपुरा व जसवंतनगर के नगर के रेलमंडी क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर सदस्यता अभियान चलाया। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए उन्हें भाजपा परिवार में जोड़ने का काम कर रहें है।

वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान 2024 में भाजपा ने मात्र डेढ़ माह में 8 करोड़ 74 लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। जो भाजपा के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम को दर्शाता है। भाजपा उत्तर प्रदेश संगठन द्वारा सदस्यता अभियान में 2 करोड़ 15 लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर अग्रणी भूमिका निभाई है। सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के कारण उत्तर प्रदेश की भूमिका भी बड़ी है।


भाजपा का सदस्यता अभियान चलाते एमएलसी अनूप गुप्ता।

सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, पूर्व प्रत्याशी विवेक शाक्य गुड्डू, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मण्डल अध्यक्ष अजय यादव बिंदु, प्रेम बाबू राजपूत, अजय यादव रेउजा, अमित मिश्रा, सुरेश गुप्ता उपस्थित रहे।

# खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार** । किसानों को इस समय डीएपी खाद की जरूरत है लेकिन खाद के लिए किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। डीएपी खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है जिसकी वडजह से किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। इसे लेकर भारतीय किसान संघ आक्रोशित है। भारतीय किसान संघ की ओर से मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

इस ज्ञापन में कहा गया है कि असमय वर्षा होने से किसानों की पकी हुई फसल नष्ट हो गई है और खेतों में जल भराव से भी किसानों की फसल को नुकसान है। इस नुकसान का सर्वे कराकार मुआवजा दिया जाए। इसमें यह भी कहा गया है कि किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रही है और खाद की कालाबाजारी की जा रही है। खाद के लिए जो निर्धारित मूल्य है उससे काफी अधिक कीमत किसानों को देनी पड़ रही है तब उन्हें खाद उपलब्ध हो पाती है।

इससे किसान परेशान हैं। संघ ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए । इसके साथ ही खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। अधिकारी मौके पर जाकर किसानों की समस्या सुने और उनका निदान करें तथा टेल तक पानी पहुंचाया जाए। इसके साथ ही गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की मांग भी की गई है। जिला अध्यक्ष राहुल तोमर, जिला मंत्री रविंद्र चौहान, महिला अध्यक्ष अरुणा भदोरिया, जिला प्रभारी शिवनंदन भदौरिया, राकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में संघ के कार्यकर्ताओं ने यह ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

# सादगी की प्रतिमूर्ति थे पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार** । भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति महान वैज्ञानिक डा एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती सपा कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करतें हुए सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा डा अब्दुल कलाम ने अपना सारा जीवन देश को समर्पित किया। वे बहुत उच्च शिक्षित थे। मुलायम सिंह यादव ने ही सर्वप्रथम उनका नाम राष्ट्रपति के लिए प्रस्तावित किया था। वे अपनी सादगी के कारण जाने जाते थे। उन्होंने अपनी सम्पूर्ण सेलरी बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित कर दी, वह एक सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने कई मिसाइलों से लेकर परमाणु बम बनाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सैफई में भी आगमन हुआ। अपने राष्ट्रपति काल में वह बच्चों के बीच भी काफ़ी सक्रिय रहें। जिला महासचिव वीरू भदौरिया, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, चच्चू शुक्ला, सिग्रेस यादव, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, सर्वेश शाक्य, अनीता यादव, उदयभान सिंह यादव, प रतन चौधरी, के के यादव , नफीसूल हसन अंसारी, राजीव दुबे, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, अब्दुल अंसारी, सीमा यादव, उमेश राजपूत डुल्ले, किशन यादव, नरेंद्र पाल, कमलेश चंद्र, जयवीर सिंह, महेश चंद्र, ज्ञानवती राठौर, मीरा गुप्ता, मालती यादव, शशी यादव, रामबेटी गोयल, मनीषा यादव, ऊषा प्रजापति, राजकुमार यादव, सीताराम कश्यप, प्रदीप सोनी, वी के यादव , दिनेश यादव, राजेंद्र निराला, असलम अंसारी, अनिरुद्ध सिंह, जैनुल अब्दीन आदि रहे।

## युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, गंभीर घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के गांव धरवार के रहने वाले 22 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई भेज दिया गया।

धरवार गांव के रहने वाले रमन कुमार का 22 वर्षीय पुत्र संजय राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कुरसेना गांव के पास हाईवे पार कर पैदल ही अपने गंतव्य की ओर जा रहा था कि अचानक किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे संजय घायल हो गया। घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## सार-संक्षेप



सांस्कृतिक प्रतियागिता का शुभारंभ करते प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह। अमृत विचार

### भाषण प्रतियोगिता में अंशुल एवं प्रतीक रहे अव्वल

**इटावा।** केके कालेज इटावा में शाकुंतलम सांस्कृतिक क्लब के तत्वावधान में वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई क्षमताओं को सबके सामने लाने और निखारने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराते हैं। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में भाषण प्रतियोगिता, ऑनलाइन शिक्षा : लाभ एवं हानियां विषय पर आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। निर्णायकों में प्रो उदयवीर सिंह, प्रो पदमा त्रिपाठी तथा डा शिमला तहसीन रहे। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों के आधार पर प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से अंशुल यादव एवं प्रतीक दुबे, द्वितीय अंजलि तथा तृतीय शेफाली को घोषित किया। भाषण प्रतियोगिता के संयोजक लेफ्टिनेंट प्रो सुनील सिंह सेंगर रहे। संचालन मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। द्वितीय सत्र में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। जिसकी संयोजक प्रो ओम कुमारी थीं। इस प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया जिसमें टीम सी ने प्रथम ,टीम डी ने द्वितीय तथा टीम ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज गुप्ता ,प्रो. रमाशंकर यादव , प्रो राजवीर सिंह, डा अनिल यादव, प्रो अनिल त्रिपाठी, डा सनोज यादव, डा सुशील कुमार, अनुपम मिश्र, डा जैनेन्द्र कुमार, डा धर्मेन्द्र कुमार, कौशलेंद्र यादव, अवधेश दुबे, अनूप मिश्र, डॉ. अभिषेक गौड़, नौशाबा आदि शिक्षक रहे।

### महिला की हत्या में 9 ससुरालियों पर एफआईआर

**बकेवर, इटावा।** पांच दिन पहले थाना क्षेत्र में गांव सराय मिट्ठे में नवविवाहिता का शव फांसी पर लटका मिला था। अब मृतका के पिता ने चार महिलाओं सहित 9 लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। कानपुर देहात में संचेडी थाना क्षेत्र में गांव कतरी के विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि बेटी रंजना का विवाह उक्त गांव के अतर सिंह से 26 मई 2023 को किया था। शादी के कुछ दिनों बाद अतिरिक्त दहेज में बाइक और एक लाख रुपए की मांग करने लगे। मना करने पर शारीरिक, मानसिक उत्पीड़न करते हुए 10 अक्टूबर को बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने पति अतर सिंह, सास सरोजनी देवी, देवर राजू व राकेश, देवरानी रानी व सीमा, ननद नीलम व ननदोई पंकज के अलावा मध्यस्थता करने वाले एहकारपुर के अनिल कुमार के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

### गैंगस्टर के मामले में तीन शातिरों को 5-5 साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश गैगेस्टर एक्ट ने एक पंद्रह साल पुराने गैंगस्टर के एक मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें 5-5 साल की सजा सुनाई और 5-5 हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार चकर नगर थाना पुलिस ने प्रमोद, दयानंद व बांके लाल निवासी अड्डा पाली घार के खिलाफ वर्ष 2009 को गैगेस्टर की कार्रवाई की थी। पुलिस ने उन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैगेस्टर की कोर्ट में हुई। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने प्रमोद ,दयानंद व बांके लाल को दोषी पाया और उन्हें पांच पांच साल की सजा सुनाई।

### एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाए 39 हजार रुपये

**इकदिल, इटावा** । टप्पेबाजों ने चकमा देकर युवक का एटीएम कार्ड बदलकर 39 हजार रुपये पार कर लिए। घटना की तहरीर दे दी गई है। है पुलिस छानबीन कर रही है। इकदिल थाना क्षेत्र में गांव नगला पीते में रहने वाले सतीश कुमार ने बताया कि बीते 27 सितंबर को नगर में स्टेट बैंक के सामने एटीएम पर रूपए निकालने गया था, एक हजार रुपये निकालने के बाद पीछे खड़े दो लोगों ने उन्हें कैंसल करने को कहा, चकमा देकर एटीएम कार्ड बदल लिया। एटीएम पिन भी देख लिया। जब घर चला गया उसके बाद उसके खाता से 39 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया तो उसने बैंक जाकर अपना एटीएम कार्ड बंद करवाकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था।


प्रतियोगिता का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य संजय शर्मा। अमृत विचार

# झंडी दिखाकर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार** । दो दिवसीय जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन दिवस पर प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष संजय शर्मा ने झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुरू कराई। अंत में विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिता में जसवंतनगर प्रथम, भरथना द्वितीय व तृतीय स्थान पर इटावा रहा।

सोमवार को राजकीय इंटर कालेज के मैदान में प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैंपियनशिप में शाटपुट, डिस्कस और लंबी कूद के अंडर 14 में चकरनगर के सुजीत जीते। अंडर-17 वर्ग के 100, 200 व 400 मीटर में प्रथम रहकर राजकीय इंटर कालेज की मोना चैंपियन बनीं। अंडर-17 बालक वर्ग में शाटपुट, डिस्कस और जैबलिंग में भरथना की सोनी यादव चैंपियन रहीं। अंडर 17 बालक वर्ग में जसवंतनगर के अनुराग 100 मी, लंबी कूद व त्रिकूद में अव्वल रहे। अंडर-19 बालक वर्ग में शाटपुट, डिस्कस और जैबलिंग में ताखा के सौरभ चैंपियन रहे। ओवरआल में 432 अंक पाकर जसवंतनगर प्रथम, 165 अंक पाकर भरथना द्वितीय व 150 अंक पाकर इटावा तृतीय स्थान पर रहा।

## मनरेगा आईडी बनाते समय प्रधान सचिव के हस्ताक्षर होने की मांग

**महेवा, इटावा।** ग्राम पंचायतों में आ रहीं समस्याओं तथा गौशालाओं के संचालन में दिक्कतों के बारे में ब्लाक क्षेत्र महेवा के प्रधानों ने बैठक की। जिलाध्यक्ष प्रधान संघ विजय प्रताप सिंह सेंगर ने बीडीओ के समक्ष मांग रखी कि मनरेगा आईडी बनाते समय प्रधान व सचिव के हस्ताक्षर जरूर होने चाहिए। भुगतान की प्रक्रिया वरीयता क्रम में सही तरीके से हो, गौशालाओं का भुगतान जल्द हो तथा गौशालाओं में अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करें। अधिकारी जब निरीक्षण करे तो प्रधान व सचिव को जानकारी दी जाए।

प्रधान प्रतिनिधि संजय तिवारी ने प्रधानों को स्वतंत्र कार्य करने तथा मनरेगा आदि का सही क्रम बनाने, सोमहरी अवस्थी ने सचिवों की रोस्टर में मौजूदगी की बात व ब्लाक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने ग्राम पंचायतों में ठेकेदारी प्रथा का समाप्त करने एवं प्रधानों व सचिवों को ही कार्य करने की बात रखी ।

# शानो-शौकत से निकला जुलूस-ए-गौसिया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार** । ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर वालियों के सरदार पीरान-ए-पीर दस्तगीर हज़रत सैय्यदना शैख़ मुहीउद्दीन अब्दुल कादिर जीलानी गौसे आज़म बगदाद शरीफ (बड़े पीर साहब) की याद में मंगलवार को अदब-ए-एहतराम और पूरी शानो-शौकत के साथ शहर में जुलूस-ए-गौसिया निकाला गया। जुलूस का जगह-जगह लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरआन आज़ाद नगर नई बस्ती से हाफिज़ ग़ुलाम मुहीउद्दीन ने कुरआन पाक की तिलावत की उसके बाद जमाअत-ए-रज़ाये मुस्तफा के सदर मौलाना उबेदुर्रहमान खां कादरी ने जुलूस को हरी झंडी देकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया।जुलूस के आयोजक कारी सरफराज आलम निज़ामी व अन्जुमन गुलामान-ए-हुसैन के सदर हाजी रहीस अहमद चिश्ती,जनरल सेक्रेट्री वाई के शफी चिश्ती आदि ने उलमाए-इकराम आदि का साफा पहनाकर व बैज लगाकर स्वागत किया।जुलूस का सबसे पहले नई बस्ती में वारसी ट्रैवल्स पर हाजी फईमुद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी व गौस मोबाइल सेंटर पर जुलूस में चल रहे उलमाए-इकराम का साफा पहनाकर स्वागत किया।उसके बाद जुलूस अपने पुराने रास्तों से गुज़रा दरी मोहल्ला,बजरिया,कटरा शहाब खां,उर्दू मोहल्ला,नोरंगबाद,पाचराहा व शाहगंज।में अज़हर अहमद आदि ने जुलूसे गौसिया में चल रहे उलमाए इकराम आदि का साफा पहनाकर,फूलों की माला पहनाकर व इत्र की खुशबू लगाकर गर्मजोशी से किया स्वागत। जुलूस के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर ज़िला प्रशासन,पुलिस प्रशासन के अलावा सभी लोगों का जुलूस के आयोजक कारी सरफराज आलम निज़ामी व वाई के शफी चिश्ती ने शुक्रिया अदा किया।जुलूस में मौलाना ज़ाहिद रज़ा,कारी शाहवाज़ अनवर,हाफिज़ मुहम्मद अहमद अकबरी,मौलाना जहाँगीर अशरफ,मौलाना तफवीज़ अहमद,कारी परवेज़ आलम,हाफिज़ कैफ़,हसीन अहमद अत्तारी,नाज़िम रज़ा,फ़ैज़ रज़ा कादरी,सरवर हुसैन,अरहम हुसैन,हाफिज़ अनवर,हाफिज़ गुलाम मुहीउद्दीन,हाफिज़ हारून आदि रहे।


जुलूस-ए-गौसिया में शामिल उलमाए-इकराम। अमृत विचार

**लगाई क्लास** विधान परिषद की समिति ने की कामकाज की समीक्षा, बिजली विभाग के जेई की जांच के आदेश दिए

# इटावा में तैनात डाक्टरों के लखनऊ में रहने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार** । जिले में आई विधान परिषद की वित्तीय व प्रशासनिक समिति ने कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान इटावा में तैनात डाक्टरों के लखनऊ में रहने पर नाराजगी जताते हुए उनकी जांच के लिए कहा। समिति ने बिजली विभाग में तैनात एक जेई की जांच के भी आदेश दिए।

विकास भवन के प्रेरणा सभागार में समिति के सभापित पवन सिंह चौहान, एमएलसी विजय शिवहरे, अरुण पाठक समिति ने इटावा ,औरैया ,फर्रुखाबाद के अधिकारियों के साथ जनवरी 2020 से 31 दिसंबर, 2023 के मध्य कार्मिक सेवानिवृत हुए, पेंशन , ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के भुगतान के संबंध में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक में जानकारी ली।



बैठक करते समिति के सभापति पवन सिंह चौहान।

इस बैठक में नगर पालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग, ग्राम विकास, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, उद्यान विभाग, निर्माण खंड जल निगम, सामाजिक वानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला पूर्ति विभाग, महिला कल्याण विभाग ,पंचायती राज विभाग ,मत्स्य विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों की समीक्षा की गई।

इस बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा की गई ,जिस पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व विभाग के सभी कर्मचारियों का भुगतान कर दिया गया है । जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2023 तक के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है। समिति द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल में कुछ डॉक्टर तैनात हैं वह लखनऊ रहते हैं। उनके नाम पर अन्य लोग कार्य कर रहे हैं जिस पर समिति ने जिलाधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग के कर्मचारियों के देयकों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, तो विलंब के कारण का उल्लेख अवश्य करें नहीं तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अवश्य की जाएगी। उन्होंने विद्युत अधिशाषी अभियंता पर कार्य में लापरवाही के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अपने जेई के साथ बैठक कर कार्य में सुधार लाएं ।

जेई राजकमल के संबंध में कमेटी बनाकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। समिति ने बताया कि प्रकरण का एक सप्ताह के अंदर हर हालत में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। समिति ने यह भी बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय फर्रुखाबाद के कर्मचारियों का भुगतान लंबित है जिस पर समिति द्वारा 45 दिन का समय निर्धारित किया गया, सभी देयकों का भुगतान कर समिति के समक्ष कार्रवाई प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा समिति ने वहां मौजूद अधिकारियों को कई निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी अवनीश राय ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी इटावा अजय कुमार गौतम, मुख्य विकास अधिकारी औरैया, मुख्य विकास अधिकारी फर्रुखाबाद सहित तीनों जिलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेडी नोएडा ने तिरंगा क्लब को हराया

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार** । कस्बा बकेवर स्थित झग्गड मैदान में पंडित श्रीनारायण शर्मा की स्मृति में अयोजित अखिल भारतीय पुरुष एवं महिला नमो कबड्डी प्रतियोगिता का समापन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से हम अपनी जीवन शैली को व्यवस्थित कर सकते हैं। खेल हम सबके लिए प्रेरणा है जिसके जीवन में प्रवेश करने से युवा दुर्व्यसनों से दूर रहता है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सतपाल सिंह ने कहा की युवा भारत की शक्ति है, जिनके जीवन में व्यायाम का होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक संरक्षक भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने अतिथियों को शाल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। सेमी फाइनल मैच में जेड क्लब नोएडा और ग्वालियर मध्य प्रदेश के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जेडी नोएडा ने 24 अंक प्राप्त कर ग्वालियर को 12 अंकों से पराजित किया । अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल जसवंतनगर तिरंगा क्लब जेडी नोएडा के मध्य हुआ, जिसमें जेडी नोएडा क्लब ने 45 अंक प्राप्त कर 25 अंकों से जसवंतनगर तिरंगा क्लब को पराजित किया।


विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते एसएसपी संजय कुमार एवं गोपाल मोहन शर्मा

एसएसपी संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सतपाल सिंह को आयोजक गोपालमोहन शर्मा ने सम्मानित किया। संचालन एडवोकेट आदित्य मोहन शर्मा, आशीष मोहन शर्मा ने किया। मोनू उपाध्याय, पंचम उपाध्याय, अनुज अवस्थी, अमितेश अवस्थी, अनुपम अवस्थी, ऋषि शुक्ला ,पुष्पेंद्र त्रिपाठी सभासद,महेंद्र दोहरे, रविंद्र गुप्ता, दयासागर दोहरे अशोक शुक्ला, बृजेश शर्मा, श्याम किशोर शर्मा ,संजय शर्मा रवि प्रकाश चौधरी, वही रेफरी इस्लाम खान ,जाहिद खान, इशरत खान, ज्योति प्रकाश शर्मा, भूरे चौहान केशव शर्मा रहे।

# ट्यूशन से लौट रही छात्रा को युवक ने मारी गोली, गंभीर

## एक तरफा प्रेम प्रसंग की चर्चा, आरोपी की गिरफ्तारी के लिये 3 टीमें गठित की गई हैं : एएसपी

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जालौन चौराहे के समीप एक छात्रा सोमवार देर रात करीब 8:30 बजे ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। इसी बीच एक युवक छात्रा के पास पहुंचा और छात्रा को रोककर उसके सीने में तमंचे से गोली मार दी। गोली चलते ही मौके पर भगदड़ मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में उसे सैफई मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। एएसपी आलोक मिश्रा ने बताया कि तीन टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई हैं।

सत्तेश्वर मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय गौरी पुत्री संजय दुबे सोमवार शाम ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। वह जालौन चौराहा के पास समरथपुर रोड से निकल रही थी कि तभी छात्रा को जानने वाला तकिया मोहल्ला निवासी रामजी सोनी उसके पास पहुंचा और छात्रा के सीने में तमंचे से गोली मार दी। गोली लगते ही छात्रा सड़क पर गिर गई। फायर की आवाज सुनकर मौके पर भगदड़ मच गई। वहीं आरोपी मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस छात्रा को जिला अस्पताल ले गई, जहां पर उसकी गंभीर हालत देखकर उसे सैफई मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया। लोगों में चर्चा रही की एकतरफा प्रेम प्रसंग में युवक ने गोली मारी है। लड़की के मामा ने बताया कि दोनों की जान पहचान थी लेकिन अन्य किसी बात की जानकारी नहीं है। जिला अस्पताल पहुंचे एएसपी आलोक मिश्रा ने परिजनों से बातचीत की और बताया कि छात्रा को गोली मारी गई है। आरोपी रामजी सोनी की छात्रा से जान पहचान थी। तीन टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई हैं। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


घायल छात्रा को उपचार के लिए ले जाते परिजन। अमृत विचार


जांच पड़ताल करते एएसपी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

### बहराइच हिंसा को लेकर सर्तक रही पुलिस

**अयाना।** बहराइच में नवरात्र के समापन पर विसर्जन यात्रा के दौरान हुई हिंसा को लेकर पुलिस सतर्क दिखी। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने देर शाम को टीम के साथ अयाना, सेंगनपुर आदि स्थानों पर रूट मार्च किया। उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों को शांति बनाए रखने की अपील की। यदि कोई उपद्रवी अशांति फैलाने की कोशिश करे तो इसकी सूचना पुलिस को दें। जिससे उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# कोई परेशान करे तो 1090 पर कॉल करें, पहुंचेगी पुलिस

**मिशन शक्ति 5**

संवाददाता ककोर, औरैया

- छात्राओं को दी उनकी सुरक्षा की जानकारी

**अमृत विचार।** जिले में इस समय नारी सशक्तिकरण व सुरक्षा मिशन, बालिका सुरक्षा बचाव मिशन शक्ति 5 के तहत मंगलवार को बाल विकास स्कूल ककोर में लैंगिक जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में महिला थाना अध्यक्ष नीरज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को नारी सुरक्षा व सशक्तिकरण के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आपको कोई कॉल करके बार-बार परेशान कर रहा है, आपसे कोई आकर कह दे आपके माता-पिता आपको बुला रहे हैं, तो आपको उनके साथ नहीं जाना चाहिए। साथ ही बिना जान पहचान वाले व्यक्ति से बात नहीं करनी चाहिए। यदि आपको रास्ते में चलते हुए कोई परेशान करता है। आपको कुछ खाने को देता है तो नहीं लेना चाहिए । यह बात पहले आप अपने घर को वालों को बताएं यदि संभव न हो तो विद्यालय में अध्यापक को बतायें। नहीं तो फिर अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर या पुलिस को इसकी सूचना दें। आप अपनी शिकायत 1090 पर कर सकती हैं जिसके बाद आपको तुरंत सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इस अवसर पर महिला थानाध्यक्ष नीरज शर्मा, कुसुम लता प्रधानाचार्य, वैष्णो देवी, रचना रहीं।


जागरूकता पोस्टर दिखाते छात्र। अमृत विचार

# पिकअप की टक्कर से टूटा रेलवे फाटक

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- 13-बी क्रॉसिंग दो घंटे बंद रहने से लगा जाम
- फाटक टूटने के बाद आउटर पर खड़ी हुई एक्सप्रेस ट्रेन

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन अछल्दा की क्रासिंग 13 -बी पर दोपहर 12 :02 मिनट पर फाटक बंद होते समय बिधूना की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने दक्षिणी बूम में टक्कर मारकर वाहन को भगा ले गया। टक्कर लगने से फाटक टूट गया। फाटक बंद न होने पर अप और डाउन में एक्सप्रेस ट्रेनें आउटर पर खड़ी हो गई। गेट मैन ने आनन-फानन में स्लाइडर बूम लगाया जिसके बाद ट्रेनों को रवाना किया गया। दो घंटे फाटक बंद रहने से लंबा जाम लगा रहा।

फाटक टूटने की जानकारी गेट मैन वेद प्रकाश ने स्टेशन मास्टर को दी। जानकारी पर आरपीएफ लोकेश नैन और एसएनटी सचिन कुमार टीम के साथ क्रासिंग पर पहुंचकर स्लाइडर लगाकर बूम को चेंज कराया। फाटक बंद होने से दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लग गया। और स्कूल के बच्चो को पैदल क्रॉसिंग पार करनी पड़ी।

फाटक बंद न होने पर डाउन में आंनद बिहार टर्मिनल से पुरी जा रही एक्सप्रेस, नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस तथा आउटर सिग्नल पर साबरमती से सीतागढ़ी जंक्सन जा रही एक्सप्रेस 7 मिनट खड़ी रही। स्लाइडर बूम लगने के बाद धीमी गति से गंतव्य को ट्रेनें रवाना हुईं। फाटक को दुरस्त करने में दो घंटे फाटक बंद रहा, जिसस हरी गंज बाजार, फफूंद रोड, सराय बाजार, नहर बाजार में जाम लग गया। कुछ वाहन चालक गेट 14 -सी का सहारा लेकर आते जाते रहे।


फाटक टूटने के बाद स्लाइडर बूम लगाते गेट मैन वेद प्रकाश। अमृत विचार

## बालक के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज

**अजीतमल, औरैया।** जनपद इटावा के गांव भरेह निवासी वीरेन्द्र वर्तमान में बाल विकास संस्थान इण्टर कलेज विधा नगर बाबरपुर में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्य करता है तथा विद्यालय में ही अपने परिवार के साथ रहता है। वीरेन्द्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार सोमवार को 8.00 बजे शाम से बिना बताए चुपचाप कहीं चला गया है। जिसकी सूचना उसने डायल 112 को भी दी थी और उसकी तलाश सभी रिस्तेदारी एवं जान पहचान वालों के यहां की गई है लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका है। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# विद्युत कनेक्शन काटने पहुंची टीम को पीटा

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की टीम को कुछ लोगों ने सिर्फ इसलिए मारपीट कर घायल कर दिया क्योंकि टीम बकाया वसूली को लेकर अस्थाई कनेक्शन विच्छेदित करने पहुंची थी।

अवर अभियन्ता विजय सिंह ने बताया कि बकाया बिलों के भुगतान को लेकर टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को चौकीदार जगमोहन सिंह, संविदा लाइनमैंन अंबिका सिंह, पंकज कुमार, संविदा सहायक आशीष कुमार, और अमित कुशवाहा की टीम मोहारी गांव गई थीं। गांव निवासी उपभोक्ता हरगोविंद के बिल का 11 हजार रुपया बकाया था। टीम ने बिल जमा करने की बात कही। हरगोविंद के बिल जमा करने से मना करने पर टीम की ओर से बिजली पोल से विच्छेदन किया जा रहा था। तभी हरगोविंद, ने अन्य लोगों के साथ मिलकर टीम के साथ मारपीट कर दी, जिसमें कई कर्मचारी घायल हो गए। वहीं ग्रामीणों ने बताया जब कनेक्शन विच्छेदित की जानकारी करनी चाही तो विद्युत टीम ने विछेदन सम्बन्धी जानकारी न देते हुए कनेक्शन काटने करने लगे जब ग्रामीणों ने इस बारे में दोबारा पूछना चाहा तो विद्युत विभाग की टीम और ग्रामीण में कहासुनी होने लगी और मामला बढ़ता हुआ मारपीट तक पहुंच गया।


अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम व कार्यकर्ता।

## सपाइयों ने अब्दुल कलाम को दी श्रद्धांजलि

**औरैया।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने एपीजे अब्दुल कलाम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रमुख रूप समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम , पूर्व विधायक मदन गौतम,योगेन्द्र यादव कल्लू, श्याम बाबू यादव, वीरेंद्र राजपूत, सोनू प्रधान, बबलू नायक ,शोभित यादव, हीरू आदि मौजूद रहे।

# जयंती पर याद किये गये मिसाइल मैन डॉ. कलाम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अब्दुल कलाम की जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय, दिबियापुर औरैया में रोवर्स रेंजर्स इकाई के तत्वावधान में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइलमैन के नाम से विख्यात महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अपने विचारों और कर्मों से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना प्रस्तुत किया था, जो निश्चित रूप से साकार होगा। उन्होंने डॉ. कलाम के जीवन की सरलता और सच्चाई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. यश कुमार ने डॉ. कलाम के शैक्षिक योगदान पर प्रकाश डाला और उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने पर बल दिया।

रोवर्स प्रभारी डॉ. इफ्तिखार हसन ने डॉ. कलाम के जीवन और उनके संघर्षों पर विस्तार से चर्चा की और विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश तिवारी ने किया।

इस अवसर पर रेंजर्स प्रभारी डॉ रीना आर्य ,डॉ आलोक यादव , डॉ संदीप ओमर,डॉ मोहित तिवारी ,डॉ. नंदन पांडे, डॉ हिमांशु यादव, डॉ महेंद्र तिवारी, डॉ विनोद कुमार डॉ शीलू त्रिवेदी, डॉ योगेश मिश्रा, डॉ मृदुल पांडे, डॉ श्याम नारायण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


गोष्ठी में मौजूद शिक्षक व छात्र। अमृत विचार

**आयोजन** शिक्षक संकुल बैठक में शिक्षण नवाचारों और आकलन की तैयारियों पर रहा जोर

# शिक्षण को सरल और रोचक बनाने को बांटे अनुभव

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- निपुण असेसमेंट परीक्षा राष्ट्रीय आकलन सर्वेक्षण की तैयारियों पर हुई चर्चा
- विद्यालय को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों को दिलाई गई शपथ

**अमृत विचार।** मंगलवार को सदर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय मिहौली में महानिदेशक स्कूली शिक्षा के निर्देश पर मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे। बैठक का संचालन बीएसए संजीव कुमार के निर्देशन और बीईओ अजय विक्रम सिंह के पर्यवेक्षण में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने की।

बैठक में शिक्षकों ने ईको क्लब फ़ॉर मिशन लाइफ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के प्रयासों पर चर्चा की। विज्ञान और गणित शिक्षण किटों का प्रभावी उपयोग कर शिक्षण को सरल और रोचक बनाने के अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरान आगामी नेट (निपुण आकलन टेस्ट) की तैयारियों पर भी विशेष जोर दिया गया, जो नवंबर 2024 में आयोजित होना है। इसके साथ ही 4 दिसंबर 2024 को एनसीईआरटी के दिशा-निर्देश में होने वाले राष्ट्रीय आकलन सर्वेक्षण (नेस) की रणनीति पर भी चर्चा की गई, जिसमें कक्षा 3, 6 और 9 के छात्रों का मूल्यांकन होगा। बैठक में शिक्षकों द्वारा चार्ट, टीएलएम के माध्यम से रोचक शिक्षण पद्धतियों को भी एक दूसरे से साझा किया गया। इस मौके पर एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने विद्यालय में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही विद्यालय स्तर पर विषय वस्तु की समझ विकसित करने के लिए किए जाने वाले नवाचार को एक दूसरे के साथ साझा करने की भी बात कही। इस अवसर पर नोडल शिक्षक संकुल मनीषा विश्नोई ने बैठक में पिछले महीने की बैठक की समीक्षा कर नए सुझाव व समस्याएं को लिपिबद्ध किया। नई तकनीकों और नवाचारों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। निपुण शपथ के साथ बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर सहायक अध्यापक लोकेंद्र सिंह, विशाल मिश्रा, नेहा चतुर्वेदी, अरुणा सिंह, निधि गुप्ता, मनोज कुमार चतुर्वेदी, अखिलेश द्विवेदी, शशांक पाण्डेय, रंजना देवी, ब्रह्मकांत पाठक, शिव प्रकाश दुबे, भोला सिंह, नीरज, हबीब बाबू, राजेन्द्र सिंह , छाया देवी सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे।



शपथ लेते शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### विद्यालय में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन

**बिधूना औरैया।** जिला पंचायत इंटर कॉलेज उमरैन एवं गांधी इंटर कॉलेज ऐरवा कटरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एरवाकटरा के द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य अनिल त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर एसपी सिंह ने संचारी एवं गैर संचारी रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने संचारी रोगों से बचाव के उपाय और दिनचर्या आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉक्टर प्राची दुबे ने किशोरियों से संबंधित बीमारियों एवं स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस आयोजन में डॉक्टर एसपी सिंह, डॉक्टर प्राची दुबे, लैब टेक्नीशियन देवकीनंदन, बीएसडब्ल्यू दिनेश कुमार आदि स्वास्थ्य टीम के साथ मौजूद रहे।

## फर्जी चेक देकर करा लिया जमीन का इकरार नामा

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थिति मोहल्ला सूर्य नगर निवासी लल्लू सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है कि उसकी जमीन ग्राम सराय अमिलिया परगना अजीतमल जिला औरैया में स्थित है जिसका मालिक व काबिज दाखिल था। उसने एक नामदर्ज व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी जमीन का 89 लाख रुपये में मौखिक सौदा तय कर प्रार्थी से धोखाधड़ी कर चार लाख रुपये में इकरार नामा करा लिया तथा उसे 30 लाख रुपये का एक स्टेट बैंक का फर्जी चेक थमा दिया गया। उसने कहा कि जब वह बाकी रुपये की मांग करता है तो आरोपी देने से मना करता है।

इस सम्बन्ध में कोतवाल राजकुमार ने बताया कि बैंक के फर्जी चेक का मामला है जिसकी शिकायत बैंक के उच्चाधिकारियों से की जाए वही कार्रवाई करेंगे।

## सार-संक्षेप


उर्स में दुकानें लगाते दुकानदार। अमृत विचार

### तीन दिवसीय उर्स आज से शुरू

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के नगरिया रोड स्थित हजरत सैय्यद मुहब्बत का सालाना 41 वां उर्स तीन दिवसीय बुधवार रात से शुरू होने जा रहा है। 16,17 व 18 तक चलने वाले उर्स की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। दरगाह पर सजावट के साथ पंडाल बनाए जा रहे हैं। इस उर्स में सभी समुदाय के लोग हजारों की संख्या में शामिल होकर मुहब्बत शाह बाबा की मजार पर मन्नतें मांगते हैं और चादर पोशी करते हैं। यहां पर दूर –दूर से आए कव्वाल शकीर अली फैजाबाद, नईम सावरी बदायूं, अनीस नवाब मुम्बई, महबूब ताज मुम्बई से पंडाल में शमा बांध देते है। ये उर्स हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना गया है। उर्स के दौरान मेला भी लगता है जिसमें कॉस्मेटिक, मिठाई, झूला, चाट, की दुकानें लगेगी।


लोगों को जागरूक करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरन सिंह।

### खाद्य सचल दल के पहुंचते ही मिठाई विक्रेताओं में मचा हड़कंप

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा में मंगलवार को खाद्य सचल दल प्रयोगशाला के माध्यम से दीपावली के त्योहार को देखते हुए दुकान विक्रेताओं द्वारा विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों की जांच कर तत्काल उनके परिणाम देते हुए प्रशिक्षित और ग्राहकों को जागरूक किया गया। खाद्य सचल दल प्रयोगशाला का वाहन आते ही दुकानदारों, मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। दुकानों का शटर बंद कर दुकानदार भागने लगे। सचल वाहन ब्लाक चौराहा पर खड़ा कर खाद्य विभाग की टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरन सिंह ने करीब दो दर्जन दुकानों के विक्रय किए जा रहे सामानों की हल्के फुल्के जांच वीटी से कर मानक के अनुरूप है या नही जांच कर गुणवत्ता बताते हुए आम लोगों को जागरूक किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिठाई की दुकानों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई।

### रेलवे कर्मी की डेंगू से गई जान


राजू सिंह।

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव इनायतपुर निवासी 44 वर्षीय राजू सिंह जो उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जीएम ऑफिस में क्लर्क के पद पर तैनात थे। अचानक बुखार आने के चलते उन्हें 19 सितंबर को कानपुर स्थित मधुराज अस्पताल में भर्ती कराया गया। निरंतर चले उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर 5 नवंबर को परिजनों ने उन्हें मेट्रो अस्पताल फरीदाबाद हरियाणा में भर्ती कराया । डेंगू बीमारी के चल रहे उपचार के दौरान 14 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। बेटा निखिल,भाई धर्मवीर सिंह, गजेंद्र, मुलायम आदि परिजनों ने बताया कि राजू सिंह की डेंगू से मौत हुई है।

### आते ही खत्म हुई डीएपी की खेप

**अछल्दा, औरैया।** डीएपी खाद की खेप समितियों पर आते ही किसानों की भीड़ के चलते खत्म हो गई है। नौनिकपुर समिति में डीएपी पहुंची तो मंगलवार को सैकड़ों किसानों की भीड़ खाद लेने के लिए जुट गई और देखते ही देखते सारी डीएपी समाप्त हो गई। विकास खंड क्षेत्र के सहकारी समितियों पर खाद लेने के लिए सैकड़ों किसानों की भारी भीड़ सुबह से ही जुटी रही। नोनिकपुर समिति सचिव निगम चन्द्र ने बताया कि लाइन लगवाकर खाद का वितरण शुरू कराया और शाम के 3 बजे तक 300 बोरी डीएपी खाद किसानों में बांट दी गई। जिन किसानों को खाद मिल गई उनके चेहरे खुशी से खिल उठे लेकिन जिन किसानों को खाद की बोरी नहीं मिली व निराश होकर लौट गये। किसानों ने बताया कि अगेती धान की फसल कटते ही सरसों और आलू बोने के लिए डीएपी की जरूरत थी वह मिल गई। अब अगेती सरसो और आलू की बुआई में आसानी होगी।

### व्यापार संगठन ने की साप्ताहिक बंदी में छूट की मांग

**बिधूना औरैया।** बिधूना व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुमेद्र पोरवाल ने जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी से दीपावली के त्योहार के मद्देनजर साप्ताहिक बंदी में शिथिलता बरतने की मांग की है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों एवं आम जनता के हित में नगर बिधूना की साप्ताहिक बंदी शनिवार को दीपावली के त्योहार संपन्न होने तक रद कर दी जाए ताकि व्यापारियों का नुक़सान न हो। अध्यक्ष सुमेन्द्र पोरवाल ने कहा कि जिलाधिकारी ने उन्हें सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। उन्होंने नगर बिधूना के साप्ताहिक बंदी दिवस शनिवार को बंदी से, दीपावली त्योहार तक के लिए दुकानें खोल सकते हैं। इसके बाद पुन : साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से पालन करना होगा। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की है कि त्योहारों को देखते हुए फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें । बिधूना व्यापार संगठन के अध्यक्ष सुमेंद्र पोरवाल ने प्रशासन और जिलाधिकारी के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है।


कलश वितरित करते गुरुकुल के आचार्य। अमृत विचार

### वेद मंत्रों से धन्य हो रहा बिधूना का वातावरण

**बिधूना, औरैया।** श्री वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर बिधूना में परम पूज्य संत श्री राम दास जी महाराज जी के पावन सानिध्य में 3 नवम्बर से आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ यज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। एक ओर जहां यज्ञ मण्डप लगभग तैयार है एवं सनातन धर्मावलंबियों के स्वागत के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण भी हो चुका है। वहीं दूसरी ओर गुरुकुल के आचार्यों द्वारा यज्ञ की सफलता के लिए निरंतर वेदमन्त्रो एवं वेद ऋचाओं का सस्वर वाचन वातावरण को दिव्यता एवं भव्यता प्रदान कर रहा है। 108 कुण्डीय महाज्ञय के आयोजक मण्डल ने नगर क्षेत्र एवं जनपद के समस्त सनातन धर्मावलंबियों से महायज्ञ को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे मनोयोग से तन मन धन से सहयोग करने की अपेक्षा की है। श्रीमद्भागवत कथा नवरात्र के बाद बुधवार से शुरू हो रहे श्री राम लीला महोत्सव के साथ ही इस यज्ञ अनुष्ठान की तैयारियों से समूचे नगर का नजारा धार्मिक नगरी सा नजर आ रहा है।

### रेलवे क्रासिंग 13 बी पर चलेगा मरम्मत कार्य, नहीं खुलेगा फाटक

**अछल्दा,औरैया।** रेलवे क्रासिंग 13 बी पर मरम्मत कार्य के चलते क्रासिंग का फाटक बंद रहेगा। वरिष्ठ खण्ड अभि.( रे.प.) उत्तर मध्य रेलवे फफूंद ने बताया कि रेलवे फाटक संख्या–13 – बी जो रेलवे स्टेशन के पूर्वी सिरे पर स्थित है। उपरोक्त रेलवे फाटक पर रेलवे लाइन की मरम्मत का कार्य 17 अक्टूबर को सुबह 6 से 19 की शाम 18 बजे तक किया जाएगा। अत : उपरोक्त रेलवे फाटक 17 अक्टूबर सुबह 6 :00 बजे से 19 अक्टूबर की शाम 6 बजे तक सड़क यातायात हेतु बन्द रहेगा। अत : सड़क यातायात परिवर्तित मार्ग नजदीकी रेलवे फाटक संख्या– 14– सी अछल्दा से किया जाएगा जो कि इस रेलवे फाटक के पश्चिमी सिरे पर लगभग दो किलोमीटर दूरी पर स्थित है।

# महिला सभासद के घर पर हमला, दरोगा को गिराया

## बिंदकी के सराफा बाजार की घटना, अभी कोई गिरफ्तारी नहीं

संवाददाता, फतेहपुर

- महिला सभासद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर
- दूसरे पक्ष ने भी लगाया मारपीट करने का आरोप

**अमृत विचार।** पुरानी खुन्नस को लेकर कुछ लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में महिला सभासद के घर में घुसकर पूर्व सभासद के साथ मारपीट की और बीचबचाव करने पर पुलिस को भी धकियाया। सभासद के घर के बाहर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। इस मामले में महिला सभासद ने कोतवाली में तहरीर दी है, मगर अभी तक न तो घटना की एफआईआर दर्ज की गई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है।

बिंदकी कस्बे के सराफा बाजार की रहने वाली सभासद प्रीती गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात करीब 8 बजे वह अपने पति के साथ घर पर थी, तभी मोहल्ले के ही रहने वाले सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ लोग अपने आधा सैकड़ा साथियों के साथ दरवाजे पर पहुंचे और पुरानी खुन्नस के चलते गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति रामजी गुप्ता के साथ मारपीट की। मौके पर मौजूद एक दरोगा ने बीचबचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसे भी धक्का देकर रास्ते पर गिरा दिया।

हमलावर काफी देर तक पुलिस की मौजूदगी में हंगामा करते रहे। पति को मारपीट से बचाने में उनके साथ भी मारपीट की गई और उनके साथ अभद्रता की गई। पुलिस के हस्तक्षेप करने के बाद आरोपी गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। यह पूरी घटना सभासद के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने भी पुलिस से मारपीट की शिकायत की है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है ।

> मारपीट का मामला संदिग्ध है। एक पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
>
> -वीर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी बिंदकी

## बस-डंपर में भिड़ंत कोई हताहत नहीं

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के रामपुर मोड़ के पास जयपुर से तीस सवारी लेकर बनारस जा रही टूरिस्ट बस को ओवरटेक कर रहे डंपर ने पीछे से बस के आगे साइड में टक्कर मार दी जिससे हाई स्पीड बस का इंजन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

ड्राइवर तौफीक की होशियारी से बस नियंत्रित हो गई, मगर उसके पैर में बस की हैंडल चिपक गई जिसे घायलावस्था में थानाध्यक्ष सुरेश कुमार व अन्य लोगों ने मिलकर निकलवाया और इलाज के लिए एक नजदीकी नर्सिंग होम ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जयपुर के रहने वाले यात्री मनीष ने बताया कि घटना के समय अधिकतर लोग सो रहे थे, टक्कर बहुत तेज थी, कई लोगों को मामूली चोटे आई हैं। सभी लोग बाल बाल बच गए। महावीर ट्रैवल एजेंसी से बात कर दूसरी बस से सभी लोग बनारस जा रहे हैं। इस बाबत थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति को चोट लगी थी। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# कंपनियों में फंसे रुपये दिलाने की उठाई मांग

संवाददाता, फतेहपुर

- 45 दिन से आवाज उठा रहे लोग, पर कोई सुनवाई नहीं

**अमृत विचार।** नहर कॉलोनी परिसर में ठगी के शिकार लोग 45 दिन से अपनी मेहनत की कमाई पाने के लिए धरने पर बैठे हैं। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिलाध्यक्ष अमृतलाल के नेतृत्व में इन लोगों ने मंगलवार को नहर कॉलोनी से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला और एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

जिलाध्यक्ष अमृतलाल ने कहा कि उनकी 8 प्रमुख मांगे हैं, जिन्हें सरकार को जल्द पूरा करना चाहिए। जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत फिर से भुगतान प्रक्रिया शुरू की जाए। हर जमाकतता का दावा फॉर्म जमा कर उसकी रिसीविंग दी जाए। धरनास्थल पर साफ-सफाई, पानी, शौचालय और स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। रोज़ाना अधिकारी आकर ज्ञापन लें और सरकार तक पहुंचाएं। पहले से जमा किए गए फॉम्स्स पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है, इसकी जानकारी दी जाए। निर्दोष अभिकर्ताओं को पुलिस द्वारा प्रताड़ित न किया जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्वित की जाए। जिन कंपनियों पर मुकदमे दर्ज हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

जिले में फर्जी कंपनियों ने फिर से दफ्तर खोल लिए हैं, उन्हें चिन्हित कर बंद कराया जाए। चेतावनी दी है कि अगर सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करती तो वे प्रदेश की राजधानी लखनऊ जाकर प्रदर्शन करेंगे। इस धरना प्रदर्शन में विजय पाल, संतोष कुमार विश्वकर्मा, लवकुश कुमार, उर्मिला, विनोद कुमार मौर्य, नरेंद्र कुमार, राम प्रकाश और गंगा प्रसाद सहित कई लोग शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने दिलाई सदस्यता

**फतेहपुर।** सदस्यता अभियान को गतिशील बनाने केलिए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने हुसेनगंज विधानसभा क्षेत्र में प्रवास किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने स्वागत किया। हुसेनगंज व छिवलहा मंडल में कैम्प लगाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। श्री पाल ने लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। यहां पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। यहां पंकज त्रिपाठी, रामप्रताप सिंह गौतम, रामू बाजपेई, पवन मिश्रा, रिंकू लोहारी, अनुज दीक्षित, राजू पाल, अवनीश मौर्या रहे।

### वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** राधानगर पुलिस ने राधानगर निवासी वारंटी मनोज कुमार उर्फ बब्लू द्विवेदी को गिरफ्तार किया है, जो दहेज हत्या में वांछित था। थरियांव पुलिस ने अशरफ निवासी चौधराना हंसवा को गिरफ्तार किया है। औंग पुलिस ने वांछित विजय उर्फ कल्लू निवासी होलापुर को गिरफ्तार किया है जो नाबालिग से छेड़छाड़ व दुराचार मामले में वांछित था। सभी वांछितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### महिला ठग से मिलने आया सरगना साथी सहित गिरफ्तार

**फतेहपुर।** महिला साइबर ठग से जेल में मिलने आए साथी सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पूर्व पुलिस ने साइबर ठग गरिमा सिंह को दिल्ली से पकड़ा था। मंगलवार को उसका साथी अमित शर्मा जिला जेल मिलने आया था। पुलिस ने घेराबंदी कर कल्यानपुर और औंग थाने की पुलिस की मदद से आरोपी व उसके साथी हरीश को गिरफ्तार कर लिया। स्कार्पियो सवार अमित शर्मा ने पुलिस से बचकर भागते समय बैरियर तोड़ते हुए बाइक सवार समेत तीन लोगों को टक्कर मारते हुए घायल कर दिया। साइबर क्राइम इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि अपराधी को औंग थाने की पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया है।

### जितेन्द्र सिंह गौतम को बनाया सचिव पद का प्रत्याशी

**फतेहपुर।** क्षत्रिय अधिवक्ता बन्धुओं की बैठक मंगलवार को सुरेन्द्र प्रताप सिंह गौतम के चेम्बर में हुई, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रत्याशी चयन पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जितेन्द्र सिंह गौतम को आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से सचिव पद के लिए घोषणा की गई। जितेन्द्र सिंह गौतम के प्रत्याशी घोषित होने पर नरोत्तम सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह गौतम, जगदीश सिंह उर्फ जालिम, प्रमोद सिंह चौहान, अजय सिंह गौतम, हितेन्द्र बहादुर सिंह, धनराज सिंह, इन्द्र कुमार सिंह, देवेन्द्र सिंह गौतम आदि अधिवक्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

### सपा कार्यालय में डा. कलाम की जयंती मनाई गई

**फतेहपुर।** पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अबुल कलाम की जयंती मंगलवार को सपा कार्यालय में मनाई गई। सपाईयों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव ने कहा कि डा. एपीजे अबुल कमाल ने पृथ्वी व अग्नि जैसी समृद्धशाली मिसाइल देकर देश को गौरवान्वित किया है। जिससे विश्व में भारत का नाम अग्रणी पंक्ति में शामिल हुआ। संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। यहां पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र यादव, अरुणेश पाण्डेय, सुरिज पाल रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख रीता प्रजापति, नन्द किशोर पाल, अय्यूब खान, संदीप माली, अकील अहमद, कामता प्रसाद, कपिल यादव, इब्राहीम खान, बृजेन्द्र यादव, रिंकू यादव, शेरा यादव, रामबहादुर यादव, जगजीवन विश्वकर्मा, अजय चौधरी भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### किसान दिवस आज

**फतेहपुर।** उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह के प्रत्येक तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजन किया जाता है। अक्टूबर माह में किसान दिवस 16 अक्टूबर को 12 :00 बजे से 02 :00 बजे तक विकास भवन सभागार में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जाएगा।

### प्रधानाध्यापक ने घर में घुसकर की छेड़छाड़

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के टिकरी गांव के कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने नाबालिक लड़की के साथ अश्लील हरकत करते हुए पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने जमकर पीट दिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। स्कूल से महज कुछ ही दूरी पर घर में अकेली लड़की देखकर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार घुस गया। भनक लगने ग्रामीण पहुंच गए और प्रधानाध्यापक को पीट दिया। इसकी सूचना पुलिस को भी दी। पुलिस ने प्रधानाध्यापक अशोक कुमार को हिरासत में लेकर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानाध्यापक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

### इनामी गैंगस्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली पुलिस ने गश्ती के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर एक इनामिया गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त बीर सिंह यादव उर्फ लोटन, जो थरियांव और सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में कई गंभीर अपराधों में वांछित था, के खिलाफ लगभग आधा दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बताया कि बीर सिंह क्षेत्र में दहशत का पर्याय बन चुका था और इसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में, खागा कोतवाली की टीम इस अभियुक्त की तलाश में थी। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# रोस्टर के अनुसार तय करें स्कूल की सफाई

संवाददाता, फतेहपुर



विद्यालय के रजिस्टरों का अवलोकन करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी रविंद सिंह और मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा ने विकास खंड हसवां के प्राथमिक विद्यालय शाहीपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अध्यापक उपस्थिति पंजिका, छात्र -छात्रा उपस्थिति पंजिका, मध्याह भोजन पंजिका, निपुण तालिका और मध्याह्न भोजन मेन्यू का गहनता से अवलोकन किया।

प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में कुल 79 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनमें से 54 उपस्थित थे। डीएम ने प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया कि प्रधान से समन्वय स्थापित कर समय-समय पर आभिभावक-अध्यापक मीटिंग का आयोजन करें। विशेषकर उन बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर जो पढ़ाई में कमजोर हैं और जिनकी उपस्थिति कम है। जिलाधिकारी ने पेयजल और स्वच्छता की जानकारी ली और निर्देश दिए कि विद्यालय की सफाई रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिए।

### रजिस्टर में सूचना न मिलने पर दो से स्पष्टीकरण तलब

- विद्यालय निरीक्षण के बाद डीएम और सीडीओ ने परिसर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां वजन मशीन खराब मिलने और रजिस्टर में कोई सूचना न पाए जाने पर सीडीपीओ अरविंद कुमार और मुख्य सेविका अनीता कुमारी से स्पष्टीकरण मांगा। अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र भेजें ताकि उनका मानसिक और शारीरिक विकास हो सके।

### ब्लाक कार्यालय का भी किया निरीक्षण

- जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यालय में जनता की समस्याओं का समाधान करें।

### गमला पेंटिंग से ट्रैफिक नियमों का संदेश

**फतेहपुर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतिम दिवस पर मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं ने गमला पेंटिंग से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। छात्राओं ने गमला पेंटिंग में यातायात के नियमों का पालन करें-सुरक्षित रहें, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, दुर्घटना पर लगेगा ताला जब पहनेंगे सुरक्षा की माला आदि स्लोगन लिखकर सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया। प्राचार्य प्रो. गुलशन सक्सेना एवं सड़क सुरक्षा समिति प्रभारी अनुष्का छौंकर ने छात्राओं के जन जागरूकता के कार्य की अत्यंत सराहना की। कार्यक्रम में प्रभारी अनुष्का छौंकर ने पखवाड़े की गतिविधियों का सारांश प्रस्तुत किया। समस्त स्वयंसेवियों, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं समस्त छात्राओं का धन्यवाद व्यक्त किया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विधनू, कानपुर नगर ।

पत्रांक : – 967 / लेखाकार / निविदा–पंचग / केन्द्रीय वित्त / 2024–25, दिनांक: – 07.10.2024

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से पंचम / केन्द्रीय वित्त आयोग के योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से अधोलिखित कार्यो हेतु विकास खण्ड मे पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.10.2024 समय प्रातः 11.00 बजे से साय 02.00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में दिनांक 06.11.2024 समय 02.00 बजे तक को निविदायें आमंत्रित करते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 06.11 2024 को सायं 3: 00 बजे विकास खण्ड विधनू में टेण्डर समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को 2 प्रतिशत धरोहर राशि के रुप में राष्ट्रीय बचत पत्र / एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी बिधनू जनपद कानपुर नगर के पक्ष में बन्धक कर जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जाती है । निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11: 00 बजे से सायंकाल 02: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा, निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100 रु0 मूल्य के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रुप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।

| कं0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत कार्य लागत (लाख रु0 में) | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत रमईपुर में निसार के घर से सलमा के घर तक इण्टरलामकिंग निर्माण कार्य | 7.65 | 13500 | 855 | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत खडेसर में जीवनलाल पासवान के घर से तालाब तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.97 | 17500 | 855 | 3 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत हरदोली के मजरा वीरेन्द्र नगर मे साढ सम्पर्क मार्ग से मुन्ना कठेरिया के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.40 | 16500 | 855 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत मगरासा में सूर्य कुमार अवस्थी के घर से रज्जन के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 8.95 | 15500 | 855 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत भैरमपुर के मजरा सकतपुर मे किशनपाल के घर से चन्द्रशेखर के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 5.52 | 10000 | 855 | 3 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत उदयपुर में सन्तू पासवान के घर से महेन्द्र के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 7.24 | 12500 | 855 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत मर्दनपुर के मजरा रायपुरवा मे राजकुमार की दुकान से रामरतन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 5.78 | 10000 | 855 | 3 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत भारू में गोरेलाल के घर से मुंशीलाल के घर तक इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 9.79 | 17000 | 855 | 3 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत रामखेडा में परशुराम के घर से देवीचरण के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.86 | 17500 | 855 | 3 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत कठारा के मजरा दयालपुर मे गुलाब यादव के घर से टीनू (टोनी) के घर तक पक्का नाला निर्माण कार्य | 9.68 | 16800 | 855 | 3 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत ऐती के मजरा रायपुर कछार में रामचन्द्र के घर से रामसजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.12 | 9000 | 7855 | 3 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत पिपरगवाँ के मजरा धाविन पुरवा में काली मन्दिर में इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 6.83 | 12000 | 855 | 3 माह |
| 13 | ब्लाक परिसर में प्रमुख कक्ष निर्माण कार्य । | 8.03 | 14000 | 855 | 3 माह |
| 14 | ब्लाक परिसर में मेनगेट का सुन्दरीकरण कार्य । | 2.44 | 4500 | 770 | 3 माह |
| 15 | विकास खण्ड मे मीटिंग हाल की फालसीलिंग एवं सुन्दरीकरण कार्य | 8.48 | 15000 | 855 | 3 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत दलेलपुर में अरविन्द के घर से विरेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 8.69 | 15000 | 855 | 3 माह |
| 17 | ग्राम पंचायत कठुई के मजरा काकोरी मे कटुई सम्पर्क मार्ग से भोलेवावा मन्दिर तक इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य | 9.35 | 16200 | 855 | 3 माह |
| 18 | विकास खण्ड में बी0डी0ओ0 कक्ष की मरम्मत, फाल सीलिंग एवं बाल पैनेलिंग का कार्य | 3.07 | 5500 | 770 | 3 माह |

**अन्य शर्ते :–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य होगीं ।
2. ठेकेदार निविदा डालने से पूर्व कार्य का निरीक्षण कर लें एवं एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा ।
3. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर धरोहरा राशि जब्त कर ली जायेगी ।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देय कर ठेकेदार द्वारा को वाहन किया जायेगा ।
5. निविदा स्वीकार होने पर 3 प्रतिशत जमानत की धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र / एफ0डी0आर0 के रुप में खण्ड विकास अधिकारी विधनू के पद नाम बन्धक कर प्रस्तुत करनी होगी।
6. सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं करते है तो दो प्रतिशत सप्ताह की दर से अतिरिक्त कटौती की जायेगी।
7. किसी कार्य में गुणवत्ता के सन्देह होने पर सामग्री टेस्टींग का भार सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा वहन किया जायेगा ।
8. निविदा स्वीकार होने पर सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा 100 रु0 मूल्य के नानजूडिशियल स्टाम्प पेपर नोटरी के माध्यम से अनुबंध कराना होगा। जिसका वाहन स्वयं सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा वहन किया जायेगा ।
9. निविदा प्रपत्र अपूर्ण एवं अधूरे होने पर मान्य नहीं होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
विधनू, कानपुर नगर


# पीडब्ल्यूडी से व्यापारी खफा आंदोलन की चेतावनी दी गई

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में तुर्की नाला पर बने पुल के समीप टूटे मार्ग को लेकर व्यापार मंडल ने नाराजगी जताई है। मार्ग जल्द दुरुस्त न करने पर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

कस्बे से दांदों को जोड़ने के लिए यमुना नदी में पक्के पुल का निर्माण कराया गया है। पुल के मार्ग में पड़ रहे तुर्की नाला पर भी एक छोटा पुल बनाया गया। छोटे पुल के निर्माण कार्य में अनियमितता के चलते बारिश में पुल की अप्रोच रोड व इंटरलॉकिंग बह गई। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़क को दुरुस्त कराने का काम शुरू किया, लेकिन तीन-चार दिन बाद काम बंद कर दिया गया। जिस वजह से सड़क जैसे के तैसे पड़ी है। पीडब्ल्यूडी ने सड़क पर पत्थर व गिट्टियों का ढेर लगा दिया है जो राहगीरों के लिए आफत बना है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने पीडब्ल्यूडी को जल्द सड़क दुरुस्त कराने का अल्टीमेटम दिया है। कहा कि टूटी सड़क से आवागमन में समस्या है। वाहनों का आवागमन भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। जिस वजह से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि दीपावली से पहले सड़क को दुरुस्त नहीं कराया गया तो व्यापार मंडल आंदोलन करेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की होगी। इस दौरान व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## मां से छेड़खानी का विरोध किया तो बेटे को मारी टक्कर

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के रावतपुर में मां से छेड़खानी का विरोध करना बेटे को भारी पड़ गया। आरोपियों ने गुस्से में आकर युवक को बाइक से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से लोगों में आक्रोश है।

क्षेत्र के लहराजखेड़ा मजरे रावतपुर सराय का युवक ने मूर्ति विसर्जन करने गई गांव की ही एक महिला से छेड़छाड़ की। जब महिला के बेटे ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे बाइक से टक्कर मार दी। बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है। इसकी सूचना पीड़िता ने थाने में दी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर एसपी से गुहार लगाई, फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस तीन बार तहरीर बदला चुकी है, फिर भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल है और लोग जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। थाना प्रभारी शिवकुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

**उपलब्धि** मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में प्रथम स्थान, खेल मैदान, पार्क और सचिवालय बनाए गए

# काम के जज्बे ने बदली ग्राम पंचायत की तस्वीर

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार:** पंचायती राज व्यवस्था में विकास की बानगी देखनी है तो खजुहा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भीखमपुर की सैर कीजिए। काम के जज्बे ने ग्राम पंचायत की तस्वीर बदल दी है। खेल का मैदान, सुसज्जित पार्क, कंप्यूटराइज्ड ग्राम सचिवालय पंचायत की शोभा बढ़ा रहे हैं। इन्हीं वजहों से इस ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में जनपद स्तर पर प्रथम चुना गया है।

बिंदकी तहसील क्षेत्र के खजुहा ब्लाक के भीखमपुर के प्रधान राजीव सिंह राज ने ग्राम पंचायत में सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिस बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कराया है, उससे ग्राम पंचायत की तस्वीर ही बदल गई है। ग्राम पंचायत में खेल मैदान, सरदार पटेल पार्क, बरगदिया दाई पार्क के निर्माण के साथ सामुदायिक शौचालय की स्थापना की गई है। प्रत्येक सामुदायिक भवन में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण एवं सामुदायिक हैंडपंपों में सोकपिट निर्माण कराया गया है। कंप्यूटराइज्ड ग्राम सचिवालय के साथ प्राथमिक विद्यालय के सौंदर्यीकरण और कम्पोजिट विद्यालय की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर संवारा गया है। फतेहपुर-जहानाबाद मार्ग पर स्थित इस ग्राम पंचायत से गुजरने पर यहां के विकास कार्य बरबस लोगों का ध्यान खींचते हैं। ग्राम पंचायत में पौधे लगाकर हरा-भरा बनाया गया है।



ग्राम पंचायत में बनाया गया खेल का मैदान। अमृत विचार



ग्राम पंचायत सचिवालय में तैयार गार्डेन। अमृत विचार

### 7 महिला समूह सक्रिय, घरेलू सामान बना रहीं महिलाएं

- वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक इस ग्राम पंचायत की आबादी 1124 है। इनमें 143 वृद्धा, दिव्यांग और निराश्रित पेंशनधारक, 216 पात्र गृहस्थी व अंत्योदय राशन कार्डधारक, 109 पीएम सम्मान निधि के हकदार और 159 उज्ज्वला योजना के लाभार्थी हैं। आजीविका मिशन के तहत ग्राम पंचायत में 7 स्वयं सहायता समूह हैं, जिनमें कुल 79 महिलाएं शामिल हैं। इनमें से 7 महिलाओं ने सीसीएल खाते के तहत बैंक से ऋण लेकर बकरी पालन, भैंस पालन और घरेलू उपयोग का सामान बना रही हैं।



> ग्राम पंचायत के समग्र विकास की कसौटी पर खरा उतरने के कारण ही इस ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत जनपद में प्रथम चुना गया है। ग्राम प्रधान राजीव सिंह राज का कहना है कि गांव में ग्रीन पंचायत भवन बनाया गया है, जिसमें पौधे लगाकर हरा-भरा और रमणीक माहौल देने की कोशिश की गई है।

मूर्खा यत्र न पूज्यते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दंपत्यो कलहं नास्ति तत्र श्रीः स्वयमागतः॥

जहां मूर्ख को सम्मान न मिलता हो, जहां अनाज अच्छे तरीके से रखा जाता हो और जहां पति-पत्नी के बीच में लड़ाई न होती हो, वहां लक्ष्मी खुद आ जाती है।

## संपादकीय

# प्रौद्योगिकी और नैतिकता

आधुनिक तकनीक की मदद से हमारी कार्य करने की क्षमता का विस्तार हुआ है, जिससे आधुनिक तकनीक के विकास और उपयोग के संबंध में कई नैतिक मुद्दे सामने आए हैं। नैतिकता और प्रौद्योगिकी ने आधुनिक काल की शुरुआत से ही एक दूसरे को तेजी से प्रभावित किया है। प्रौद्योगिकी की नैतिकता का मतलब है, आधुनिक तकनीक के विकास और इस्तेमाल से जुड़े नैतिक विचारों और निहितार्थों का आकलन करना। प्रौद्योगिकी की नैतिकता में जिम्मेदारी, जोखिम, न्याय, समानता, और आजादी जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल दुनिया के लिए वैश्विक नियम और कृत्रिम बुध्दिमत्ता (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर जोर देते रहे हैं। भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया था। देश में डिजिटल इंडिया पहल के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। वर्तमान में भारत विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल रूप से जुड़ा लोकतंत्र है। भारत का डिजिटल परिवर्तन उल्लेखनीय रहा है, बेहतर कनेक्टिविटी और तकनीकी क्षमताओं के चलते इसके नागरिकों की डिजिटल तक पहुंच और समावेशिता में वृद्धि हुई है।

भारत की डिजिटल परिवर्तन यात्रा ने समाज के हर पहलू को प्रभावित किया है, जिससे टिकाऊ, सस्ती और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के आधार पर सभी के लिए डिजिटल पहुंच, सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित हुआ है। डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत का प्रतीक है जिससे लोगों का जीवनयापन और ज्यादा आसान होता जा रहा है एवं पारदर्शिता भी बढ़ रही है। महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। वास्तव में आज जितने भी डिजिटल उपकरण और एप्लीकेशंस हैं, वो किसी भी देश की सीमा से परे हैं। साइबर खतरे तेजी से बदल रहे हैं और हमले के तरीके भी बदलते रहते हैं। इसलिए कोई भी देश अकेले इन खतरों से अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर सकता। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा, ग्लोबल संस्थाओं को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठानी होगी। वास्तव में समय आ गया है वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा।

# भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में अनूठी अवधारणा


अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है।

सभ्यताओं के विकास के प्रारंभ से मनुष्यों में सबसे अधिक एकता और एकजुटता कबीले और धर्म को लेकर रही है। इसीलिए अन्य भिन्नताओं की तुलना में कबीलाई और धार्मिक भिन्नता के आधार पर भेदभाव, अन्याय और अत्याचार के उदाहरणों से मानव का इतिहास भरा हुआ है। बड़े समाजों और देशों के अस्तित्व में आने के साथ कबीले का अस्तित्व तो समाप्त हो गया, लेकिन धर्म का प्रभाव और व्यापक हुआ। इसीलिए प्राचीन काल और मध्यकाल में धार्मिक सहिष्णुता एक अति प्रशंसित और उच्च मूल्य रहा है, लेकिन आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता मनुष्यता के लिए आवश्यक कुछ बड़े मूल्यों में से एक है।

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है। अंग्रेजी का 'सेकुलर' शब्द लैटिन भाषा के सेक्यूलम शब्द से बना है और सेक्यूलम का अर्थ है 'एक पीढ़ी, 'एक मनुष्य की जीवनावधि ', 'एक समय का युग ', या 'एक शताब्दी'। सामान्यतः यह शब्द धार्मिक और आध्यात्मिक के विपरीत लौकिक और ऐहिक के अर्थ मंध प्रयोग किया जाता था। इस शब्द को सन 1851 में एक नया अर्थ देते हुए धर्मेतर सामाजिक और राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग करने का श्रेय जार्ज जैकब होलियोक (अप्रैल, 1817 - जनवरी, 1906) को दिया जाता है। लेखक, संपादक, सहकारिकता आंदोलन के प्रोत्साहक होलियोक एक अंग्रेज थे। होलियोक का धर्मनिरपेक्षता संबंधी विचार मानवतावाद की आधुनिक परिभाषाओं से बहुत मिलता-जुलता है और यह नास्तिकता से कहीं अधिक व्यापक है।

होलियोक नास्तिकता शब्द को नकारात्मक और अपर्याप्त मानते थे और वे इससे कुछ अधिक सकारात्मक और सटीक शब्द की तलाश में थे। धर्मनिरपेक्षता से उनका तात्पर्य है, 'जो जीवन के तात्कालिक कर्तव्य के रूप में मनुष्य की शारीरिक, नैतिक और बौद्धिक प्रकृति के विकास को संभव सर्वोच्च बिंदु तक ले जाना चाहता है, जो नास्तिकता, आस्तिकता या धर्म के अलावा प्राकृतिक नैतिकता की व्यावहारिक पर्याप्तता को विकसित करता है, जो भौतिक साधनों द्वारा मानव सुधार को बढ़ावा देने को अपनी कार्यविधि के रूप में चुनता है और इन सकारात्मक समझौतों को एकता के सामान्य बंधन के रूप में उन सभी के लिए प्रस्तावित करता है और जो तर्क द्वारा जीवन को विनियमित करेंगे और सेवा द्वारा इसे उत्कृष्ट बनाएंगे।'

> भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है।

आज बदलते समय के साथ जीवन के मूल्य, दर्शन, दृष्टियां और शैलियां भी बदल गई हैं। मनुष्य की गतिशीलता अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। व्यक्तियों, समाजों और देशों की दृष्टि से दुनिया विभिन्नताओं का एक समुच्चय है। इसमें विभिन्न रंगों, रूपों, नस्लों, धर्मों, पंथों, विश्वासों, आस्थाओं, मान्यताओं, सभ्यताओं, संस्कृतियों, विचारों, परंपराओं आदि के लोग रहते हैं। व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर समायोजन और बदलाव अनिवार्य हो गया है। इतिहास ने प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता का वर्तमान रूप और स्तर कभी नहीं देखा। परिवर्तन की गति अभूतपूर्व हो गई है। ऐसी स्थिति में धर्मनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण करके ही कोई समाज या देश प्रगति कर सकता है, अपने को प्रासंगिक और अद्यतन बनाए रख सकता है।

धर्मनिरपेक्षता एक जटिल और गत्यात्मक विचार है। अन्य विचारों या विषयों की तरह इसकी भी सर्वमान्य और सुस्पष्ट परिभाषा अब तक नहीं गढ़ी जा सकी। मानव समाज की प्रगति धर्मनिरपेक्षता के विचार को आधुनिक तार्किक समाज में मानक सामाजिक व्यवहार के रूप में लेकर आई है। दार्शनिक विचार के रूप में धर्मनिरपेक्षता धर्म का आश्रय लिए बिना केवल भौतिक दुनिया से प्राप्त मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर जीवन की व्याख्या करती है। राजनीतिक और सामाजिक दर्शन की यह वह व्यवस्था है, जो पूजा, आराधना और धार्मिक विश्वासों के सभी रूपों को अस्वीकार करती है। यह धर्म को परे रखकर भौतिक और सांसारिक जीवन की समस्याओं का हल दुनियावी दृष्टि से तलाशती है। वह इहलोक की समस्याओं का हल परलोक या अलौकिक शक्ति में या उसके माध्यम से नहीं तलाशती, बल्कि वह इहलोक की समस्याओं का हल विज्ञान, अनुसंधान और विकास से तलाशती है। यह धर्म और धार्मिकता से संबंद्ध विचारों को इहलोक से अलग रखती है। अर्थ, शिक्षा, न्याय, स्वास्थ्य आदि से संबंधित नीतियां और विधान बनाने में उसकी दृष्टि दुनियावी रहती है, धार्मिक नहीं। दार्शनिक दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता का आधार नास्तिकता में है। व्यक्ति के जीवन मूल्य उसकी बुद्धि, विवेक और तर्कसंगत सोच व वैज्ञानिक दृष्टि का परिणाम हैं, न कि उसके धर्म का।

बीसवीं शताब्दी में दुनिया के कई राज्य सत्ताओं ने धर्मनिरपेक्षता को अपनी नीति में शामिल किया। हमारे देश की धर्म, भाषा, वेशभूषा, रूप, रंग, जाति, वर्ण, नस्ल, क्षेत्र आदि विविधताओं को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान में सम्मिलित किया है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित करते हुए 42 वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा इसकी प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द को जोड़ा गया। यहां पंथनिरपेक्षता का अर्थ है कि भारत सरकार धर्म के मामले में तटस्थ रहेगी। धर्मनिरपेक्षता में धर्म और धार्मिक विषयों को इहलौकिक विषयों से जानबूझकर दूर या तटस्थ रखा जाता है। धर्मनिरपेक्षता राज्य द्वारा किसी विशेष धर्म को संरक्षण देने से रोकती है।

राज्य राजनीति या किसी गैर-धार्मिक मामले से धर्म को दूर रखता है तथा धर्म के आधार पर किसी से भी कोई भेदभाव नहीं करता है। विशेष बात यह है कि राज्य किसी धर्म का विरोध नहीं करता है, वरन् सभी नागरिकों को अपने धार्मिक विश्वासों और मान्यताओं को पूर्ण स्वतंत्रता से मानने की छूट देता है। धर्म व्यक्ति का नितांत निजी मामला है, जिसमें राज्य तब तक हस्तक्षेप नहीं करता, जब तक कि विभिन्न धर्मों की मूल धारणाओं में आपस में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। व्यक्ति अपनी धार्मिक पहचान के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है इसलिए वह किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के हिंसापूर्ण व्यवहार के विरुद्ध सुरक्षा प्राप्त करना चाहेगा। यह सुरक्षा सिर्फ धर्मनिरपेक्ष राज्य ही प्रदान कर सकता है।

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह एक सकारात्मक, क्रांतिकारी और व्यापक अवधारणा है, जो विविधता को मजबूती प्रदान करती है। यह एक उदार एवं व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जो 'सर्व धर्म समभाव' की भावना से परिचालित है। धर्मनिरपेक्षता सभी को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इसमें किसी भी समुदाय का अन्य समुदायों पर वर्चस्व स्थापित नहीं होता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूती प्रदान करती है तथा धर्म को राजनीति से पृथक करने का कार्य करती है।

धर्मनिरपेक्षता का लक्ष्य नैतिकता तथा मानव कल्याण को बढ़ावा देना है, जो सभी धर्मों का मूल उद्देश्य भी है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में धर्मनिरपेक्षता को लेकर आरोप लगाया जाता है कि यह पश्चिम से आयातित है अर्थात इसका उत्स और विकास ईसाइयत में खोजा जाता है। पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता, जहां धर्म एवं राज्य के बीच पूर्ण संबंधविच्छेद पर आधारित है, वहीं भारतीय संदर्भ में यह अंतर धार्मिक समानता पर आधारित है। पश्चिम में धर्मनिरपेक्षता का पूर्णतः नकारात्मक एवं अलगाववादी स्वरूप दृष्टिगोचर होता है, वहीं भारत में यह समग्र रूप से सभी धर्मों का सम्मान करने की सांवैधानिक मान्यता पर आधारित है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता ने अंतःधार्मिक और अंतर धार्मिक वर्चस्व पर एक साथ ध्यान केंद्रित किया है। इसने हिंदुओं के अंदर दलितों और महिलाओं के उत्पीड़न और भारतीय मुसलमानों अथवा ईसाइयों के अंदर महिलाओं के प्रति भेदभाव तथा बहुसंख्यक समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों के अधिकारों पर उत्पन्न किए जा सकने वाले खतरों का विरोध किया है, जो इसे पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा से भिन्न बनाती है।

## प्रसंगवश

# सिर्फ़ सोचने से होता क्या है


अनूप शुक्ल
कानपुर

घर का सामान आमतौर पर हम ही लाते हैं। बाजार पास है। टहलते हुए चले जाते हैं। ले आते हैं। काफी सामान कैंटीन से भी आ जाता है, जो सामान यहां नहीं मिलता उसके लिए मॉल चले जाते हैं। घर का सामान आनलाइन नहीं ही मंगाते हैं।

दो दिन पहले चना और कुछ और सामान लाना था। हमने जाने में कुछ देर की। तब तक बेटे का फोन आ गया। बातचीत में उसको पता चला कि ये सामान लाना है तो उसने कहा -'अभी आर्डर कर देते हैं। दस मिनट में आ जाएगा।' खाने-पीने का सामान, केक वगैरह बच्चे पहले भी मंगाते रहे हैं आनलाइन आर्डर करके, लेकिन दाल-चना, परचून की दुकान वाली चीजें नहीं मंगाई गईं थीं अब तक। बच्चे ने सामान आर्डर कर दिया। 'ब्लिंकइट' एप से। लिंक हमको दे दिया। बताया दस मिनट में आ जाएगा सामान। दस मिनट में सामान घर आ जाना एप के नाम को ही सार्थक करता लगा। 'ब्लिंकइट' मतलब -पलक झपकते। दस मिनट से कुछ पहले ही डिलीवरी बालक का फोन आ गया। वह मेरे घर से करीब दो किलोमीटर दूर था। फोन किया तो मैंने उसको रास्ता बताया। वह आया तो मैंने उससे पूछा - 'पता तो यहां का दिया था। दो किलोमीटर दूर कैसे पहुंच गए?' बालक ने बताया कि लोकेशन वहीं की दिखा रहा था। इसीलिए वहां पहुंच गए।

बालक से ब्लिंकइट के काम करने के तरीके के बारे में पूछा तो पता चला -'पास ही आवास-विकास में बड़ा स्टोर है। आर्डर मिलते ही डिलीवरी बालक सामान लेकर लपकते हैं, पहुंचाने के लिए। दस मिनट में डिलीवर हो जाता है। दस मिनट में नहीं डिलीवर होता है सामान तो कारण बताना पड़ता है। बालक की मोटरसाइकिल पर ढेर धूल जमी थी। हमने कहा -'साफ रखा करो।' तो बोला बालक -'समय ही नहीं मिलता।' समय न मिलने की कहानी बताते हुए बोला बालक -'काम बहुत करना पड़ता है। सुबह से शाम तक डिलीवरी करते हैं। कंपनी वाले पैसा बचाने के लिए लड़के कम रखते हैं। सामान देकर बालक चला गया। हमको एक नई सामान सेवा की जानकारी हुई। शाम को एक और सामान का आर्डर किया बेटे ने। सुबह यह रह गया था। सामान देने के लिए आया बालक फिर दो किलोमीटर दूर था। पता यहां का था, लेकिन लोकेशन दो किलोमीटर दूर की। डिलीवरी बालक ने कहा -'लोकेशन यहां की ही है। आपके घर कैसे आएं?'

हमने रास्ता समझाया, लेकिन बालक अपनी परेशानी बताता रहा। उसकी समस्या यह भी थी या सही समझे तो यह ही थी कि दो किलोमीटर अतिरिक्त चलने में हुए तेल का भुगतान कौन करेगा? हमने कहा -'आ जाओ। देख लेंगे।' बालक आया। सामान लेने के बाद हमने पूछा -'पता तो यहीं का है। तुम क्या वहां डिलीवर कर देते जहां लोकेशन के हिसाब पहुंचे थे ?'उसने कहा-"आपकी बात सही है, लेकिन हमको भुगतान लोकेशन के हिसाब से होता है। लोकेशन से अलग डिलीवरी करने पर तेल का पैसा अपने पास से लगता है।'

पता चला कि बेटे ने चूंकि बाहर से आर्डर किया था सामान इसलिए लोकेशन और पते में अंतर था। अगर हम करते घर से आर्डर तो लोकेशन और पता एक रहता। बेटे ने चार सौ किलोमीटर दूर से किया था आर्डर। चार सौ किलोमीटर दूर से आर्डर करने पर लोकेशन और पते में दो किलोमीटर का अंतर आया। मतलब ब्लिंकइट एप में 0.5 प्रतिशत की शुद्धता से दूरी का हिसाब करता है।

बालक ने बताया कि वह यह काम करते हुए पढ़ाई भी करता है। कुछ कंपटीशन की तैयारी भी कर रहा है। उसकी बहन भी नर्सिंग का कोर्स कर रही है। दोनों साथ रहते हैं। संघर्ष है, लेकिन मेहनत जारी है। आर्डर के हिसाब से एक डिलीवरी के लिए बालक को तीस रुपये मिलने थे। हमने आपने वायदे के मुताबिक़ उसे दे दिए। वह चला गया। बालक के जाने के बाद हम काफी देर से इस बारे में सोचते रहे कि आज हर काम के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं। आप पैसा खर्च कीजिए हर सुविधा आपके पास हाजिर है। पैसे के जोर पर लोग अपनी सरकार तक बनवा ले रहे हैं। एक से एक बदमाश लोग मसीहा बने बैठे हैं इधर-उधर के पैसे के बल पर, लेकिन वो लोग क्या करें जिनके पास पैसे नहीं हैं? जिनके लिए जिंदगी जीना ही मुहाल है वे कौन सी सेवा लें? काश कोई ऐसा एप होता जो लोगों की न्यूनतम जरूरतों का इंतजाम करने में सहायक होता, लेकिन हमारे सिर्फ सोचने से क्या होता है? दुनिया तो अपने चलन के हिसाब चलती है।

# भूख मिटाने के लक्ष्य में ईमानदार कोशिशें नदारद


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भूख के आंकड़े न सिर्फ भारत, बल्कि विश्व भर में डरावने हैं। इस विषय पर हकीकत वाली तस्वीर निश्चित रूप से रोंगटे खड़ी करती है। संसार में 11 में से एक व्यक्ति आज भी रात में भूखे पेट सोने को मजबूर है। दुनिया के 73 करोड़ आबादी अब भी रोजाना भूखे पेट हैं। इनमें वो देश भी शामिल हैं, जो तरक्की की दिन रात डींगे हांगते हैं। बहरहाल 2024 की हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के बीच 'विश्व खाद्य दिवस' को मनाना अपने आप में बहुत मायने रखता है। मायने इसलिए, ताकि हंगर रिपोर्ट के बहाने आज भुखमरी जैसे गंभीर विषय पर गंभीरता से विमर्श किया जा सकता है।

संसार गुजरे 45 वर्षों से 'विश्व खाद्य दिवस' मनाता आया है, जिसकी शुरुआत वर्ष-1979 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की सालाना बैठक में सदस्य देशों की आम सहमति से 16 अक्टूबर को ये दिवस मुकर्रर हुआ था। वो ऐसा वक्त था, जब आधी दुनिया भूख से कराहने को मजबूर थी। दरअसल इसी समय करीब 45 मुल्क ऐसे थे, जो गुलामी की बेड़ियों से नए-नए आजाद हुए थे। तब उनके सामने पेट भरने की सबसे बड़ी चुनौती थी। क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी भूख-प्यास से बिलखते थे। हालांकि भारत को आजाद हुए तब तीन दशक हो चुके थे, बिगड़ी स्थिति को हमने काबू कर लिया था। स्थित ऐसी भी हो गई थी कि अन्य भूखे देशों की सहायता भी करने लगे थे।

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं। मौजूदा वक्त में कई देशों में जंग छिड़ी हैं, जिससे वहां की स्थिति भयाभय बनी हुई है। इसलिए भूख और गरीबी से लड़ने और भोजन के अधिकार को अपनाने की ओर आज का दिन ऐसे मजलूमों को संबल देता है।

> 'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं।

पिछले सप्ताह आई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2024' उन देशों को सतर्क करती है, जिनकी स्थिति भूख को लेकर अब भी ज्यादा अच्छी नहीं बताई गई है। रिपोर्ट में भारत का स्थान 127 देशों में 105 वां है, हालांकि पिछले सालों की तुलना में रैंक में मामूली सा सुधार हुआ है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत 125 देशों में 111 वें स्थान पर था। बावजूद इसके गंभीरता से मंथन करने की हमें भी जरूरत है। असमानता और गरीबी से निपटने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने, भोजन की बर्बादी को कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने में हम सभी की भूमिकाएं होती हैं।

भोजन की बर्बादी बड़ा मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की जरूरत है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संदेह है कि क्या अगली पीढ़ी तक भूख को मिटाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा या नहीं? दरअसल ये ऐसा यक्ष प्रश्न है, जो सभी को सोचने पर मजबूर करता है। फिलहाल आज का दिन भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से भी मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल रहते हैं। ये खास दिन भूख से पीड़ित लोगों के लिए वैश्विक जागरूकता और उनके खाद अधिकारों पर कार्रवाई को भी बढ़ावा देता है। खाद पदार्थों में अब मिलावट का होना कोई नई बात नहीं? दूषित खाने से लोगों का बीमार होना भी अब आम बात हो गई। ऐसे लोग खाद अधिकारों को इस्तेमाल करें, उसके लिए भी 'विश्व खाद्य दिवस' सभी को प्रेरित करता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कई देशों में भुखमरी के हालात और पैदा हुए हैं। अन्य देशों द्वारा अगर मानवीय सहायता न की जाए, तो वहां स्थिति और बदतर हो जाती। भूखमरी के शिकार देशों की जहां तक बात है तो भूख के मामले में हैती अब भी सबसे ऊपर है। वहां कई अन्य परेशानियों के अलावा बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का आना भी भूखमरी को बढ़ाने का कारण बना हुआ है। इसी कारण हैती की लगभग 65 प्रतिशत आबादी भूख का दंश झेलने को मजबूर है। वहां आधे से ज्यादा लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। वहीं, भूख पर आईसीएमआर की रिपोर्ट पर गौर करें, तो हिंदुस्तान में 2018 में 19 करोड़ लोग ऐसे थे, जिन्हें रोज दो वक्त का भरपेट खाना नहीं मिला। वर्ष-2022 में ये संख्या बढ़कर 35 करोड़ हुआ। तब 14 करोड़ लोग रात में भूखे पेट सोए। हालांकि इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों में सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की मुफ्त आनाज वितरण योजना ने इन आंकड़ों को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना को बीते सप्ताह 2028 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। भूख से लड़ाई लंबी है, इसे कम करने के लिए समूचे संसार को ईमानदारी से प्रयास करने होंगे।

## सोशल फोरम

# धारणा के युद्ध में असली हार


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक


आजकल धारणा (परसेप्शन) बनाने का खेल बुरी तरह चल रहा है। राजनेता और सरकारें धारणा बनाने में व्यस्त रहते हैं और यह भी सही है कि धारणाएं ही उन्हें चुनाव जितवाने 'उनकी सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में होती है। एक तरह से धारणा युद्ध चल रहा है। 'हम हैं तो संभव है, हम ही कर सकते हैं, हम कर रहे हैं, हमने ही सब तीर मारे है, पहले वाला तो बेकार था, यही सब बोला बतियाया जा रहा है। मतलब ढोल भले ही फटी हो, पर बताओ कि उससे निकलने वाला संगीत पहले कभी नहीं बजा और न ही कोई ऐसा मधुर संगीत बजा सकता है।

धारणा बनाने के लिए सब कुछ किया जा रहा है, यहां तक कि सत्य की हत्या की जा रही है। भविष्य के सपने दिखाए जा रहे हैं। धारणा बनाने के वास्ते खबर को तोड़ मरोड़ करने के लिए लाखों लोगों को नौकरी पर रखा गया है। झूठ पर झूठ परोसा जा रहा है एक फ़ेक या तोड़ी मरोड़ी खबर को लाखों लोग वाट्सअप पर फारवर्ड कर रहे है। सत्यता क्या है, इससे किसी को कोई मतलब नहीं बस हउके रहो, लगे रहो मुन्ना भाई , फारवर्ड करते रहो। मीडिया जैसे महत्वपूर्ण तबके के तमाम नामचीन लोग निजी स्वार्थ वश इस अभियान में शामिल हो गए हैं। गोया वे भी इस युद्ध के सैनिक है। बहस के ज्यादातर आकंडे मैनुप्लेटिड हैं । चौराहों पर अपने अपने पसंदीदा चैनल की बातों को सही मानते लोग बहस कर रहे हैं, लोग हैं कि ताल ठोक रहे हैं, अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, ताली बजा रहे हैं, मरने मारने पर उतारू है।

जो जितना ज्यादा धारणा आक्रमण माहिर है, उतना ही सफल हो रहा है, जिसके पास पैसा है, ताक़त है, दबाव है, नाटक है, कला है, वह उतनी अच्छी धारणा बनाने में सफल होगा और हो रहा है, सत्यता चाहे जो हो, नैतिकता चाहे जो कहे। आम जनता बेचारी जो सुनती है, उसके साथ नदी की तरह बस बही जा रही है। समझ ही नहीं पा रही है कि सत्यता क्या है , झूठ क्या है , झूठा कौन है ? मेरा समझना है कि धारणा के इस युद्ध में असली हार आम जनता की और बड़े नक्शे पर देश की हो रही है। सही आंकड़े , सत्य बातें, सही स्थिति सामने आए तभी तो सही निर्णय हो ।

-फेसबुक वॉल से

# दलित भी योद्धा हुए हैं यहां


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सामान्यतया यह माना जाता है कि दलित, जिन्हें प्राचीन वर्ण व्यवस्था वाली भाषा में शूद्र कहा गया है, समाज में उपेक्षित रहे और उनका कार्य सेवा करना ही था। इसमें कुछ सच्चाई भी है। हालांकि यह पूर्ण सत्य नहीं है और इस वर्ग के लोग युद्धवीर से लेकर राजा तक रहे हैं। मगध में इसी वर्ग के महापद्मनंद एक प्रतापी राजा हुए, जिन्होंने अपने शौर्य के बल पर अपने राज्य को विस्तीर्ण किया। छठी शताब्दी में शूद्रक नामक राजा हुए, जो कवि भी थे।'मृच्छकटिकम्' उन्हीं की रचना है। उनकी जाति का खुलासा तो नहीं किया गया, किंतु नाम के अनुसार स्यात वे शूद्र वर्ग के ही थे।

शिवाजी की वीरता असंदिग्ध है। उन्हें इतिहासकारों का एक वर्ग शूद्र और दूसरा क्षत्रिय मानता है। वैसे स्थानीय ब्राह्मणों ने उनका राजतिलक करने से इंकार कर दिया था और इस हेतु काशी से लोग बुलाए गए थे,तो कुछ बात तो रही होगी। रामायण काल में वानरों और रीछों के पराक्रम को कौन नहीं जानता! ये जन जातीय लोग थे; क्षत्रिय कदापि नहीं। महाभारत का भील जन जातीय वीर एकलव्य प्रसिद्ध ही है। कोई आठ सौ साल पहले मध्य काल में महोबे के राजा परमाल (परमार्दिदेव) और उनके सामंत आल्हा ऊदल विख्यात हैं। उन्होंने अनेक युद्ध किए। परमाल चंदेल और आल्हा बंधु तो बनाफर क्षत्रिय थे, किंतु उनके साथ धनुवा तेली और लला तमोली भी युद्ध करने जाते थे। पृथ्वीराज चौहान से हुए युद्धों में धनुवा का मुकाबला धांधू नामक योद्धा से होता था।" धीरज आल्हा की वरनी है, ऊदल चौड़ा की तलवार। धांधू धनुवा की वरनी मा चटकै पेशकब्ज कै मार"।। ये धीरज और चौड़ा इतिहासोल्लिखित धीर पुंडीर एवं चामुंडराय ही हैं। इतना ही नहीं एक कोरी बिरादरी का खुनखुन नामक शूरमा भी था ता दूसरा रूपन बारी। आल्हखंड में शादियों में और उनके लिए लड़ाइयां हुई हैं। रूपन, यों तो विवाहों में बारी बिरादरी वाला ही काम करते थे और लड़की वाले के दरवाजे 'ऐपन बारी'लेकर जाते थे, किंतु नेग में वे लघु युद्ध मांगते। कन्या पक्ष के लोग सकते में आ जाते कि वर पक्ष के बारी भी योद्धा हैं और फिर एक छोटा-मोटा युद्ध होता।" चारि घरी पर चली सिरोही औ बहि चली रक्त कै धार"।

> लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं।

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं। इस क्रम में बिजली पासी का भी नामोल्लेख जरूरी है, जिन्होंने वर्तमान उत्तर प्रदेश के एक भाग पर शासन किया था और राजा सुहेलदेव का भी। ये दोनों अप्रतिम योद्धा थे।

# हर क्षेत्र में जरूरत है प्रेरित किए जाने की


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आप कर्मचारियों का मनोबल और प्रेरणा कैसे बढ़ाते हैं? कर्मचारी प्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं? प्रेरित करने के लिए सिर्फ पैसे से ज्यादा प्रेरणा की जरूरत होती है लोग मूल्यवान महसूस करना चाहते हैं, टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं और यह महसूस करना चाहते हैं कि वे कंपनी के लिए मायने रखते हैं। यह कर्मचारी प्रेरणा इस बात पर निर्भर करती है कि अपने कर्मचारियों को उनके कार्य दिवस के लिए कैसे उत्सुक बनाया।

किसी कंपनी की सफलता के लिए कर्मचारी प्रेरणा तकनीकें जरूरी हैं। जब आप जानते हैं कि कर्मचारियों को कैसे प्रेरित किया जाए तो आप उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे। प्रेरित कर्मचारी कड़ी मेहनत करेंगे और खुद को कंपनी के मिशन के लिए समर्पित करेंगे। खुश कर्मचारी अधिक उत्पादक होते हैं और दूसरी नौकरी की तलाश करने के बजाय कंपनी के साथ बने रहने की अधिक संभावना होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि व्यवसाय क्या है, निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र में कर्मचारी प्रेरणा एक दूसरे के समान ही महत्वपूर्ण हैं। कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक स्ट्रक्चरल स्टील डिजाइन और डिटेलिंग कंपनी टीम डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को 28 कारें और 29 बाइक उपहार में दी हैं, उनके एक अधिकारी का कहना था कि कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना के रूप में हुंडई, मारुति सुजुकी और मर्सिडीज बेंज जैसी कई नई कारें तोहफे में दी गई।

यह समझने की बात है कि प्रतिस्पर्धा के आज के दौर में अपने कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करते रहना बहुत आवश्यक है। प्रेरणा जो किसी व्यक्ति को अच्छे काम पर प्रदर्शन करने के लिए होती है। यह वह चीज है, जो किसी व्यक्ति को सुबह उठने और काम पर जाने के लिए उत्साहित करती है। जब कर्मचारी प्रेरित होते हैं तो उनके उत्पादक, रचनात्मक और अपने काम में लगे रहने की संभावना अधिक होती है। जरूरत है कर्मचारियों को निरंतर प्रेरित और उत्साहित किया जाए।

## एक नजर

### यूपी आयुष यूजी की दूसरी काउंसिलिंग आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष कॉलेजों में पहली काउंसिलिंग के बाद भी रिक्त रहने वाली स्नातक सीटों पर दाखिले के लिए बुधवार से दूसरी काउंसिलिंग शुरू होगी। निदेशक होम्योपैथी एवं नोडल अधिकारी प्रो .अरविंद कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित होने वाली काउंसिलिंग में 19 को मेरिट सूची जारी की जाएगी और 22 अक्टूबर से दाखिले शुरू हो जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 18 तक अभ्यर्थी धरोहर राशि जमा करेंगे और अगले दिन मेरिट सूची जारी होगी। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों से 19 अक्टूबर से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं ली जाएंगी, साथ ही दस्तावेजों की जांच के बाद सीट आवंटित कर दी जाएंगी। सीट आवंटन के बाद 28 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों को संबन्धित कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। होम्योथेपी निदेशक ने बताया कि दूसरी काउंसिलिंग में वही अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्हें पहली काउंसिलिंग में सीट आवंटित न हुई हो।

# नियामक आयोग की अनुमति के बगैर कॉरपोरेशन ने जारी किया छूट का आदेश

## चोरी प्रकरण में लिया फैसला, बकाए पर दिया जाएगा चार किलोवाट तक का नया बिजली कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में दाखिल की विरोध याचिका
- कहा, संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले निदेशक मंडल के खिलाफ की जाए कार्रवाई



**अमृत विचार :** बिजली चोरी प्रकरण में राज्य विद्युत नियामक आयोग की अनुमति के बगैर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने चार किलोवाट तक भार का नया बिजली कनेक्शन जारी करने की छूट दे दी है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद ने मामला विचाराधीन होने के दौरान आदेश जारी करने पर कड़ी आपत्ति की है। परिषद की ओर से नियामक आयोग में विरोध याचिका दाखिल की गई है, जिसमें संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

कॉरपोरेशन की ओर से 30 सितंबर को बिजली चोरी के प्रकरण में चार किलोवाट तक का नया कनेक्शन जारी करने का प्रस्ताव जारी किया गया था, जिसमें कनेक्शन देने के नियमों में छूट देने की मांग की गई थी। अभी यह मामला विचाराधीन है। इस बीच, बीते दिन कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग की ओर से निदेशक मंडल के फैसले का उल्लेख करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बिजली चोरी प्रकरण में लंबित बकाया या एफआईआर होने पर एक किलोवाट तक के नए कनेक्शन दिए जाने के पूर्व के आदेश में संशोधन करते हुए इसे चार किलोवाट किया गया है।

### उपभोक्ताओं से लिया जाए सादे पेपर पर घोषणा पत्र : कॉरपोरेशन

कॉरपोरेशन के आदेश में कहा गया है कि बिजली चोरी के प्रकरणों से संबंधित उपभोक्ताओं से सादे पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर घोषणा पत्र लिया जाए कि भविष्य में नीतिगत निर्णय उन्हें मान्य होगा और उन्हें कनेक्शन दे दिया जाए। कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की ओर से वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशकों को आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

### बिजली चोरों पर कॉरपोरेशन मेहरबान : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आखिर पावर कॉरपोरेशन बिजली चोरों पर मेहरबान क्यों है। उन्होंने कहा कि कुछ माह पहले बिजली चोरी के राजस्व निर्धारण पर 65 प्रतिशत तक की छूट दी गई थी, इसमें कॉरपोरेशन को आर्थिक नुकसान उठाया पड़ा था। उन्होंने राज्यपाल व मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसके अधिकारों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के आदेश की समीक्षा करने व विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत राज्यपाल व मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की।

# कृत्रिम गर्भाधान के लिए एलएनटू की किल्लत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पशु अस्पतालों पर सितंबर से नहीं हुई तरल नाइट्रोजन की आपूर्ति
- एलएनटू बाहर से खरीद रहे पैरावेट, नवंबर से नहीं किया गया भुगतान

**अमृत विचार :** ज्यादातर जिलों में गाय व भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (एआई) करने के लिए सितंबर से तरल नाइट्रोजन (एलएनटू) नहीं है। इससे कृत्रिम गर्भाधान का कार्य प्रभावित है। पैरावेट निजी खर्च से एलएनटू खरीदकर लक्ष्य की पूर्ति कर रहे हैं। इनका 11 माह से भुगतान भी बकाया है।

सरकार का कृत्रिम गर्भाधान से गाय व भैंस की उन्नत नस्ल बढ़ाने पर जोर है। यह योजना पशुपालकों के लिए निशुल्क है, लेकिन सीमन सुरक्षित रखने के लिए सितंबर से अधिकतर जिलों के पशु अस्पतालों में एलएनटू की आपूर्ति नहीं हुई है। चिकित्सकों का आरोप यह भी है कि इससे पहले दो वर्ष से मांग के अनुसार एलएनटू नहीं मिली है। ज्यादातर पैरावेट बाहर से एलएनटू खरीद कर कृत्रिम गर्भाधान करते हैं। इनका पिछले वर्ष नवंबर से भुगतान भी नहीं हुआ है। इसकी वजह उप्र पशुधन विकास परिषद गाजियाबाद की एक कंपनी से एलएनटू खरीदकर आपूर्ति करता है। लेकिन, दो साल से टेंडर न होने के कारण कंपनी ने पुराने दामों पर आपूर्ति रोक दी है। यह मामला प्रमुख सचिव के संज्ञान में आने पर टेंडर की प्रक्रिया कराई गई है।

> कुछ जिलों में एलएनटू की कमी संज्ञान में आई है। इसकी आपूर्ति उप्र पशुधन विकास परिषद द्वारा की जाती है। संबंधित अधिकारियों को उपलब्धता कराने के लिए लिखा गया है। इसकी खुद बराबर मॉनीटरिंग कर रहे हैं।
> – डॉ. पीएन सिंह, निदेशक, पशुपालन

### पुराने कंटेनरों में नहीं टिकती एलएनटू

अस्पतालों में एलएनटू 20, 35, 55 लीटर के कंटेनर में रखी जाती है, जो पैरावेट को क्षेत्रों में कृत्रिम गर्भाधान के लिए तीन-तीन लीटर के कंटेनर में दी जाती है। इसमें -196 डिग्री सेल्सियस तापमान में सीमन रखे जाते हैं। जिलों पर ज्यादातर कंटेनर पुराने हैं। इस वजह से एलएनटू ज्यादा देर तक टिकती नहीं है।

### चिकित्सा संस्थान और मेडिकल कॉलेजों में सुबह दो घंटे बंद रही ओपीडी

लखनऊ : कोलकाता में भूख हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में राज्य के चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कॉलेजों में भी रेजिडेंट्स चिकित्सक दो घंटे हड़ताल पर रहे। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन उप्र. के आह्वान पर मंगलवार को कॉलेजों में ओपीडी सेवाएं ठप रहीं, डॉक्टरों ने शाम 5 बजे तक भूख हड़ताल रखी। आरडीए उप्र. के अध्यक्ष डॉ .हरदीप जोगी ने बताया कि कोलकाता में भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों की हालत गंभीर हो चुकी है, केन्द्र व राज्य सरकार निष्क्रिय बनी हुई है, सीबीआई ने जांच में मात्र एक आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगायी है, इस विलंबित जांच प्रक्रिया ने जनता के विश्वास को क्षति पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो आरडीए, देशव्यापी हड़ताल और कार्य बहिस्कार करने के लिए बाध्य होंगे।

# राजकीय पॉलीक्लीनिक में लगेंगी हाईटेक मशीनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख सचिव पशुधन ने निदेशालय से मांगा प्रस्ताव

**अमृत विचार :** पशुपालन निदेशालय परिसर में संचालित राजकीय पॉलीक्लीनिक मार्डन बनेगा। यहां जांच और उपचार के लिए हाईटेक मशीनें लगेंगी। अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान प्रमुख सचिव पशुधन के रवींद्र नायक ने निदेशक डॉ. पीएन सिंह से इसके लिए प्रस्ताव मांगा है।

प्रमुख सचिव ने मंगलवार को बादशाह बाग स्थित पशुपालन निदेशालय परिसर में संचालित राजकीय पॉलीक्लीनिक का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के उपचार, दवा की उपलब्धता व केस आदि की जानकारी की। ओटी का निरीक्षण करने के साथ एक्सरे, खून की जांच व अल्ट्रासाउंड मशीन की क्षमता और कार्य जाने। चिकित्सकों से सेवाओं को और बेहतर बनाने पर बात की। इस पर मशीनें बदलकर हाईटेक लगाने का सुझाव दिया। अन्य संसाधनों की आवश्यकता बताई। इस पर प्रमुख सचिव ने सहमति जताते हुए निदेशक डॉ. पीएन सिंह से प्रस्ताव मांगा है। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, अधीक्षक डॉ. आरएस मिश्रा, डॉ. करन पटेल आदि रहे। इसके बाद विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

### प्रतियोगी छात्रों ने दिया लोक सेवा आयोग में ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीसीएस-2024, आरओ-एआरओ परीक्षा की तिथियां तय न होने से प्रतियोगी छात्रों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। प्रतियोगी छात्रों ने मंगलवार को आयोग को ज्ञापन देकर परीक्षा पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशान्त पाण्डेय ने कहा की छात्र चाहते हैं कि आयोग एक ही दिन परीक्षा कराए।

दो दिनों में परीक्षा से अलग-अलग पेपर होगा और नार्मेलाइजेशन को लेकर समस्या आ सकती है। ज्ञापन देने वाले में आशुतोष पाण्डेय, राजन त्रिपाठी, चंचल, राघवेंद्र त्रिपाठी, आजम, मोनू, आलोक, धीरज कोराव, सूरज द्विवेदी, अनुपम, मनीष, प्रभात, प्रीतेश तिवारी, विशाल, मो रिजवी शामिल रहे।

# एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम कर रही जांच, उपद्रवियों की खंगाली जा रही हिस्ट्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी की सख्ती से बहराइच में बेदम हुए उपद्रवी, स्थिति सामान्य
- अब तक 52 उपद्रवियों को भेजा गया जेल, पल-पल की निगरानी कर रहे अधिकारी
- अराजकतत्वों पर कसा जा रहा शिकंजा, वीडियो फुटेज के आधार पर चिन्हित किए जा रहे उपद्रवी

**अमृत विचार :** बहराइच घटना में लिप्त उपद्रवियों की धर पकड़ जारी है। उपद्रवियों की हिस्ट्री खंगालने के लिए एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम लगायी गयी है। वहीं उपद्रवियों के पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को खंगालने के साथ उनके मुकदमों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूरे शहर के साथ प्रभावित इलाकों में लगातार फोर्स का मूवमेंट हो रहा है। इसके अलावा कुछ संदिग्धों पर विशेष टीम द्वारा नजर रखी जा रही है। एडीजी लॉ एंड आर्डर अभिताभ यश ने बताया कि बहराइच में अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारी सेक्टरवार गश्त कर रहे हैं।

बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा जा चुका है। इसमें सोमवार और मंगलवार को 26-26 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में उच्च अधिकारियों के साथ लगातार गश्त की जा रही है। वहीं मामले में दो और एफआईआर दर्ज की गयी है। इसके अलावा वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा लगातार रेड की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे शहर में शांति व्यवस्था कायम है और रोजमर्रा की तरह सामान्य गतिविधियां संचालित हैं। एसपी ने बताया कि अराजकतत्वों पर सोशल मीडिया के जरिये नजर रखी जा रही है ताकि शांति व्यवस्था कायम रहे।

हालांकि, माना जा रहा है कि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती और पल-पल की मॉनीटरिंग से कुछ ही घंटों में बहराइच की घटना को कंट्रोल कर लिया गया। मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ग्राउंड जीरो पर उच्च अधिकारियों ने उतर कर बहराइच में सुनियोजित तरीके से माहौल बिगाड़ने की साजिश को नाकाम कर दिया। बहराइच में सोमवार को ही स्थिति को कंट्रोल कर शांति व्यवस्था को कायम कर लिया गया था। दरअसल, मुख्यमंत्री ने बहराइच की घटना का संज्ञान लेने के बाद स्थिति को कंट्रोल में करने के लिए उच्च अधिकारियों को ग्राउंड जीरो पर भेजा था। योगी के निर्देश के बाद एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश, गृह सचिव संजीव गुप्ता, एडीजी जोन गोरखपुर, आईजी रेंज, डीआईजी, मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण सुशील ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को कंट्रोल किया। मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण सुशील ने बताया कि पूरे शहर में शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने बताया कि घटना से प्रभावित इलाकों को नौ सेक्टर में विभाजित कर पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

### घटना से प्रभावित परिवार को दी राहत किट

बहराइच डीएम मोनिका रानी ने बताया कि घटना से प्रभावित इलाकों में लोगों से कम्यूनिकेशन मजबूत करने के लिए प्रधान, कोटेदार, लेखपाल, सचिव आदि की ड्यूटी लगायी गयी है। यहां पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जिसके जरिये लोगों की मदद की जा रही है। घटना से प्रभावित परिवार को राहत किट प्रदान की गयी है। साथ ही राजस्व टीम द्वारा नुकसान का सर्वे किया जा रहा है ताकि प्रशासन की ओर से उनकी हर संभव मदद की जा रही है।

### बिजली चोरी कर रहे सात उपभोक्ताओं को पकड़ा

**मलिहाबाद/लखनऊ :** विद्युत विभाग ने हाई लाइन लॉस कम करने के साथ विद्युत चोरी रोकने के लिए मंगलवार को अधिशासी अभियन्ता मलिहाबाद सुदेश कुमार के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा, माल और काकोरी एसडीओ, जेई व विजलेंस टीम ने कई स्थानों पर सैकड़ों उपभोक्ताओं के परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान 137 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया तथा 49 संयोजन विद्युत बकाये पर विच्छेदित किए गए, 27 उपभोक्ताओं से लगभग एक लाख रुपये जमा कराये गये और 7 उपभोक्ताओं के घर पर विद्युत चोरी पकड़ी गई। उनके विरुद्ध धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में बिजली चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महाकुम्भ के पहले सभी राज्यों में होगा रोड शो : जयवीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के सभी जिलों से कलाकारों का कराया जाएगा पंजीकरण



**अमृत विचार :** पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अगले साल प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 की आध्यत्मिकता एवं पौराणिकता से लोगों को जोड़ने के लिए दूसरे प्रांतों में रोड शो आयोजित कराएं जाएं। ये रोड शो राज्यों की राजधानी व अन्य नासिक, उज्जैन, हरिद्वार आदि में कराये जाएं।

पर्यटन भवन में मंगलवार को पर्यटन मंत्री महाकुम्भ से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन एवं रोड शो के लिए संस्कृति विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को जिम्मेदारी दी गयी है। सूचना विभाग द्वारा एलईडी युक्त कुम्भ यात्रा मोबाइल बस पूरे देश में भ्रमण करेगी। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इण्टर कालेज, स्कूल आदि में संपन्न होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग के लिए संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराने की सुविधा होगी। ये कार्य 15 दिसम्बर तक सम्पन्न कराया जाना है।

पर्यटन मंत्री ने निर्देश दिये कि प्री कुम्भ समिट के अंतर्गत कुम्भ लेजर शो, डिजिटल प्रदर्शनी, संगोष्ठी, ऑन स्पॉट कम्प्टीशन, कुम्भ क्वीज, लोक कलाकारों की प्रस्तुति, लघु फिल्म का आयोजन किया जायेगा।

### अयोध्या में विदेशी रामलीला दल देंगे प्रस्तुतियां

जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव-2024 के अवसर पर मलेशिया दल के माध्यम से विदेशी रामलीला दलों की प्रस्तुतियों के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें म्यामांर, कम्बोडिया, थाईलैण्ड, इण्डोनेशिया तथा आईसीसीआर नई दिल्ली का सहयोग लिया जाएगा। मैत्रेय पहाड़ी दल के 50 कलाकार श्री रामचरितमानस नारी शक्ति का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष अयोध्या में रिकार्ड 25 लाख दीप जलाये जाएंगे।

# हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में अवधेश प्रसाद के नामांकन को लेकर उठे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

- पूर्व विधायक गोरखनाथ ने तत्कालीन सपा विधायक के खिलाफ दाखिल की थी याचिका
- उप चुनाव की घोषणा न होने से राजनीतिक हल्के में हलचल मायूस हुए चेहरे

**अमृत विचार :** अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से पूर्व विधायक गोरखनाथ की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका उपचुनाव की राह में रोड़ा बन गई। याचिका में सपा से विधायक रहे अवधेश प्रसाद के नामांकन पर उठाए गए हैं। इस बीच, उप चुनाव की घोषणा न होने से राजनीतिक हल्के में हलचल है। चुनाव की तैयारी में लगे नेता मायूस हो गए हैं।

पूर्व विधायक गोरखनाथ ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव को लेकर याचिका दाखिल की थी। भाजपा से प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। उन्होंने तत्कालीन विजयी प्रत्याशी सपा विधायक अवधेश प्रसाद के नामांकन पत्र पर सवाल उठाए थे। याचिका में कहा गया कि अवधेश प्रसाद के नामांकन पर जिस अधिवक्ता ने नोटरी की, उस तारीख में उनके लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार अभिलेख का प्रमाणीकरण किए जाने के दौरान अधिवक्ता का लाइसेंस होना जरूरी है। शपथ पत्र में कुछ अन्य त्रुटियां भी बताई गईं थीं। उपचुनाव की घोषणा न होने से प्रत्याशी व चुनाव लड़ने के दावेदारों के साथ ही दल के नेताओं में हलचल है। प्रत्याशी महीनों से दौड़भाग कर रहे थे।

### याचिका वापस ले सकते हैं गोरखनाथ

पूर्व विधायक गोरखनाथ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका वापस ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी हाईकमान से बातचीत करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें पार्टी से जैसा निर्देश मिलेगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सपा-बसपा घोषित कर चुके हैं प्रत्याशी

मिल्कीपुर सीट पर सपा पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद को प्रत्याशी तय कर चुकी है, जबकि बसपा की ओर से राम सागर कोरी को प्रत्याशी के तौर पर इस सीट पर प्रभारी घोषित किया गया है। भाजपा की ओर से अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। भाजपा समेत सभी दलों से चुनाव को लेकर तैयारी चरम पर है। सम्मेलन व जनसंपर्क बैठकें की जा रही हैं, पर ऐन वक्त पर उपचुनाव की घोषणा न होने से सभी परेशान हो गए हैं।


## वर्ग पहेली-223

**बाएं से दाएं**

1. 1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार
4. भारवाहक; भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति; कुली।
7. 1. स्त्री; औरत 2. पत्नी; बहू।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति; चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।
3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।
4. 1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।
5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।
6. पवित्र करने वाली।



### वर्ग पहेली -222 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | 2 ख | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | जु | ■ | 3 सु | ■ | 4 म |
| 5 दु | रा | धा | र | ■ | नो |
| ■ | हो | ■ | धे | ■ | भ |
| 6 पिं | ■ | 7 अ | नु | भ | व |
| ड | ■ | टे | ■ | ■ | ■ |
| ल | ■ | 8 क | पे | सि | टी |

## सुडोकू -136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 6 | 7 | | 3 | |
| | 7 | 5 | | | 1 | | | 6 |
| | 2 | | | | 8 | | 4 | |
| 2 | 6 | | | | | 9 | | 3 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 7 | | 1 | | | | | 5 | 8 |
| | 3 | | 5 | | | | 9 | |
| 9 | | | 4 | | | 7 | 1 | |
| | 4 | | 1 | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 4 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 20 .40 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज आपको माता-पिता के प्रति अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। टीवी और मनोरंजन के संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विरोधी आपके प्रति ईर्ष्या की भावना रख सकते हैं।

**वृष** – आज नजदीकी मित्रों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। आप भाग्य की अपेक्षा अपने कर्म पर भरोसा रखें। कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**मिथुन** – आज कठिन काम भी आसानी से पूरा कर लेंगे। पड़ोसियों के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। समाज सेवी संस्थाओं में आप विशेष योगदान देंगे। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कर्क** – आज कमीशन संबंधी व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। युवाओं को तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। आपका मन शांत रहेगा। पूरे आत्मविश्वास के साथ आप काम करेंगे। आपके व्यक्तित्व और विचारशैली में परिवर्तन आएगा।

**सिंह** – आज लोगों पर ज्यादा भरोसा करने से बचें। प्रेमीजन के बर्ताव से आपका मन खराब हो सकता है। किसी परिजन की बात आपको बुरी लग सकती है। सोशल मीडिया में आपको ज्यादा सक्रिय नहीं रहना चाहिए।

**कन्या** – आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही अच्छा है। साझेदारी वाले कार्य आप शुरू कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। आपको अपनी कार्यक्षमता बढ़ानी चाहिए। विरोधी आपके सामने मित्रता का प्रस्ताव रख सकते हैं।

**तुला** – आज लोग आपकी भावुकता का लाभ उठा सकते हैं। विश्वसनीय मित्रों से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको अन्य वैकल्पिक साधनों से धन लाभ प्राप्त हो सकता है। धीरे-धीरे आपके सभी कार्य सही दिशा में पूरे होते दिखेंगे।

**वृश्चिक** – आज प्रेम विवाह को लेकर योजना बना सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। रुका हुआ काम राजनीतिक प्रभाव से पूरे हो जाएंगे। बच्चों की सफलता से आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। सभी कार्य समय पर पूरे हो जाएंगे।


**धनु** – आज बिना विचार किए कोई भी निर्णय न लें। मन में दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। व्यापार में बड़ा जोखिम उठा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मेहनत के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर** – आज पैतृक व्यवसाय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में आपका रुझान बढ़ेगा। थोड़ी सी सावधानी के कारण आपके बिगड़ते संबंध सुधर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र से आपको लाभ मिलेगा। विवाहोत्सुक युवतियों का विवाह तय हो सकता है।

**कुंभ** – आज नए कार्यों की रूपरेखा बना सकते हैं। मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कुटुंब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपनी सोच सदैव सकारात्मक रखें। आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। शुभ कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं।

**मीन** – आज किसी बड़ी कंपनी से जुड़ने या साझेदारी का अवसर मिल सकता है। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। करियर को लेकर प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना है। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19 .18 तक तत्पश्चात रेवती।

## आज की फिल्में

इंसानियत – सुबह : 10 .27
जीवन युद्ध – दोपहर : 03 .02
मिशन रानीगंज – दोपहर : 01.26
राधे – रात : 10 .18
क्लैश ऑफ द टाइटंस – सुबह : 11 .33
रैमपेज – रात : 09 .00
शानदार – सुबह : 10 .20
रेड – रात : 08 .35
चेन्नई वर्सेस चाइना – सुबह : 10 .34
बारूद – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .35 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यमराज (औरत से) – चलो, मैं तुम्हें लेने आया हूं।
औरत – बस दो मिनट दे दो।
यमराज – दो मिनट में ऐसा क्या कर लोगी?
औरत – फेसबुक पर स्टेटस डालना है, 'ट्रवलिंग टू यमलोक'!
यह सुनकर यमराज ही हो बेहोश गए।

जज-आपको अपनी सफाई में कुछ कहना है?
महिला-अब मैं क्या बोलूं? मेरे यहां तो सफाई नौकरानी करती है, तो इस बारे में वही अच्छी तरह से बता सकती है।

## एक नजर

### एक दिवसीय रोजगार मेला 18 अक्टूबर को

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि 18 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राठ में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कंपनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना rojgaarsangam.up.gov.in में ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर जमा करें और मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते हैं।

### मेड़ के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरवा बुजुर्ग में खेत की मेड़ के विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी शकीला बेगम ने बताया कि पति अनीश मोहम्मद 11 अक्टूबर को खेत गए थे। वहां जाकर देखा तो पड़ोसी हमीद ने खेत की मेड़ तोड़कर अपने खेत में मिला ली है। उलाहना देने पर हामिद एवं सरताज ने उसके पति को गाली गलौज करके लाठी डंडों से पीट कर लहुलुहान कर दिया और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। बीच बचाव करने पहुंचे रईस को भी लाठी डंडों से पीटा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### दो पक्षों में मारपीट की एफआईआर दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुशौंली पुरवा गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के भैंसापाली ग्राम पंचायत के मौजा कुशौंली पुरवा गांव निवासी मलखान पुत्र किशुन ने दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी भैंसा पाली गांव के छोटेलाल पुत्र भुल्ला व संजय पुत्र अज्ञात आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। इससे गंभीर चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आतिशबाजी के विवाद में मारपीट, रिपोर्ट

**राठ(हमीरपुर)।** गोहांड कस्बे में बच्चों के द्वारा आतिशबाजी करने को लेकर हुए विवाद के चलते पड़ोस में रहने वाले तीन लोगों ने पूरे परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड के निवासी इंद्रपाल पुत्र राजा राम ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बच्चों के द्वारा आतिशबाजी करने को लेकर हुए विवाद के चलते उसके पड़ोस में रहने वाले चार लोगों ने शनिवार शाम लगभग 6 बजे उसकी बहू सुनीता व उसके पुत्र नरसिंह सहित उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी।

### चालक से मारपीट में शांति भंग की कार्रवाई

**बिवांर।** क्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी युवक कश्यप पुत्र मूलचंद, अजय पुत्र सुखलाल व राजा पुत्र रणविजय सिंह ने ट्रक चालक के साथ मारपीट कर दी। चालक ने तीनों युवकों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी है। इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है। इसी तरह अतरार गांव निवासी रणविजय पुत्र बलवान ने घरेलू बात को लेकर अपनी बहू अजूबी से अभद्रता कर मारपीट कर दी। वहू की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को शांतिभंग में चालान किया है।

# किसी भी दशा में सड़कों पर अन्ना मवेशी न बैठें

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हादसों को रोकने पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर



- अन्ना जानवरों को गो संरक्षण केंद्रों में भेजने को लेकर जरूरी कदम उठाने का निर्णय

**अमृत विचार।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव ने हादसों को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने का आदेश अधिकारियों को दिए। कहा कि सड़कों पर अन्ना जानवर न बैठें। सड़कों के किनारे पार्किंग रोकी जाए। अनफिट व गैर मानक वाले वाहनों के विरुद्ध आरटीओ अभियान चलाए। अन्ना पशुओं को गो संरक्षण केंद्रों में भेजा जाए।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों के लिए चलने वाली वैन, बसों आदि का फिटनेस परीक्षण कर लिया जाए। स्कूलों में अनफिट वाहन किसी भी दशा में न चले। छात्र- छात्राओं को लाने - ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होने चाहिए। चालक के पास सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। सड़कों पर गोवंशों के बैठने से दुर्घटनाएं होती हैं अतः पुलिस, राजस्व एवं पशुपालन विभाग की टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में कोई भी गोवंश सड़क पर नहीं बैठना चाहिए। इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। ठंड के सीजन में कोहरे के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा उपायों एंटी स्मॉग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ने कहा कि जनपद में सेतुओं के पास प्रकाश की उचित व्यवस्था रखी जाए। आबादी क्षेत्र में तीव्र मोड़ों पर रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाए जाएं। दुर्घटना बाहुल्य स्थलों / हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक, साइन बोर्ड आदि लगवाएं। ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। बैठक में एसडीएम व सीओ सदर, एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन, सीओ ट्रैफिक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के सायर गांव निवासी गोविंद राम पुत्र सिद्धू प्रजापति घर में अकेला था। उसके परिजन खेत में काम गए थे। तभी जमीन की पुरानी रंजिश के चलते उसे घर में अकेला पाकर मैकूलाल, बोंदीलाल, राकेश, श्रीराम, पूरन, योगेंद्र व गिरवर ने सुबह करीब नौ बजे घर में उसे दबोच लिया। इसके बाद उसे घसीटते योगेंद्र के घर के अंदर ले गए। जहां लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सिर में फैक्चर होने से अचेत हो गया। युवक उसे मरा जानकर भाग निकले। पड़ोसियों की सूचना पर खेत से आए परिजन उसे चिकित्सालय ले गए। वृद्ध के पुत्र कौशल किशोर ने थाने में तहरीर देकर सातों युवकों के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुत्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सातों युवकों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध ढंग से बनी चार मंजिला इमारत को ढहाने की तैयारी शुरू

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के एक दबंग ने नेशनल हाईवे सहित नगर पंचायत के आदेशों को दरकिनार करके बगैर नक्शा पास कराएं दस फीट जगह के बैनामे की 14 फीट में चार मंजिला इमारत खड़ी कर दी है। नगर पंचायत अब इस इमारत पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। इसके लिए नगर पंचायत ने अभी तक दो नोटिस निर्माणकर्ता को थमा चुकी है।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्पष्ट आदेश है कि कोई भी नवनिर्माण मध्य सड़क से 110 फीट के भीतर नहीं किया जाएगा, लेकिन कस्बे के दबंग आशीष गुप्ता ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आदेशों को दरकिनार करके भवन का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि बगैर नगर पंचायत से नक्शा पास कराए कोई भी भवन निर्माण नहीं किया जा सकता है। इन्होंने भी नगर पंचायत से नक्शा स्वीकृत नहीं कराया है। उन्होंने बताया कि जिस भूखंड में निर्माण कराया जा रहा है। उसे भूखंड का बैनामा दस फीट चौड़ाई का हुआ है। जबकि निर्माण 14 फीट में करके नगर पंचायत की नाली को भवन के अंडरग्राउंड किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्माणकर्ता को अभी तक दो नोटिस दिए जा चुके है।



अवैध निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत।

- नगर पंचायत निर्माणकर्ता को दो बार थमा चुका है नोटिस

अवैध रूप से निर्मित भवन को गिराने की कानूनी प्रक्रिया शुरू है। जल्द ही उच्चाधिकारियों से अनुमति लेकर अवैध ढंग से निर्मित कराए गए भूखंड में बुलडोजर चला कर गिराया जाएगा। वहीं निर्माणकर्ता आशीष ने बताया कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की हद से बाहर भवन बना रहे है। नगर पंचायत में नक्शा स्वीकृत करने का आवेदन दिया था। लेकिन स्वीकृत नहीं किया गया है। उन्होंने बैनामा के आधार पर भूखंड में निर्माण कार्य कराया है।

# दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पत्नी के ऊपर केरोसीन डालकर जलाया, इलाज के दौरान हो गई थी मौत

**अमृत विचार।** दहेज हत्या के पांच साल पुराने मामले में एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी पति को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए पांच हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विशंभर पाल ने बताया कि बिवांर थानाक्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी पीड़ित पिता मूलचंद्र ने जलालपुर पुलिस को तहरीर दी थी। बताया था कि उसने अपनी बेटी सुधा की शादी 30 नवंबर 2014 को कुपरा निवासी रघुराज के साथ की थी। बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बेटी को परेशान करने लगे। उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। जब वह मायके आती तो सारी बात बताती। किसी तरह बेटी को समझा बुझाकर ससुराल भेजता था। कई बार पंचायत कराकर उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बाद भी दोषी पति व ससुरालीजन नहीं माने और 21 जुलाई 2019 को सुबह करीब आठ बजे पति रघुराज, सास, देवर बाबू, रामनरायण व बिल्लू ने मिलकर बेटी को जान से मारने की नियत से उस पर केरोसिन डालकर जला दिया। गांव वालों ने मामले की उसे सूचना दी। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। बताया कि 25 जुलाई को शाम करीब चार बजे उसने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने दोषी पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# बहनोई ने पत्नी के खिलाफ दर्ज कराई हत्या की एफआईआर, तलाश शुरू

फालोअप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के ऊंछा थोक के एक बंद कमरे में बरामद हुई सड़ी गली लाश के मामले में पुलिस ने मृतक के बहनोई की तहरीर पर मृतक की पत्नी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। हत्यारोपी पत्नी अपने एक पुरुष मित्र के साथ रील्स बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रही है। पुलिस इसकी तलाश में जुट गई है। आखिरी बार इसको 3 अक्टूबर की रात को बच्चों संग घर से बाहर जाते हुए देखा गया था।

कस्बे के वार्ड संख्या 13 के निवासी अब्दुल गफ्फार के मकान में महोबा जनपद के बरात पहाड़ी गांव का निवासी बाबू विश्वकर्मा अपनी पत्नी सोनम विश्वकर्मा एवं दो बच्चों के संग पिछले 10 माह से किराए पर रहता था।



सोशल मीडिया में सक्रिय हत्यारोपी पत्नी सोनम।

- हत्यारोपी पत्नी पुरुष मित्र के साथ रील्स बनाकर सोशल मीडिया में सक्रिय

- ऊंचा थोक गांव स्थित एक मकान में मिला था युवक का शव, जांच शुरू

बाबू राजमिस्त्री था और कस्बे में मकानों में टाइल्स आदि लगाने का काम करता था। साथ में उसकी पत्नी भी मजदूरी करती थी। सोमवार को मकान से अत्यधिक बदबू आने पर सुबह पुलिस की मौजूदगी में मकान का ताला तोड़ा गया था। मकान के कमरे से बाबू विश्वकर्मा का सड़ा गला शव बरामद हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था।

मृतक के बहनोई राजू विश्वकर्मा निवासी इंगोहटा ने मृतक की पत्नी सोनम विश्वकर्मा को नामजद कराते हुए हत्या करके फरार होने का मुकदमा दर्ज कराया है। उधर हत्यारोपी सोनम विश्वकर्मा सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। पहचानने वालों का दावा है कि वह अपने किसी पुरुष मित्र के साथ रील्स बनाकर सोशल प्लेटफॉर्म में अपलोड कर रही है। कस्बे के कुछ लोगों ने उसके सोशल मीडिया में सक्रिय होने का दावा पुलिस की पूछताछ में किया है। फिलहाल पुलिस सोनम की तलाश में जुट गई है। इसकी गिरफ्तारी के बाद ही हत्या की वजह सामने आ पाएगी।

## सार-संक्षेप



कानूनी संबंधी जानकारी की पुस्तक देती अपर जिला जज गीतांजलि गर्ग।

### महिलाओं को उनके अधिकारों की दी जानकारी

**हमीरपुर।** विधान से समाधान के अन्तर्गत महिलाओं को विधिक जानकारी के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिला जज/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गीतांजलि गर्ग ने बताया कि उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम विधान से समाधान के अन्तर्गत महिलाओं की शिकायतों के समाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि :शुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती हैं। कहा कि यदि किसी प्रकार महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं संबंधित थाना में नि :संकोच केस दर्ज करा सकती हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन एवं यौन उत्पीड़न के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम आनंद कुमार सक्सेना, रिसोर्स पर्सन नामित अधिवक्ता मुनीन्द्र कुमार शिवा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम सत्यम, मो .असलम तृतीय श्रेणी, कीर्ति सागर डाटा एंट्री आपरेटर एवं अमित कुमार चतुर्थ श्रेणी आदि उपस्थित रहे।

### केवीके में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया

**कुरारा(हमीरपुर)।** स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें आधा सैकड़ा महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने महिलाओं को बीज उत्पादन, मधुमक्खी पालन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की आधा सैकड़ा से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ .शालिनी सिंह ने बताया कि आप लोग सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ लें और घरों में सोलर पैनल लगवाएं। इससे बिजली बिल से छुटकारा मिलेगा। इसके साथ उन्होंने मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, भेड़ पालन, पशुओं का बीमा, फसल बीमा योजना आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में हरी शंकर भार्गव, केवीके अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, प्रशांत कुमार, अनूप कुमार, आशुतोष, अमित कुमार, मंजू, सुनीता, सुमन, विद्या, उर्मिला, रानी, सोनिया, जयदेवी, ज्ञानवती, मीरा, नैंसी, लक्ष्मी आदि मौजूद रही।

### चूहा नियंत्रण रसायनों का प्रयोग करते समय लापरवाही ठीक नहीं

**हमीरपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी इंद्रेशु ने बताया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं समुचित उपचार किया जाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अत : शासन के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिससे दिमागी बुखार एवं मियादी बुखार के प्रभाव से बचा सकें। घरों एवं खेतों में पाये जाने वाले चूहा एवं छछून्दर को भी वाहक के रूप में जिम्मेदार पाया गया है। इसके नियंत्रण के लिए कृषि विभाग द्वारा अपने समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से चूहा एवं छछूंदर से जनित रोग स्क्रब टाइफस एवं लेप्टोस्पायरोसिस से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। चूहा नियंत्रण रसायनों का प्रयोग करते समय हाथों में दस्ताने पहनें। जरा सी लापरवाही घातक हो सकती है। रसायनों को बच्चों की पहुंच से दूर रखें। मरे हुए चूहों को सावधानी पूर्वक घर से बाहर मिट्टी में दबा दें। दवा के प्रयोग के दौरान घर में रखी खाद्य सामग्री इत्यादि को अच्छी तरह से ढक दें। घर के आस-पास अनावश्यक जलभराव न होने दें। घर के आस-पास साफ-सफाई रखें। पीने के पानी को स्वच्छ रखें। पीने के पानी को उबाल कर ही पियें। कहा कि वह अपनी फसल में सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली पोर्टल में प्रदर्शित व्हाट्सअप मो0नं0-9452247111 एवं 9452257111 के माध्यम से भी 24 से 48 घंटे के अंदर अपनों फसलों में लगने वाले कीट, रोग से निदान पा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला कृषि रक्षा अधिकारी के मोबाइल-7310273933 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### ददरी गांव के पास अचेत व घायल अवस्था में मिला युवक

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा मनकी मार्ग में ददरी गांव के पास अचेत अवस्था में एक युवक पड़ा मिला। परिजन उसे स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी रणजीत उर्फ शिवम (24) पुत्र बीर सिंह सोमवार की रात करीब 8 बजे ददरी मोड़ के पास सड़क के किनारे अचेत व गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना हरौलीपुर चौकी पुलिस ने परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रधान प्रतिनिधि जीतेन्द्र ने बताया कि मृतक युवक पड़ोस के युवक की बाइक लेकर सिवनी गांव जाने को कहकर घर से निकला था। वहीं हरौलीपुर चौकी ने सूचना दी की बरुआ गांव के युवक रणजीत अचेत अवस्था में गंभीर हालत में सड़क के किनारे ददरी मोड़ के पास पड़ा है।

### शराबी भतीजे ने चाची के ऊपर चाकुओं से किया हमला

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा सागर तालाब रोड पर शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपनी चाची को लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। पठानपुरा सागर तालाब रोड निवासी रचना पत्नी मानिकचंद अनुरागी ने बताया कि सोमवार की रात लगभग 10 बजे वह अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी। बताया कि उसी दौरान शराब के नशे में धुत उसका भतीजा नवीनचंद उसके पास आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उसके भतीजे ने लाठी डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर घर में रखी चाकू को उठाकर उस पर हमला बोल दिया। बताया कि भतीजे ने चाकुओं से वार कर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया।

# कस्बे में धूमधाम से निकाला जुलूसे गौसिया

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में जुलूसे गौसिया धूमधाम से निकाला गया। कस्बे के जाने-माने शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य मौलाना, मदरसों के शिक्षक व अकीदतमंद तथा मदरसों के बच्चों ने चौधराना जामा मस्जिद से या रसूल अल्लाह या गौसे आजम के नारे बुलंद करते हुए विभिन्न मार्गों से इसे निकाला।

बड़े पीर के नाम से प्रसिद्ध हजरत गौसे आजम अब्दुल कादिर जिलानी का सालाना उर्स आज दुनिया भर में उनके चाहने वाले मनाते हैं।

कस्बे के फत्तेपुर में उनकी याद में आलीशान आस्ताना और मस्जिद में कल से शुरू हुए दो दिवसीय उर्स के अवसर पर जमकर लंगर का आयोजन हुआ। चादर पोसी हुई और एक बड़ा मेला यहां लगा। मंगलवार उनके उर्स का मुख्य दिन है। जगह-जगह लंगर वितरित हुआ।



जुलूसे गौसिया में शामिल अकीदतमंद व मदरसे के बच्चे। अमृत विचार

फातिहा खानी हुई और उसी के बाद आज दोपहर 2:30 बजे जुलूसे गौसिया हजरत मौलाना अताउर्रहमान व मदरसा यादगार मोहम्मदी के प्रधानाचार्य जनाब नसीम आलम, शिक्षक हज कमेटी के जहांगीर साहब व लाल मास्टर तथा अन्य लोग इसमें शामिल हुए। मदरसे के बच्चे दरूद सलाम और नाते गौसिया पढ़ते हुए आगे बढ़ते चले जा रहे थे। देर शाम कस्बे के विभिन्न मोहल्ला और गलियों से गुजरता हुआ यह जुलूस उसी स्थान में पहुंचा जहां से निकाला गया था जो फातिहा खानी और लंगर के बाद समाप्त हुआ।

# घटनाओं में दो महिला सहित पांच लोग भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाएं सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्रातीन लोगों की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पढ़ोरी गांव निवासी अनीता (23) पत्नी जगनायक घरेलू मामले में आपसी विवाद होने पर घर में टॉयलेट साफ करने वाला हार्पिक क्लीनर पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन कस्बे के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना में भुगैचा निवासी राजा बाबू (30) पुत्र भगवानदीन ऊंचाई से गिर जाने पर सरकारी अस्पताल भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। तीसरी घटना में सोमवार की रात उरदना निवासी शिवधीर सिंह (42) पुत्र विशाल सिंह गृह कलह से नाराज होकर सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर भाई अंकित ने कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चौथी घटना में शिव बाबू यादव (24) पुत्र भगवानदीन अपनी मां रन्नो (55) पत्नी भगवानदीन के साथ बाइक में भुगैचा गांव जा रहे थे। तभी बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर सड़क में गिरकर घायल हो गए।

दिशा- निर्देश | जिलाधिकारी ने पत्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के पंप का निरीक्षण किया

# पेयजल की नियमित जांच कराएं : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पत्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत बने पंप हादस का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पानी की आपूर्ति करने के साथ ही नियमित जांच कराएं। ताकि लोगों को शुद्ध पानी की आपूर्ति हो सके। उन्हें बताया गया कि 131 ग्राम पंचायतों में पानी की आपूर्ति इस योजना के तहत होनी है फिलहाल 112 ग्राम पंचायतों में पानी की आपूर्ति हो रही है।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम यमुना नदी पर बने इंटेक पंप हाउस का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित अन्य इकाइयों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निर्मित इस पेयजल योजना के अंतर्गत सप्लाई होने वाले पेयजल में किसी भी दशा में हैवी मेटल, आर्सेनिक आदि नहीं होना चाहिए।



पत्योरा समूह पेयजल योजना का निरीक्षण करते जिलाधिकारी धनश्याम मीना। अमृत विचार

इसके लिए नियमित रूप से पेयजल का लैब टेस्ट कराया जाए। परियोजना के अंतर्गत कवर किए जाने वाले सभी ग्रामों में टेल तक पानी पहुंचाया जाए। उन्होंने प्रोजेक्ट के लैब में जाकर अपने सामने पानी की गुणवत्ता की जांच कराई। हालांकि पानी में किसी तरह का मेटल या हानिकारक तत्व नहीं मिला। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 131 गांव कवर किए जाने हैं। वर्तमान में लगभग 112 गांव में पेयजल सप्लाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने अवशेष गांवों में भी शीघ्रता से पेयजल आपूर्ति चालू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रोजेक्ट के बारे में यथा पाइप लाइन, गृह जल संयोजन, ट्यूबेल की स्थापना एवं ओवरहेड टैंक निर्माण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गृह जल संयोजन के तहत किए गए शत प्रतिशत कनेक्शन एवं पानी के प्रेशर को मेंटेन रखने सहित अन्य निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, कार्यदायी संस्था प्रभारी/ अभियंता तथा अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## बच्चे की मौत पर डॉक्टर के विरुद्ध शिकायत की

**हमीरपुर।** प्रसूता ने नवजात के इलाज में जिला अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही करने का आरोप लगा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई है।

मौदहा कस्बा निवासी शिखा पत्नी रवी ने ज्ञापन में बताया कि बीते 14 अक्टूबर की शाम लगभग साढ़े पांच बजे मौदहा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में नार्मल तरीके से उसने बच्चे को जन्म दिया था। प्रसव के पश्चात नवजात बच्चे का ऑक्सीजन लेवल कम होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पति संग बच्चे को लेकर रात्रि में ही जिला अस्पताल पहुंची जहां चिकित्सकों से विनती के पश्चात बच्चे को एसएनसीयू में भर्ती किया गया। आरोप लगाया कि नवजात के इलाज में लापरवाही बरती गई।

# पात्र लोगों को दिलाएं आवास योजना का लाभ

## करौंहा में लगा स्वास्थ्य-राजस्व शिविर, जिलाधिकारी ने वहां आए फरियादियों की समस्याएं भी सुनीं

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** दीनदयाल शोध संस्थान एवं राजस्व विभाग चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ग्राम पंचायत करौंहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में लोगों को बताएं और पात्र लोगों के नाम सूची में जुड़वाएं।

शिविर की शुरुआत जिलाधिकारी के साथ चिकित्साधिकारी डा. तनुसा टीआर, डीआरआई प्रधान सचिव अतुल जैन, संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने पं. दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। जिलाधिकारी ने अभिभावकों को बच्चों का टीकाकरण कराने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों को यूनीफार्म, मोजा-जूता आदि खरीदने के लिए अभिभावकों के खाते में धनराशि डीबीटी से भेज दी गई है। किताबों का भी वितरण कराया गया है। संगठन सचिव ने कहा कि गांव में कोई व्यक्ति गरीब न रहे, बेकार न रहे, अस्वस्थ, अशिक्षित न रहे और विवाद न करे, इसकी कोशिश लगातार होनी चाहिए।

कोषाध्यक्ष ने बताया कि किशोरियों को आयरन की गोली एवं ब्लड टेस्ट करा कर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाएगा। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंज बिहारी तिवारी एवं शिक्षक खेमराज सिंह को सम्मानित किया गया। बाद में जिलाधिकारी ने मानिकपुर कल्याण केंद्र का निरीक्षण किया। सत्येंद्र मिश्रा ने बताया कि यहां पर 35 आदिवासी बालक व 25 बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, कमलेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।


करौंहा में शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी। अमृत विचार


गांव में लगे शिविर में पहुंचे लोग। अमृत विचार

### ग्रामीणों की साझेदारी से आयोजन

डीआरआई प्रधान सचिव ने बताया कि गांववालों की साझेदारी व भागीदारी से इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कोई समस्या हो तो संस्थान के कार्यकर्ता को बताएं, निराकरण कराया जाएगा।

### किशोरियों को दी जानकारी

जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी ने कहा कि किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होता है। मां-बहन को दोस्त बनाना जरूरी है कि कोई समस्या होने पर उनको बता सकें।

## बच्चों ने धूमधाम से मनाया डा. कलाम का जन्मदिन

**चित्रकूट।** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कछारपुरवा में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन मनाया गया। बच्चों को मिसाइलमैन के नाम से ख्यात देश के महान सपूत के बारे में बताया गया।

विकास पथ सेवा संस्थान चित्रकूट के अध्यक्ष डा. प्रभाकर सिंह ने डा. कलाम के व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा की। बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौष्टिक भोजन, पोषक तत्वों के बारे में बताया। शिक्षक विद्यासागर सिंह ने बताया कि डा. अब्दुल कलाम ने कैसे अभावों से लड़कर अपनी मंजिल पाई और देश के राष्ट्रपति बने। उन्होंने सीख दी कि प्रत्येक व्यक्ति को एक निश्चित समयसीमा में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। लवकुश सिंह, उषा रानी त्रिपाठी, प्रधानाध्यापिका रचना यादव, सरला देवी, गरिमा सिंह, ममता, सोनू गौतम, दीपा, सियाराम सिंह, गीतांजलि, प्रियंका द्विवेदी, नीलम, सुनीता, सविता, रुक्मिणी आदि मौजूद रहीं।

## सार-संक्षेप



दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे मप्र के राज्यपाल। अमृत विचार

### ग्रामोदय विवि का दीक्षांत समारोह आज

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज होगा। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल मुख्य अतिथि होंगे। वह मंगलवार को चित्रकूट पहुंच गए। राज्यपाल विवि परिसर में राष्ट्रोदय की थीम पर बने ग्राम दर्शन पार्क व तकनीकी भवन का लोकार्पण भी करेंगे। मंगलवार शाम परिसर में दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। मुख्य संयोजक प्रो. आईपी त्रिपाठी ने बताया कि कुलसचिव नीरजा नामदेव की अगुवाई में प्रतीकात्मक दीक्षांत शोभा यात्रा संचलन और सभी गतिविधियों का रिहर्सल हुआ। समारोह में 26 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमो में पाठ्यक्रमवार सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले 32 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और कृषि पाठ्यक्रम के एक विद्यार्थी को नानाजी मेडल प्रदान किया जाएगा। स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 610 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी।

### लाखों की लागत से लगी स्ट्रीट लाइट खराब, गांव में छाया अंधेरा

**रामनगर (चित्रकूट)।** आकांक्षी ब्लाक रामनगर में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनदेखी के आरोप लग रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकुर चौधरी ने ब्लॉक प्रमुख और खंड विकास अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। अंकुर ने बताया कि लाखों की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइट महज कुछ ही दिनों में खराब हो गईं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि गांव अंधकार में डूबा हुआ है और अराजक तत्व सक्रिय हैं। बताया कि रामनगर में क्षेत्र पंचायत ने 26 स्ट्रीट लाइट लगवाई थीं लेकिन इनमें से केवल छह ही काम कर रही हैं। इस संबंध में कई बार ठेकेदार, खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख को पत्र लिखे लेकिन उनकी बात अनसुनी कर दी गई। बीडीसी सदस्य का आरोप है कि अधिकारी इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे गांव में अंधेरा बना हुआ है और चोरियां हो रही हैं। उनका यह भी आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख के तेवर क्षेत्र पंचायत प्रमुख बनने के बाद से बदल गए हैं। बताया कि पद संभालने के बाद सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से वादा किया था कि विकास कार्य उनकी अनुमति के अनुसार ही किए जाएंगे लेकिन अब प्रमुख अपने वादों से मुकर रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य को बिना किसी सूचना के ही विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ गई हैं। चौधरी का कहना है कि अगर उन्हें जानकारी दी गई होती तो स्ट्रीट लाइट सही ढंग से लगाई जातीं और आज गांव रोशनी में होता। अंकुर ने इस संबंध में प्रशासन से ध्यान देने का अनुरोध किया है।


गांव में बेकार पड़ी स्ट्रीट लाइट।

### जहरीले कीड़े के काटने के बाद घूमता रहा युवक, मौत

**रामनगर (चित्रकूट)।** एक युवक को खेत में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। इसका उसे भान नहीं हुआ। वह घूमता टहलता रहा और बाद में चक्कर खाकर गिर पड़ा और मौत हो गई। यह मामला मऊ तहसील के रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भखरवार का है। जानकारी के मुताबिक, यहां के निवासी मुन्ना रैदास ने बताया कि उसका पुत्र आशीष (18) सोमवार की सुबह खेतों की ओर गया था। वहां किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया लेकिन युवक को आभास नहीं हुआ। परिजनों के मुताबिक, इसके बाद भी वह खेतों में घूमता रहा। जब उसका सिर चकराया तो घर पहुंचा। पर तबतक हालत खराब हो चुकी थी। जब तक परिजन अस्पताल ले जाते, मौत हो गई। मुन्ना ने बताया कि उसके छह पुत्र, दो पुत्रियां हैं। पांचवे नंबर का आशीष पानीपत में रहता है। वह कुछ दिन पहले गांव आया था। आशंका है कि खेत में उसे जहरीले सांप ने डस लिया और उसे पता नहीं चला। ग्राम प्रधान बच्चा कोटार्य ने बताया कि मृतक की मां नन्ही देवी पुत्र की मौत से बदहवास है। परिवार के पास लगभग दो बीघे जमीन है। अत्यंत गरीब परिवार है। सरकारी मदद का अनुरोध किया है।


आशीष।

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी समेत दो लोगों को पकड़ा

**राजापुर (चित्रकूट)।** पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। 10 अक्टूबर को थाने में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजेश प्रसाद पुत्र रामराज ने करीब एक वर्ष पहले उससे जबरन दुष्कर्म किया था। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। निरीक्षक अपराध अंजनी कुमार सिंह ने 15 अक्टूबर को आरोपी राजेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया। उधर, चौकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता ने वांछित आरोपी राजेंद्र निषाद पुत्र अर्जुन निवासी टिकुरा को गिरफ्तार किया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** पुलिस ने चोरी की घटना के तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। बालमुकुंद निवासी मऊ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर जेवर व 50 हजार रुपये चुरा लिए हैं। एसआई शिवपूजन सरोज ने 22 सितंबर को दो आरोपियों को पकड़ लिया था। मंगलवार को तीसरे आरोपी गुड्डू निषाद पुत्र श्रीनाथ निवासी गेरुवा मैदाना को भी गिरफ्तार किया गया। इससे 1400 रुपये बरामद हुए।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाएं संयुक्त अभियान

चित्रकूट कार्यालय

- जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उप जिलाधिकारियों, खनिज अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारियों व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। मंगलवार को डीएम ने सीएम डैशबोर्ड, कर करेतर, राजस्व वसूली की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की वसूली की समीक्षा की। कहा कि शासन द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कराएं। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंकिंग कम है, वे प्रगति कराएं। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के निस्तारण पर सभी विभागों के अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, डीसी राज्य कर विजय कुमार सोनी, एआईजी स्टांप श्यामसुंदर, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बाइक खाई में गिरी, किशोर की मौत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- निमंत्रण में जा रहे थे तीनों भाई, रात में रास्ता भटके

**अमृत विचार।** बाइक अनियंत्रित होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे इस पर सवार तीन किशोरों में से एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों एक निमंत्रण में जा रहे थे कि रास्ता भटक गए।


राज वर्मा।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत पनौटी निवासी राज वर्मा (14) पुत्र शिवदास अपने छोटे भाई अनुज (13) और ममेरे भाई आशीष (19) पुत्र लवलेश के साथ बाइक से भदेहदू निमंत्रण में जा रहा था। करीब नौ बजे इनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इससे राज की मौके पर मौत हो गई। आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। अनुज को मामूली चोटें आईं। यहां बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। काफी देर तक तीनों घायलावस्था में खाई में पड़े थे। पास के खेत में पानी लगाए हुए एक किसान ने देखा और जानकारी लेकर भदेहदू में मृतक के नाना गोरेलाल को सूचना दी।

परिजनों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को बताया। प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी पहुंचे और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डाक्टर ने राज को मृत घोषित कर दिया। आशीष को जिला चिकित्सालय रिफर किया। घटना की जानकारी घर पहुंची तो मातम छा गया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक के दादा अर्जुन ने बताया कि तीनों लोग बाइक से जा रहे थे। रास्ता भटक जाने से खोंपा गांव के मजरे सिकरीशालिस पहुंच गए।

# छात्रावासों के पास रात में हो गश्त

चित्रकूट कार्यालय


कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

- जिलाधिकारी, एसपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने छात्राओं के छात्रावासों में पुलिस अधिकारियों को रात में गश्त करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बीएसए बीके शर्मा और डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा से कहा कि विद्यालय वाहनों के परमिट चेक कराएं और वाहन चालक तथा परिचालक की भी चेकिंग की जाए। इसके लिए सभी विद्यालयों को पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि महिला संबंधी अपराधों, माफियाओं, आर्म्स एक्ट, टॉप 10 अपराधियों आदि के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि थानों के सामने सड़कों पर खड़े वाहनों की तत्काल नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने एआरटीओ विवेक शुक्ला व खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह को भी निर्देश दिए कि विभागों से संबंधित वाहनों के मामलों का भी निस्तारण कराया जाए।

बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम मऊ सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, सीओ सिटी राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा, सहायक निदेशक अभियोजन विनोद सिंह आदि अधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ता, थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## चबूतरा तोड़ने को लेकर मारपीट

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा में ट्रैक्टर ट्राली से चबूतरा तोड़ने को लेकर हुए विवाद के चलते ट्रैक्टर चला रहे व्यक्ति ने एक युवक के साथ गाली- गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कस्बे के पठानपुरा इलाके के निवासी शहादत पुत्र मुमताज मोहम्मद ने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके मकान के पास असगर अली नाम के एक व्यक्ति का मकान निर्माण हो रहा है। बताया कि मंगलवार सुबह असगर अली के निर्माणाधीन मकान के लिए एक युवक ट्रैक्टर ट्राली से गिट्टी लेकर वहां पर आया हुआ था। बताया कि उक्त युवक ने ट्रैक्टर से चबूतरा क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उक्त युवक ने पिटाई कर दी।

# किसानों ने जोर-शोर से उठाया खाद की कमी का मुद्दा

चित्रकूट कार्यालय


भाकियू की पंचायत में मौजूद किसान। अमृत विचार

- तहसील मुख्यालयों पर भाकियू की किसान पंचायतें

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन की जिला इकाई की पंचायतें मंगलवार को तहसील मुख्यालयों में हुईं। किसानों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग बुलंद की। बैठकों में किसानों ने खाद की कमी का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया।

सदर तहसील के साथ राजापुर और मऊ में हुई बैठकों में किसानों ने हदबंदी व चकबंदी के साथ बिजली की कमी की बात भी कहीं। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। समितियों में खाद की उपलब्धता नहीं है। बुआई का समय चल रहा है। किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों ने इस बात पर रोष जताया कि नहरों की सिल्ट सफाई व कब्जे हटाए जाने की लगातार मांग करने के बाद भी सिंचाई विभाग आंखों पर पट्टी बांधे है। बताया कि जल्द ही विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने की रणनीति बनाई जाएगी। मऊ तहसील अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खंडेहा के किसानों ने मांग की है कि चकबंदी की धारा 52 तबतक न लगाई जाए जबतक रास्ते अतिक्रमणमुक्त न हों। तहसील अध्यक्ष राजापुर राजकिशोर सिंह ने बताया कि बिजली की भारी समस्या है। किसानों के ट्यूबवेल चल नहीं पा रहे हैं। वन विभाग द्वारा किया गया वादा भी पूरा नहीं किया गया। जंगली जानवरों, बंदरों, नीलगायों से किसान परेशान हैं। नरेश सिंह, शिव सिंह, शत्रुघ्न पटेल, नरेश तिवारी, जयनारायण सिंह, छोटे पीढिया, राजकुमार, कमलेश, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**पहल** पुल के नीचे इकट्ठा बड़े पनसोखना चारे के ढेर को बाहर निकाला गया

# दिवाली के पहले घाटों की सफाई का बीड़ा उठाया

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** बुंदेली सेना की अगुवाई में युवा दीपावली के पहले मंदाकिनी नदी के घाटों की सफाई करेंगे। मंगलवार को बुंदेली सेना ने पुल घाट से अभियान की शुरुआत की। पुल के नीचे इकठ्ठा बड़े पनसोखना चारे के ढेर को बाहर निकाला गया।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कर्वी के घाटों की सफाई के बाद सीतापुर में नदी घाटों की सफाई की जाएगी। अजीत ने लोगों से नदी में पालीथिन कचरा न फेंकने और मूर्तियां पुलघाट स्थित बरगद के चबूतरे पर रखने की अपील की है।

अजीत ने बताया कि बाढ़ के दौरान कर्वी पुल के नीचे एक बड़ा पनसोखना चारे का ढेर पिलर से आकर लिपट गया था1 मंगलवार को अभियान की शुरुआत इसी चारे को निकालने के साथ हुई1 पुलघाट की सीढ़ियां मिट्टी मलबे से पटी हुई हैं 1 इसके बाद उनकी सफाई होगी और फिर सीतापुर में नदी को स्वच्छ किया जाएगा1 अजीत ने अपील की कि जो लोग नदी में मूर्तियां फेंक जाते हैं, वे लोग चबूतरे पर ही मूर्तियों को रख दें1 नदी सभी की है और सबके सहयोग से ही इसे बचाया जा सकता है1 सफाई अभियान के पहले दिन चुन्नीलाल निषाद, गया रैकवार, जानकी शरण गुप्ता, अतुल सिंह, वीपी पटेल आदि ने सहयोग किया।


पुल के नीचे से चारा निकालते युवा। अमृत विचार

### नदी में न फेंके कचरा

अजीत ने बताया कि अभी भी धर्मभीरु लोग बड़े पैमाने पर नदी में कचरा फेंक रहे हैं और बाद में वही लोग नदी प्रदूषण को लेकर चिंता भी व्यक्त करते हैं। दीपावली के पूर्व हजारों की तादाद में लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां नदी में विसर्जित की जाती हैं। अब बुंदेली सेना की अपील पर सैकड़ों लोग मूर्तियों को नदी किनारे चबूतरे में रख जाते हैं। बाद में इनका भू विसर्जन करा दिया जाता है।

## बिना वजह मारपीट कर घायल करने का लगाया आरोप

**चित्रकूट।** रैपुरा निवासी राजाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 अक्टूबर की रात उसे आशीष, बब्लू, केदार, कमलेश प्रसाद और राजू ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी इन लोगों से कोई रंजिश नहीं है। उसने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## पुत्र से गालीगलौज और मारपीट

**मऊ (चित्रकूट)।** थानांतर्गत गांव बौसड़ा निवासी सीता देवी ने पड़ोसियों बुच्ची पुत्र जगत और लाला पुत्र भोला पर पुत्र धर्मेंद्र से गालीगलौज करने और सिर पर डंडा मारकर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार की है।

# लोक संगीत पर थिरकेंगे कलाकारों के पांव

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- आज से होगा तीन दिवसीय शरदोत्सव

**अमृत विचार।** 16 अक्टूबर से तीन दिवसीय शरदोत्सव में लोक कलाओं का संगम होगा। राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की जयंदी पर तीन दिन दीनदयाल परिसर में लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मंगलवार को उद्यमिता विद्यापीठ के लोहिया सभागार में बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

आयोजक मंडल ने बताया कि पहले दिन भजन संध्या में भजन गायक पवन तिवारी टीकमगढ़ की प्रस्तुतियों के साथ आनंद रघुनंदन नाटक होगा। इसका निर्देशन सतना की अनामिका सिंह परिहार ने किया है। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय व पुरातन छात्र परिषद की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। अगले दिन साधौ बैंड एवं साथी मुंबई भजन प्रस्तुत करेंगे।

सतना की सविता दाहिया के निर्देशन में नाटक भक्तिमती शबरी का मंचन किया जाएगा। समापन वाले दिन इंडियन आइडल के विजेता गायक पवनदीप राजन एवं अरुणिता कांजीलाल मुंबई की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम सात बजे से किए जाएंगे। 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के दिन खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## सुलह न करने पर मारापीटा

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के अतरार गांव निवासी दलित महिला राजकुमारी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि छह माह पहले पति के साथ गांव निवासी दुलीचंद प्रजापति के चार पुत्रों ने मारपीट की थी। जिस पर उसके पुत्रों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब उसके पुत्र राजीनामा के लिए दबाव बना रहे हैं। पति ने सुलहनामा करने से इंकार करने पर आरोपी नाराज हो गए। सोमवार की शाम वह अपने पुत्र मिट्ठू लाल व पुत्री प्रीति के साथ छानी गांव से वापस घर आ रही थी। तभी रास्ता रोक कर अनिल कुमार दो अज्ञात युवकों ने रोककर अभद्रता की। इस पर उसके पुत्र ने यूपी 112 पुलिस को फोन किया। पुलिस आने पर आरोपी भाग गए। एसआई विकास यादव ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# रुपये देने के बहाने बच्ची के साथ दुराचार की कोशिश

## आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले किया

कार्यालय संवाददाता, महोबा



**अमृत विचार।** थाना पनवाड़ी के एक ग्राम में एक दस वर्षीय बच्ची को रुपये देने के बहाने एक अधेड़ अपने साथ घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की वरदात को अंजाम की कोशिश की। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और भाग रहे अभियुक्त को पकड़ लिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अधेड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का उपचार जिला अस्पताल में कराया।

तहरीर में बच्ची के पिता ने बताया कि बीती शाम उसकी दस वर्षीय पुत्री पड़ोस के बच्चों के साथ खेल रही थी तभी गांव का ही 51 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति उसकी पुत्री को सौ रुपये देने के बहाने बहला-फुसला कर अपने घर ले गया, जहां पर उसके साथ छेडखानी करते हुए दुष्कर्म की वरदात को अंजाम देने लगा।

बच्ची के चीखने चिल्लाने पर उसने बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, लेकिन जब तक शोर शराबा सुन कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिन्हें देखकर उक्त व्यक्ति बच्ची को छोड़कर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। ग्रामीण और परिजनों ने घेराबंदी करते हुए अभियुक्त को पकड़ा और डायल 112 को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और घायल बच्ची को ग्रामीण व परिजन थाने लेकर पहुंचे। जहां पर पिता की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया और घायल बच्ची को इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए महिला जिला अस्पताल पहुंचाया। कुलपहाड़ सीओ हर्षिता गंगवार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही जबकि बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## होठ कटी बच्ची का ऑपरेशन

**जैतपुर महोबा।** आरबीएस योजना के तहत खंदियापुरा आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों का पंजीकरण करने के बाद डाक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही होट कटे बच्चों का परीक्षण कर उनमें से एक छह माह की बच्ची को स्पेशलिस्ट हास्पिटल बर्न एंड ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेजा। जहां पर डाक्टरों ने उसका सफल आपरेशन किया। आरबीएस के योजनान्तर्गत आयोजित शिविर में होठ कटे बच्चों का परीक्षण किया गया। कस्बे के घुसियानापुरा निवासी अरुण पाल की छह माह की बेटी आराध्या पाल जिसका जन्म से ही होठ कटा हुआ था और उसका आंगनबाड़ी में पंजीकरण भी था। डा. आशीष तिवारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डा. अंजुम गुप्ता के नेतत्व में डा. आशुतोष सोनी, महेंद्र सिंह सहित तमाम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्ची के कटे होठ की जांच की। जहां से बच्ची का आपरेशन कराने के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा।

# गौस-ए-पाक ने सच्चाई की राह दिखाई

कार्यालय संवाददाता महोबा



मस्जिद में खिताब करते मौलाना। अमृत विचार

● मकनियापुरा की छोटी मस्जिद में जश्न-ए-गौसुलवरा में नातिया कलाम पेश किए गए

**अमृत विचार।** मकनियापुरा की छोटी मस्जिद में जश्न-ए-गौसुलवरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौलाना और हाफिजों ने बड़े पीर साहब की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए उनके बताए गए अमन के पैगाम से लोगों को रूबरू कराया। कार्यक्रम में नबी पर नातिया कलाम भी पेश किए गए। कार्यक्रम का संचालन हसन रजा ने किया।

प्रोग्राम की शुरुआत इकरार चिश्ती साहब ने कलाम पाक की तिलावत से की। हजरत मौलाना सलीम राजा कादरी साहब ने खिताब करते हुए कहा कि गौस-ए-पाक हमेशा सच बोलते थे और उन्होंने सच बोलने का पैगाम दिया क्योंकि उन्होंने 18 पारा कुराने पाक मां के पेट में याद कर लिया था और बड़े होकर उन्होंने तालीम हासिल कर लोगों को सच्चाई की तरफ आने की दावत दी। उन्होंने बताया कि गौस पाक के वालिदेन बड़े ही नेक थे। आपने पैगाम दिया कि कभी किसी की चीज बेगैर इजात नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने हमेशा लोगों को बुराई से रोका और अच्छे काम करने का हुक्म दिया। मौलाना हसन रजा ने बताया कि गौसे पाक जब बड़े होकर शिक्षा प्राप्त करने के लिए ईरान से बगदाद जाने लगे तो मां ने कहा बेटा कभी भी झूठ मत बोलना। बताया कि जब वह काफिले वालों के साथ बगदाद जाने लगे तो रास्ते में डाकुओं ने काफिले वालों को घेर लिया सब लोग अपनी जान माल बचा कर भागने लगे लेकिन गौस पाक न भागे और न ही झूठ बोला। उनकी सच्चाई को सुन कर डाकूओं ने गुनाहों से तौबा कर ली।

कार्यक्रम में नात-ए-नबी गुनगुनाने के लिए जनाब साकिब रजा को दावत दी गई, जिन्होंने बेहतरीन अंदाज में नात-ए-नबी पढ़ा और गोस-ए-पाक की शान में तकरीर की। मकनियापुरा की बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना खुर्शीद साहब ने गोस-ए-पाक की जिंदगी जिंदगी पर रोशनी डाली और उनके इल्मी मकाम को बताया साथ ही उनकी इबादत का ज़िक्र किया। हाफिज आमिर रजा ने शांति और अमन का पैगाम देते हुए नातिया कलाम पेश किया। मौलाना सईद मिस्बाही ने गौसे पाक की सीरत का ज़िक्र किया उन्होंने बताया बड़े पीर साहब सूफी बुज़ुर्ग थे जिन्होंने शांति और अमन का पैगाम दिया। इस मौके पर अकबर अंसारी, नईमुररहमान रहे।

# अधिकारियों ने बैंकों की परखी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● बैंक के बाहर बिना काम के खड़े लोगों को चेतावनी दी

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों का पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण कर वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ सिटी ने मुख्यालय में संचालित बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, तो वहीं सीओ कुलपहाड़ ने भी विभिन्न बैंकों का दौरा किया और वहां बैंक प्रबंधकों व अन्य कर्मियों से बात की।

सीओ सिटी दीपक दुबे ने मुख्यायल के एक- एक बैंक में पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों से ड्यूटी से संबन्धित जानकारी हासिल की साथ ही सुरक्षा गार्डों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश भी दिए। सीओ द्वारा बैंक के आसपास खड़े लोगों से भी पूछताछ क गई और बिना वजह बैंकों के आसपास न घूमने की चेतावनी देकर छोड़ा गया। पुलिस ने बैंकों के अंदर बाहर गहतना के साथ चेकिंग की और सुरक्षा संबन्धी उपकरणों को परखा गया। बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध में बिन्दुवार वार्ता भी की गई।

सीओ कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार ने भी पुलिस टीम के साथ क्षेत्री बैंकों का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंक में लगे सीसी टीवी कैमरों 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए।





राम-लक्ष्मण को ले जाने के लिए सभा में मौजूद मुनि विश्मामित्र व लीला देखते दर्शक। अमृत विचार

# ताड़का वध होते ही जय-जय श्रीराम का जयघोष

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● श्रीनगर के रामलीला मैदान में ताड़का वध का आयोजन

**अमृत विचार।** नवयुवक रामलीला मंडल श्रीनगर द्वारा आयोजित रामलीला के दूसरे दिन मुनि विश्मामित्र द्वारा श्रीराम सहित चारो भाइयों को शिक्षा ग्रहण कराने के लिए आश्रम ले जाने और ताड़का वध, मारीच सुबाहु का श्रीराम से संवाद और युद्ध की लीला का मंचन किया गया। तड़का वध होते ही दर्शकों ने जय- जय श्रीराम का जयघोष किया।

श्रीनगर किले के पास बने रामलीला मंच पर लीला की शुरुआत मुनि याचना से हुई। यज्ञ रक्षा के लिए मुनि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम- लक्ष्मण को को मांग लिया। पुत्र प्रेम के चलते पहले तो राजा दशरथ ने आनाकानी की लेकिन मुनि विश्वामित्र का क्रोध देखकर वशिष्ठ जी ने राजा को समझाया और फिर उन्होंने प्रभु राम व लक्ष्मण को उन्हें सौंप दिया।

वन के रास्ते में दुष्ट राक्षसी ताड़का ने उनका रास्ता रोक लिया। मुनि विश्वामित्र के कहने पर श्रीराम ने ताड़का का एक ही बाण से संहार कर दिया। ताड़का का वध होते ही जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। जब मारीच को ताड़का वध की जानकारी हुई तो वह भी सुबाहु के साथ युद्ध मैदान में सज्ज हो गया। रामलीला का संचालन अनिल शुक्ला ने किया तथा व्यवस्था सहयोगी अखिल यशवर्धन त्रिवेदी, प्रकाश कुशवाहा आदि रहे।

# तहरीर देने गए भाजपा नेता को पुलिस ने बैठाया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● पुलिस की इस मनमानी से भाजपाइयों में दिखा गुस्सा

**अमृत विचार।** वरिष्ठ भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र मिश्रा से दबंगों ने बच्चों के विवाद में अभद्रता की। साथ ही उनके बेटे के साथ मारपीट की। भाजपा नेता ने दबंगों के खिलाफ तहरीर दे दी है। तहरीर देने गए भाजपा नेता को पुलिस ने थाने में बैठा लिया और बाद में यह कहकर छोड़ दिया कि सुबह फिर कोतवाली आना। रात में भाजपा नेता को कोतवाली में बैठाए जाने से भाजपाई नाराज हैं।

शहर के मोहल्ला सुभाषनगर के एसपी आफिस के समीप रहने वाले नरेंद्र मिश्रा के बेटे का कुछ लोगों से विवाद हो गया था, जिस पर दबंग, भाजपा नेता के घर पहुंच गए जहां पर मौजूद भाजपा नेता के साथ अभद्रता करने लगे। नेता के बेटे ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसकी मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया। दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए, इससे घबराए भाजपा नेता न्याय के लिए कोतवाली महोबा पहुंचे। वहां पर पुलिस ने भाजपा नेता की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उन्हें कोतवाली में बैठा लिया। एक घंटे तक कोतवाली में बैठाने के बाद उन्हें अगले दिन फिर आने का अल्टीमेटम देकर जाने दिया। भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उत्पीड़न भाजपाई नाराज हैं।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम लाडपुर में एक युवक ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवक ने फांसी क्यों लगाई यह जानने के लिए पुलिस के साथ परिवार के लोग परेशान रहे। जितेंद्र अहिरवार 20 पुत्र प्रेमचंद्र अहिरवार ने अपने कमरे में जाकर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, थोड़ी देर बाद परिवार के लोगों ने जाकर देखा तो जितेंद्र का शव रस्सी में लटका हुआ था। महिलाओं की रोने चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े, और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जवान बेटे की मौत से मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल है।

# एसडीएम ने गिरवा दी दीवार, जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● पीड़ित ने जिलाधिकारी से मिलकर बताई व्यथा

● भूमि पर कब्जा नहीं, बैनामा कराया था

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला गांधीनगर में कानपुर सागर हाईवे में आर्यावर्त बैंक के पास रजिस्टर्ड बैनामाशुदा डेढ़ दशक पुराने प्लाट पर बाउंड्री और गेट लगा होने के बाद भी कुछ लोगों की शिकायत पर एसडीएम ने पुलिस फोर्स के साथ जाकर महिला की बाउंड्री और गेट गिरा दिया। इतना ही नहीं पुलिस गेट और अन्य सामग्री भी साथ ले गई। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से कर न्याय की गुहार लगाई है। रजिस्टर्ड बैनामा के जरिए खरीदे गए प्लाट पर काबिज रहने की भी मांग की है।

कस्बा कबरई के मोहल्ला विवेकनगर निवासी कविता पत्नी ब्रजेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि महिला ने वर्ष 2009 में रजिस्टर्ड बैनामा के जरिए शहर के मोहल्ला गांधीनगर में आर्यावर्त बैंक के पास एक प्लाट खरीदने के बाद उसमे बाउंड्रीवाल बनाकर गेट लगा दिया था, जिस पर कुछ लोगों ने इसकी शिकायत कर उक्त प्लाट पर अवैध कब्जा बताया था, जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बाउंड्रीवाल और गेट को गिराकर सामान भी ट्रैक्टर में भरवाकर साथ ले गए। पीड़ित ने जिलाधिकारी से कहा कि उसने कब्जा नहीं किया था बैनामा कराया था पर कार्रवाई की गई।

## पान के उत्पादन के लिए किसानों को बताई खेती की विधि

**महोबा।** पान उत्पादन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 16 अक्टूबर से पान प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र बजरिया महोबा में किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उद्यान विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, स्वयं सहायता समूह तथा माइक्रोइरीगेशन प्रणाली से संबन्धित स्टाल लगाए जाएंगे।

जानकारी जिला उद्यान अधिकारी देते हुए बताया कि 16 अक्टूबर को किसान गोष्ठी और 17 अक्टूबर को स्थानीय उन्नतशील किसानों के प्रेक्षत्र का भ्रमण कराया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी किसानों से मेले में प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाए जाने की अपील की है। कहा कि पान का उत्पादन कर आर्थिक रूप से संपन्न हो सकते हैं। खेती के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम की जानकारी दी।





कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. डॉ. राजाराम यादव और उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

# अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान दें छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय में इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी की ओर से हुई गोष्ठी

**अमृत विचार।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी में वैज्ञानिक लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति पर चर्चा हुई। यह आयोजन अनुसंधानकर्ताओं, छात्रों और वैज्ञानिकों को नई जानकारी प्राप्त करने के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के पूर्व कुलपति वैज्ञानिक प्रो. डॉ. राजाराम यादव ने अल्ट्रासाउंड और इसके उपयोग पर अपनी विशेषज्ञता साझा किया। वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और अन्य संबंधित क्षेत्रों पर केंद्रित जानकारी उन्होंने दी। महोबा जिले के सभी विद्यालय, महाविद्यालयों व अन्य संस्थाओं के छात्रा- छात्राओं व शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय प्राचार्य एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रो. सुशील बाबू व कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष कुमार पांडेय ने किया। अतिथि के रूप में पंडित सनातन शास्त्री, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा पुस्तकालयाध्यक्ष जेएनवी साउथ गारो हिल्स उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार ,डॉ. मधुबाला सरोजिनी, डा. अरविंद कुमार, डा. महेंद्र सिंह, डा. अनवर आलम, डा. एसएस राजपूत, डा. केसी वर्मा, शैलेश कुमार तिवारी, राम बिहारी पांडेय, डा. अनुराग सिंह, डा. शक्ति सक्सेना, डा. सोवित कुमार गुप्ता, डा. डीके खरे, पूर्व प्रवक्ता डा. एलसी अनुरागी आदि मौजूद रहे।

**अभियान** बद्री सिंह इंटर कालेज और शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल कबरई में गोष्ठी का आयोजन

# बाइक यात्रा निकाल भारतीय संस्कृति से जुड़ने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता महोबा





कार्यक्रम में बोलते समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी व उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्र व राज्य सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार तथा महापुरुषों के जीवन दर्शन के बारे में बता रही है। किसी भी विद्यालय शिक्षण संस्था में शिक्षा से पहले बच्चों में भारतीय संस्कृति और संस्कार से रुबरू कराना अति आवश्यक है, जिसके लिए 17 वर्षों से हमारी मोटर साइकिल यात्रा लगातार बुंदेलखंड क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को भारतीय संस्कृति और संस्कार से जोड़ने का काम कर रही है। ये बातें बुंदेलखंड के समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने बद्री सिंह बालिका इंटर कॉलेज कबरई में आयोजित जन जागरण संगोष्ठी में कहीं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं करीब हैं इसलिए बच्चों को लक्ष्य बनाकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। छात्राओं को भारत के भविष्य और महिला सशक्तिकरण करण चरित्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन मानसिक तनाव से स्वस्थ रहकर शारीरिक स्वच्छता और स्वच्छता सुंदरता के लिए विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी। कालेज की प्रधानाचार्य जुबेदा खातून ने पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, नारी शक्ति, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने का प्रयास किया। उन्होंने सराहना करते हुए समस्त बालिका विद्यार्थियों को जीवन में अच्छे नागरिक और उद्देश्य लेकर पढ़ने पर बल दिया।

शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल आजाद नगर कबरई में भी विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संतोष गंगेले रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति संस्कारों की छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए उनका मार्ग दर्शन किया साथ ही मार्गदर्शन जीवन दर्शन और नैतिक शिक्षा के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। इस मौके पर मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रीदेवी, दीपक द्विवेदी, रिया रहीं।

# छात्राओं को बताए उनके अधिकार

कार्यालय संवाददाता, महोबा



पंफलेट दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

● छात्राओं को सरकार की योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी

**अमृत विचार।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन बनाने के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सांई इंटर कालेज महोबा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल कल्याण विभाग की काउंसलर पूर्णिमा यादव द्वारा वन स्टाप सेंटर के कार्यों की जानकारी दी। महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और हेल्पलाइन नम्बरों को भी छात्राओं के साथ साझा किया। इस मौके पर छात्राओं को पंपलेट और पोस्टर के माध्यम से जागरुक करने का प्रयास किया गया।

काउंसलर ने बताया कि इस सेंटर में सभी प्रकार की सहायता एक जगह पर मिलती है। महिलाओं की काउंसिलिंग के माध्यम से समस्या का समाधान किया जाता है और उनकी समस्याओं को गुप्त रखा जाता है। उन्होंने महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कन्या सुमगला योजना, बाल सेवा योजना सहित तमाम योजनाओं की जानकारी दी । हेल्प लाइन नम्बर 1098 के बारे में भी बताया। कैसवर्कर रामदयाल ने बच्चियों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं, बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 के बारे में जानकारी होना जरूरी है। ये हेल्पलाइन आकस्मिक स्थिति से लेकर कानूनी मदद करने में मददगार हैं। इस मौके पर कालेज के टीचर्स के अलावा तमाम छात्राएं मौजूद रही।

# लक्ष्य, मालविका डेनमार्क ओपन के पहले दौर में बाहर

ओडेन्से, एजेंसी



- चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ सेन ने खेला कड़ा मुकाबला
- रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी मिली हार

भारत के लक्ष्य सेन को चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बावजूद मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप (2021) के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बावजूद मैच को भुनाने में नाकाम रहे। चीन के खिलाड़ी से उन्हें 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12 19-21 14-21 से शिकस्त मिली।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाला अल्मोड़ा का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में हार गया था। चीन ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मालविका बंसोड भी यहां शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रही। उन्हें वियतनाम की एंगुयेन थुये लिन्ह ने महिला एकल मैच में 21-13 21-12 से हराया। रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग चिंग हुई और या चिंग तुन की जोड़ी ने महिला युगल में 21-18, 24-22 से हराया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे लक्ष्य और लू के बीच शुरुआती सेट में करीबी मुकाबला हुआ। दोनों के बीच स्कोर 8-8 की बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर ब्रेक तक अपनी बढ़त 11-8 कर ली।

उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक हासिल कर अपनी बढ़त को 20-11 किया और आसानी से इस गेम को जीत लिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में 8-2 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की। लू इस अंतर को 11-12 करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर से वापसी करते हुए 16-11 की बढ़त हासिल की लेकिन लू ने इसके बाद दमदार खेल और धैर्य का परिचय दिया जिससे उन्हें फायदा हुआ। उन्होंने 19-18 की बढ़त बनायी और फिर स्कोर 19-19 से बराबर होने पर दो अंक के साथ मुकाबला जीत लिया। लू इस लय को निर्णायक गेम में जारी रखने में सफल रहे। उन्होंने लक्ष्य पर दबाव कायम रखते हुए छह मैच प्वाइंट हासिल कर जीत दर्ज कर ली।

# महिला टी-20 टीम ने नहीं किया कोई सुधार : मिताली

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पिछले तीन वर्षों में खेल के विभिन्न विभागों में सुधार करने में विफल रहने को जिम्मेदार ठहराया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यह पहली बार है कि भारत आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा। इससे टीम का विश्व कप खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया। कप्तान के रूप में उनके भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लग गए।



- भारत की पूर्व कप्तान बोलीं- खराब क्षेत्ररक्षण और बीच के ओवरों रन न बना पाना ही मुश्किल का सबब

मिताली ने कहा इस टूर्नामेंट में हर दूसरी टीम ने सीमित गहराई के बावजूद विकास दिखाया है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण दक्षिण अफ्रीका है। भारतीय बल्लेबाजों के लिए बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल साबित हो रहा और टीम को यह भारी पड़ रहा है। भारतीय टीम की हार का दोष खराब क्षेत्ररक्षण पर भी मढा और कहा कि रोड्रिग्ज और राधा के अलावा सभी ने क्षेत्ररक्षण में निराश किया।

### भारतीय टीम की रणनीति कारगर नहीं

मिताली ने दुबई से पीटीआई से कहा कि टीम के पतन का कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाने में विफल रहने के साथ बल्लेबाजी में स्पष्टता की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण था। भारत की पूर्व कप्तान मिताली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार ने इस बात को साबित किया कि इस टीम ने पिछले तीन साल में कोई सुधार नहीं किया है। मैं अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की बात करूं तो यह जीतने लायक मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी परिपाटी का पालन कर रहे हैं जिसमें मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाकर हार का सामना करना शामिल है। यह रणनीति कारगर नहीं है। मुझे लगता है कि पिछले दो-तीन वर्षों में मैंने वास्तव में इस टीम में कोई विकास नहीं देखा है।

## खेल डायरी

### बांग्लादेश के मुख्य कोच हथुरुसिंघा निलंबित

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पिछले साल भारत में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी के साथ अनुचित आचरण करने के कारण पुरुष टीम के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा को निलंबित कर दिया है। श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर हाथुरुसिंघा के कोच रहते हुए बांग्लादेश को हाल में भारत के खिलाफ टेस्ट और टी-20 शृंखला के सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। बीसीबी ने उनकी जगह वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी फिल सिमंस को नियुक्त करने का फैसला किया है जो अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी तक यह पद संभालेंगे। वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा को पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी को थप्पड़ मारने के आरोप के बाद निलंबित कर दिया गया है।

### पीसीबी ने जमान को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट शृंखला में बल्लेबाज बाबर आजम को टीम से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। फखर जमान ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच से बाबर आजम को बाहर किए जाने की खबर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में टिप्पणी की थी। फखर ने इस फैसले को चिंताजनक बताते हुए कहा था कि पाकिस्तान के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बाबर आजम को बाहर किया जाना गलत संदेश देगा। फखर ने बोर्ड को खिलाड़ियों को नीचा दिखाने के बजाय उन्हें संरक्षित करने की मांग की थी। पीसीबी ने फखर जमान की इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि एक केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के नाते फखर को बोर्ड के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी।

### महिला कबड्डी लीग के चयन ट्रायल के बाद होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** महिला कबड्डी लीग (डब्ल्यूकेएल) के उद्घाटन सत्र के लिए खिलाड़ियों को नीलामी से पहले राष्ट्रव्यापी चयन ट्रायल से गुजरना होगा। इस लीग के आयोजकों ने बिना कोई तारीख बताए मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस लीग में बेंगलुरु हॉक्स, दिल्ली दुर्गास, गुजरात एंजल्स, हरियाणा हसलर्स, ग्रेट मराठा, राजस्थान रेडर्स, तेलुगु वॉरियर्स और यूपी गंगा स्ट्राइकर्स सहित कई टीमें शामिल होंगी। डब्ल्यूकेएल के चयन ट्रायल्स आगामी सत्र का एक बड़ा आकर्षण होंगे क्योंकि यह देश के हजारों महिला खिलाड़ियों के लिए अवसर प्रदान करेंगे। लीग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सीमा ने कहा हमारा लक्ष्य सिर्फ एक लीग बनाना नहीं है। हम एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकें। डब्ल्यूकेएल का आयोजन राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा जिसके मुकाबले अपने घर के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में भी खेले जायेंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी की भी योजना है।

### सोनम ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत की सोनम मस्कर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। आज यहां हुई स्पर्धा में 22 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 के स्कोर कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं चीन की युटिंग हुआंग ने 254.5 के स्कोर के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। फ्रांसीसी निशानेबाज ओसिएने मुलर ने 231.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। तिलोत्तमा सेन 167.7 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सोनम मस्कर ने 11 निशानेबाजों के बीच 632.1 का स्कोर कर चौथा स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा सेन ने कुल 628.9 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष आठ निशानेबाजों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। एना एनसेन ने 636.9 का क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड बनाया, लेकिन फाइनल में वह सातवें स्थान पर रहीं। यह आईएसएसएफ विश्वकप में सोनम का तीसरा पदक है। इस साल की शुरुआत में काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप में सोनम ने अर्जुन बाबूता के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता था और 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया था।

# बेंगलुरु के मैदान पर आज होगा प्रतिभा का टेस्ट

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नजरें गिल और जायसवाल पर, बारिश की संभावना

बेंगलुरू, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी के स्टार यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में अपने बेहतरीन फॉर्म को आगे ले जाना चाहेंगे। विराट और कप्तान रोहित अपने करियर के आखिरी पड़ाव में है और गिल तथा जायसवाल पर उनकी विरासत को आगे ले जाने की महती जिम्मेदारी है। बेंगलुरु के मैदान पर दोनों की टीम की परीक्षा होगी। मैच से पहले बारिश की भी संभावनाएं हैं, मैच देर शुरू हो सकता है।

गिल ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं जबकि जायसवाल ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक जड़े हैं। गिल ने तेज गेंदबाजों की इनकमिंग गेंदों के खिलाफ परेशानी से पार पा ली है लेकिन ऐसी गेंदों पर विकेट गंवाने से बचना होगा। वहीं जायसवाल भी तेज गेंदबाजों को आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। न्यूजीलैंड के पास भी मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी के रूप में आक्रामक तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में गिल और जायसवाल पर जिम्मेदारी और भी बढ़ जाएगी क्योंकि विराट और रोहित सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।



चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मौसम बिगडने के चलते पिच कवर करते ग्रांउडमैन। ● एजेंसी

**मैच : सुबह 9:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, सिराज, आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कोंवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल ब्रासवेल, मिचेल सेंटनेर, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, ऐजाज पटेल, जैकब डफी, मैट हेनरी, टिम साउदी, विलियम ओ राउरकी।

### शुरू से हमारे नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं बुमराह : रोहित



**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को यहां कहा कि यह तेज गेंदबाज खेल की बहुत अच्छी समझ रखता है और वह शुरू से टीम के नेतृत्व समूह का अभिन्न अंग रहा है। बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की शृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयन समिति का यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई शृंखला के लिए किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया था। इससे संकेत मिलते हैं कि बुमराह भविष्य में टेस्ट टीम की कमान संभाल सकते हैं। रोहित ने कहा बुमराह ने बहुत अधिक क्रिकेट खेली है। मैं उनके साथ काफी क्रिकेट खेल चुका हूं। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं। जितना मुझे पता है उन्होंने अभी तक एक टेस्ट मैच और कुछ टी-20 मैचों में कप्तानी की है।

### भारत को हराने की चुनौती के लिए तैयार हैं हम : लैथम

**बेंगलुरू।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने मंगलवार को स्वीकार किया कि हर विभाग में मजबूत भारत को हराना बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम तीन मैचों की टेस्ट शृंखला में इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। लैथम ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा इन हालात में बेशक आप स्पिनरों को देखते हैं। लैथम ने कहा उम्मीद है कि हम यहां के पिछले कुछ दौरों से मिले अनुभव का फायदा उठा पाएंगे। उन्हें पूर्व कप्तान केन विलियमसन की कमी खलेगी जो ग्रोइन की चोट के कारण दौरे के शुरुआती हिस्से से बाहर हो गए हैं। यह निराशाजनक है कि केन यहां नहीं है। उम्मीद करते हैं कि वह जल्द से जल्द तैयार होगा।

## ट्रॉफी जीतनी है तो बुमराह पर कसनी होगी लगाम : कमिंस

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी टीम को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है तो उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लगाम कसने का तरीका ढूंढना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने लगभग एक दशक से यह ट्रॉफी अपने पास सुरक्षित रखी है। इस बीच उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर लगाम कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें शृंखला जीतने में काफी मदद मिलेगी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेगी।

### शमी फिट नहीं, उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं ले जाना चाहते हैं : रोहित

**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को यहां कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और टीम उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि घुटनों में सूजन के कारण इस तेज गेंदबाज को टखने के ऑपरेशन से उबरने में परेशानी आ रही है। शमी ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। रोहित ने कहा ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए उनके बारे में फैसला करना काफी मुश्किल है कि वह वर्तमान शृंखला या ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन थी, जो काफी असामान्य है।

# हॉकी इंडिया महिला लीग नीलामी के पहले चरण में उदिता को मिले 32 लाख



- श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने भारतीय डिफेंडर को खरीदा

**नई दिल्ली।** भारतीय डिफेंडर उदिता दुहान हॉकी इंडिया महिला लीग के पहले चरण के लिये सबसे महंगी बिकी जिन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को नीलामी में 32 लाख रूपये में खरीदा। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रूपये में खरीदा।

भारत की लालरेम्सियामी (बंगाल टाइगर्स 25 लाख), सुनेलिटा टोप्पो (दिल्ली एसजी पाइपर्स 24 लाख), संगीता कुमारी (दिल्ली एसजी पाइपर्स 22 लाख) पर भी अच्छी बोलियां लगी। विदेशी खिलाड़ियों में बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब 16 लाख), जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब 16 लाख) और ऑस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स 15 लाख) अच्छे दाम पर खरीदी गई। वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10.5 लाख में खरीदा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा क्लब ने खरीदा है।

# बरसों से महिला हॉकी लीग का इंतजार था : रानी

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व कप्तान बोलीं- कोच के रूप में वापस हॉकी से जुड़ना गर्व की बात

भारतीय महिला हॉकी की पोस्टर गर्ल रही पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने महिला लीग की शुरूआत को देश में खेल के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि उन्हें बरसों से इसका इंतजार था और अब खिलाड़ी के रूप में भले ही नहीं लेकिन कोच के तौर पर भी इससे जुड़कर वह गर्व महसूस कर रही हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की कप्तान रही रानी देश में पहली बार शुरू हो रही हॉकी इंडिया महिला लीग में पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच होंगी। रानी ने यहां महिला लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी से इतर कहा हॉकी मेरा जुनून है। मैंने जितने समय खेला, जुनून के साथ खेला। मेरे दिमाग में हमेशा से यह था कि भारतीय हॉकी से जुड़ने के लिए जो भी मौका मिलेगा, उसे मैं स्वीकार जरूर करूंगी।

हॉकी मेरे दिमाग में हमेशा चलती रहती थी। भारत के लिए 212 मैचों में 134 गोल कर चुकी पद्मश्री से सम्मानित 30 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा मैने राष्ट्रीय टीम में वापसी की बहुत कोशिश की लेकिन ओलंपिक से पहले हो नहीं पाया। इस महिला लीग के लिए हमने बहुत साल इंतजार किया है और जब यह शुरू हुई तो खिलाड़ी नहीं लेकिन कोचिंग स्टाफ के तौर पर जुड़कर भी बहुत अच्छा लग रहा है।

यह पूछने पर कि क्या लीग में खेलने की इच्छा नहीं थी, रानी ने कहा कि कई बार कठिन फैसले लेने पड़ते हैं हालांकि उन्होंने खेल से संन्यास के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। मैं एक महिला खिलाड़ी हूं और मैने बहुत संघर्ष झेला है। एक खिलाड़ी हमेशा खिलाड़ी होता है। खेलने की ख्वाहिश कभी खत्म नहीं होती। कई बार आपको कठिन फैसला लेना होता है और मैने कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़ने का फैसला किया। संन्यास के बारे में बोलना अभी मुश्किल है।

## बॉलीवुड हलचल



# परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की जोड़ी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान ने सिद्धार्थ-जाह्नवी के साथ एक एक्शन थ्रिलर प्लान की थी, जिसके लिए उन्होंने तुषार को साइन किया था। हालांकि वक्त के साथ दिनेश-सिद्धार्थ को लगा कि जिस स्क्रिप्ट पर वो काम कर रहे हैं, उसमें बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म करने का बहुत कम दम है। दर्शकों अलग तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं, जिस कारण उन्होंने एक नई स्क्रिप्ट का चुनाव किया है।

# प्राइम वीडियो ने सिटाडेल: हनी बनी का ट्रेलर किया रिलीज

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज, सिटाडेल : हनी बनी का एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज कर दिया है। सिटाडेल : हनी बनी का निर्देशन राज और डीके (राज निदिमोरू और कृष्णा डीके) ने किया है और इसे सीता आर. मेनन के साथ राज और डीके ने लिखा है। यह सीरीज डी2आर फिल्म्स, अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज और एजीबीओ के रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित की गई है। इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही के.के. मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकीत परिहार और कश्वी मजमूदार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। सिटाडेल : हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को विशेष रूप से भारत में प्राइम वीडियो पर और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में किया जाएगा। प्राइम वीडियो, इंडिया के ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, शो के प्रति उत्साह और प्रत्याशा हर दिन बढ़ रही है, और वरुण, समांथा और राज एंड डीके के प्रशंसक 07 नवंबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमें लगा कि यह सही समय है कि हम एक्शन से भरपूर ट्रेलर के जरिए दर्शकों को सिटाडेल : हनी बनी की अद्भुत दुनिया की एक झलक दिखाएं। राज और डीके ने इस हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर में अपनी अनोखी शैली और आकर्षण को जोड़ा है, जो हमारे दर्शकों के लिए एक नए रोमांचकारी सफर का वादा करता है।



### 26 से शुरू होगा इंडियन आइडल का 15वां सीजन

**मुंबई।** सिंगिग रियालिटी शो इंडियन आइडल का 15वां सीजन 26 अक्टूबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर शुरू होगा। इंडियन आइडल जल्द ही सोनी टीवी पर अपना 15वां सीजन शुरू करने के लिए तैयार है। इस सीजन को लोकप्रिय गायक-रैपर बादशाह, पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल और पार्श्वगायक विशाल ददलानी जज करेंगे। सोनी चैनल ने इंडियन आइडल सीजन 15 का एक नया प्रोमो शेयर किया है। प्रोमो में सोनी चैनल ने बताया है कि इंडियन आइडल 26 अक्टूबर से शुरू होगा। यह शो शनिवार-रविवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर प्रसारित होगा।

# सैफ चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय महिला टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच संतोष कश्यप ने 17 से 30 अक्टूबर तक खेली जाने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। सैफ के सभी मुकाबले नेपाल के काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में खेले जाएंगे।

इस चैंपियनशिप में भारत को ग्रुप ए में बंगलादेश और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। मेजबान नेपाल ग्रुप बी में श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ है। गोवा में तीन सप्ताह के गहन शिविर के बाद भारतीय टीम आज काठमांडू के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम 17 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद गत चैंपियन बंगलादेश के साथ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला होगा। दोनों सेमीफाइनल 27 अक्टूबर को हैं, वहीं फाइनल 30 अक्टूबर को खेला जाएगा।

### फ्रांस और जर्मनी ने नेशंस लीग में अपने अपने मुकाबले जीते

**ब्रसेल्स।** फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में रेंडेल कोलो मुआनी के दो गोलों के दम पर बेल्जियम को 2-1 से हराया। काइलियान एमबाप्पे के बिना उतरी फ्रांसीसी टीम के लिए मुआनी ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। वहीं म्युनिख में खेले गए मैच में जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से मात दी। जर्मनी के जैमी ल्यूलिंग का दूसरे मिनट में किया गया गोल वीडियो रिव्यू के बाद खारिज हो गया लेकिन उन्होंने 64वें मिनट में गोल दागा। अन्य मैचों में इटली ने इस्राइल को 4-1 से हराया जबकि हंगरी ने बोस्निया को 2-0 से मात दी। दो ग्रुप मैच नवंबर में होंगे। फ्रांस, इटली और जर्मनी शीर्ष पर हैं और उनके क्वार्टर फाइनल में जाने की प्रबल संभावना है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ विधेयक समिति की बैठक से किया वाकआउट

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष के कई सांसदों ने मंगलवार को वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से बहिर्गमन किया और आरोप लगाया कि भाजपा के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।

कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित विपक्षी सदस्य संसदीय समिति की बैठक से उठ कर बाहर चले गए। संसदीय समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के पक्ष सुन रही थी। एक घंटे तक बैठक से दूर रहने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से इसमें शामिल हुए। भाजपा सदस्यों का दावा था कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे।

### बैठक में नियमों के उल्लंघन का आरोप

विपक्ष के कई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि बैठक में संसदीय आचार संहिता का घोर उल्लंघन हुआ है। यह पत्र कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी के वक्तव्य पर कई विपक्षी सांसदों द्वारा समिति की बैठक का बहिष्कार करने के एक दिन बाद आया है। मणिप्पाडी ने वक्फ संपत्तियों के कथित गबन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और के रहमान खान सहित कई विपक्षी नेताओं का नाम लिया था।

# वेनेजुएला में तख्तापलट को मस्क ने किए खर्च एक अरब डॉलर : मादुरो

**कराकस।** राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर एक अरब डॉलर खर्च करके वेनेजुएला में तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाया है।

मादुरो ने टीवी शो विद मादुरोप्लस में कहा कि मस्क ने वेनेजुएला में तख्तापलट, फासीवादी विद्रोह और चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ हिंसा के लिए एक अरब डॉलर खर्च किये हैं। उनका मानना है कि टेक मुगल वेनेजुएला में सत्ता हथियाने के विचार से ग्रस्त है और दक्षिण अमेरिकी देश में सार्वजनिक अशांति को वित्तपोषित करके इस लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं मस्क अपने एक्स पर पलटवार किया है।

# भारतीय मूल की सिंगापुर की दो महिलाओं को हर वर्ल्ड का सम्मान

सिंगापुर, एजेंसी

अपने-अपने क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाली भारतीय मूल की दो महिलाओं को सिंगापुर में फैशन और स्टाइल पत्रिका हर वर्ल्ड की ओर से सम्मानित किया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 72 वर्षीय न्यायमूर्ति जूडिथ प्रकाश को सोमवार को पत्रिका के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कानूनी क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य के लिए हर वर्ल्ड वूमन ऑफ द ईयर 2024 घोषित किया गया।

राष्ट्रीय धावक शांति परेरा (28) को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए वर्ल्ड यंग वूमन अचीवर 2024 पुरस्कार मिला। न्यायमूर्ति प्रकाश सिंगापुर की पहली महिला अपील न्यायाधीश हैं और उन्हें पहली बार 1992 में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ में नियुक्त किया गया था।

न्यायाधीश के रूप में अपने 31 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने 645 निर्णय लिखे और उनको मूल्यवान प्रस्तावों के कारण विधि रिपोर्टों में शामिल किया गया। 2018 से 2022 की शुरुआत के बीच परेरा को कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। उन्हें पिंडली में चोट की पीड़ा झेलने के साथ ही दो छात्रवृत्तियों से हाथ धोना पड़ा, लेकिन परेरा ने हार नहीं मानी और 100मीटर तथा 200 मीटर में नये राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए।

# 40 प्रतिशत दिव्यांगता एमबीबीएस में दाखिल से नहीं रोकती : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पीठ ने कहा- उम्मीदवार की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड से होनी चाहिए**
- **केवल तय मानक के आधार पर अभ्यर्थी को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केवल 40 प्रतिशत दिव्यांगता का तय मानक किसी को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने से नहीं रोकता, जब तक कि विशेषज्ञ की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख न हो कि अभ्यर्थी एमबीबीएस करने में असमर्थ है।

न्यायामूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपने 18 सितंबर के आदेश के लिए विस्तृत कारण बताए। इस आदेश में न्यायालय ने एक उम्मीदवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति दी थी क्योंकि मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि वह बिना किसी बाधा के मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ है। पीठ ने कहा कि दिव्यांग उम्मीदवार की एमबीबीएस पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड की ओर से की जानी चाहिए। इसने कहा कि केवल निर्धारित मानक की दिव्यांगता होने के आधार पर अभ्यर्थी को एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए पात्रता के अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा। अभ्यर्थी की दिव्यांगता का आकलन करने वाले विकलांगता बोर्ड को सकारात्मक रूप से यह दर्ज करना होगा कि अभ्यर्थी की दिव्यांगता पाठ्यक्रम की पढ़ाई में अभ्यर्थी के लिए बाधा बनेगी या नहीं। अगर ऐसा है तो उसे कारण बताना चाहिए। न्यायालय ने ओंकार नामक छात्र की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसने 1997 के स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमन को चुनौती दी है जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी को एमबीबीएस करने से रोकता है।

## एक नजर

### ऑनलाइन पंजीकरण के बिना होंगे सबरीमला में दर्शन : विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वर्चुअल बुकिंग (ऑनलाइन पंजीकरण) कराए बिना सबरीमाला आने वाले तीर्थयात्रियों को भी भगवान अयप्पा मंदिर में सुचारू दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी। व्यापक विरोध के बीच पिनराई विजयन सरकार ने आगामी तीर्थयात्रा के दौरान केवल 'वर्चुअल' कतार बुकिंग (ऑनलाइन) के माध्यम से दर्शन प्रदान करने के अपने पहले के फैसले को बदल दिया। उन्होंने कहा कि बिना वर्चुअल कतार बुकिंग के आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी सुचारू दर्शन की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी उन लोगों के लिए भी दर्शन सुनिश्चित किए जाएंगे जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है और जो प्रणाली के बारे में जाने बिना आते हैं।

### रूसी वायु रक्षा ने तीन यूक्रेनी ड्रोन किए नष्ट

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में सोमवार रात तीन यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था, जिस दौरान तीन यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग ड्रोनों को बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में वायु रक्षा द्वारा नष्ट कर दिया गया।

### मादक पदार्थ तस्करी में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के किशनगंज निवासी 38 वर्षीय जमकोद खान को उसके 18 वर्षीय बेटे किशोर के साथ झापा जिले के भद्रपुर नगरपालिका क्षेत्र के एक होटल से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पिता-पुत्र के पास से कथित तौर पर करीब 52 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की।

### भारती की याचिका पर उप्र सरकार को फिर नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आप नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नया नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। भारती के खिलाफ मामला सुल्तानपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है। उन्होंने मामले को राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने इस मामले में शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की।

### एशत भारत में मालदीव की नई उच्चायुक्त होंगी

**माले।** वरिष्ठ राजनयिक एशत अज़ीमा भारत में मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब की जगह लेंगी। समाचार पोर्टल सन.एमवी ने कहा कि भारत में नए राजदूत की नियुक्ति का कदम ऐसे समय उठाया गया है जब यह द्वीपीय देश भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारना और मजबूत करना चाहता है। इस खबर में भारत को मालदीव के सबसे करीबी द्विपक्षीय साझेदारों में से एक बताया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की इस महीने की शुरुआत में भारत की पहली राजकीय यात्रा के कुछ दिनों बाद हुआ है। मुइज्जू ने सोमवार को संसद की विदेश संबंध समिति को एक पत्र भेजकर अज़ीमा की नियुक्ति के लिए संसदीय मंज़ूरी मांगी।

# इजराइल का आश्वासन, ईरानी परमाणु या तेल संयंत्रों पर नहीं करेगा हमला : अमेरिकी

## अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर लिया गया फैसला, टीएचएडी के बाद चिंताएं कम

वाशिंगटन, एजेंसी

इजरायल ने बाइडन प्रशासन को आश्वासन दिया है कि वह ईरान के परमाणु या तेल संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को यह दावा किया। इस महीने की शुरुआत में ईरान द्वारा किये गए मिसाइल हमले के बाद आशंका है कि इजराइल जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

बाइडन प्रशासन का मानना है कि रक्षा प्रणाली अमेरिकी टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी (टीएचएडी) तथा उसे संचालित करने के लिए लगभग 100 सैनिक भेजने से इजराइल की कुछ चिंताएं कम हो गई हैं। पेंटागन ने अप्रैल और अक्टूबर में ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए बैलेस्टिक मिसाइल हमलों के बाद इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए टीएचएडी की तैनाती की रविवार को घोषणा की थी।

उसने कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर यह फैसला किया गया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने आगाह किया कि इजराइल का आश्वासन पक्का नहीं है और परिस्थितियां बदल सकती हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अतीत में आश्वासनों को पूरा करने में इजरायल का ट्रैक रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है और इस संबंध में अक्सर घरेलू इजराइली राजनीति प्रभावी नजर आयी है जिसने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेरा है। इन अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर निजी कूटनीतिक चर्चाओं का जिक्र करते हुए यह जानकारी दी।



### रेवॉल्यूशनरी जनरल के जनाजे में पहुंचे शीर्ष नेता

**यरूशलम।** ईरान के शीर्ष नेता मंगलवार को देश के रेवॉल्यूशनरी गार्ड के जनरल के जनाजे में शामिल हुए, जो बेरूत में हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला के साथ मारे गए थे। रेवॉल्यूशनरी गार्ड की अभियान शाखा के प्रमुख जनरल इस्माइल कानी की स्थिति के बारे में कई सप्ताह तक अफवाहें फैली रहीं, लेकिन मंगलवार की सुबह इन पर उस समय विराम लग गया, जब तेहरान के मेहराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनरल अब्बास निलफोरशान का शव लाये जाने पर उन्हें आंसू पोंछते हुए देखा गया।

### संरा सुरक्षा परिषद ने शांति सैनिकों के लिए गंभीर चिंता जताई

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी कर उन्हें घायल करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अपना समर्थन दोहराया। पिछले सप्ताह शांति सेना यूनिफिल के ठिकानों पर इजराइल द्वारा किए हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई थी और संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय द्वारा इस हमले के बाद दिया यह पहला बयान है। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ज्यां-मैरी लैक्रोइक्स ने बताया कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पुष्टि की है कि शांति सैनिक अपने सभी तैनाती स्थलों पर बने रहेंगे। इजराइल ने लेबनान में जमीनी हमलों के दौरान शांति सैनिकों से उत्तर की ओर जाने का आग्रह किया है। इजराइल, लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अपने युद्ध को दोनों देशों के बीच संरा द्वारा तय की गई सीमा के उस पार बढ़ा रहा है।

### हिजबुल्लाह ने इजरायली रक्षा बल पर दागे 115 गोले

**बेरूत।** लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 115 गोले दागे हैं। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन द्वारा दागे गए 115 गोले सोमवार को लेबनान से इज़राइल में प्रवेश कर गए हैं। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से इजरायल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह बलों के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहा है। शिया आंदोलन के नेताओं सहित दो हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल के सैन्य अभियान का मुख्य लक्ष्य देश के उत्तर से 60 हजार निवासियों की वापसी के लिए स्थितियां बनाना है, जिन्हें एक साल पहले फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह द्वारा शुरू की गई गोलाबारी के कारण निकाला देश से छोड़ना पड़ा था।

# उ. कोरिया ने अंतर-कोरियाई सड़कों के कुछ हिस्सों को किया नष्ट

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को सड़कों के उस उत्तरी हिस्से को नष्ट कर दिया है जो अब उपयोग में नहीं है और कभी उसे दक्षिण कोरिया से जोड़ता था। उसने यह कदम उस दावे के बाद उठाया है कि दक्षिण कोरिया ने उसकी राजधानी प्योंगयांग पर ड्रोन उड़ाए थे जिसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

सड़कों को ध्वस्त करना दक्षिण कोरिया की रूढ़िवादी सरकार के खिलाफ उत्तर कोरिया के बढ़ते गुस्से को दिखाता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के साथ संबंध खत्म करने का आह्वान किया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि सड़कों को विस्फोट के जरिये नष्ट करने के जवाब में दक्षिण कोरियाई सेना ने भी दक्षिणी सीमा पर गोलीबारी की है।

### किम ने की रक्षा और सुरक्षा मामलों पर बैठक

**सोल।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने रक्षा और सुरक्षा मामलों को लेकर बैठक की है, जिसमें अन्य मुद्दों के अलावा दक्षिण कोरिया द्वारा उ. कोरिया की संप्रभुता के उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित किया गया। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी केसीएनए ने मंगलवार को रिपोर्ट में बताया कि बैठक में मुख्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख की रिपोर्ट सुनी गई, उ. कोरिया की संप्रभुता के खिलाफ गंभीर उकसावे के व्यापक विश्लेषण पर चर्चा की गई।

# अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के आकलन में तेजी लानी चाहिए : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- **राष्ट्रीय कार्यबल की धीमी प्रगति पर सुप्रीम कोर्ट ने जताया असंतोष**
- **27 अगस्त की बैठक में सिफारिशें तैयार करने को चार उप-समूहों का हुआ था गठन**

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े अन्य पेशेवरों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की धीमी प्रगति पर मंगलवर को असंतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 27 अगस्त को हुई पहली बैठक में एनटीएफ ने हितधारकों के साथ जुड़ने और चिकित्सा संस्थानों के बुनियादी ढांचे, सुरक्षा प्रणालियों, सभी राज्यों में चिकित्सा पेशेवरों की कामकाज की स्थिति में सुधार और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए सिफारिशें तैयार करने के लिए चार उप-समूहों का गठन किया था।

शीर्ष अदालत ने एनटीएफ की ओर से नौ सितंबर के बाद कोई और बैठक नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि नौ सितंबर के बाद कार्यबल ने क्या किया? नौ सितंबर के बाद कोई बैठक क्यों नहीं हुई? कोई प्रगति क्यों नहीं हुई? इसे काम में तेजी लानी चाहिए। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एनटीएफ द्वारा अब तक उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए एक हलफनामा दायर किया गया था। मेहता ने कहा कि एनटीएफ के कार्य व्यापक प्रतीत होते हैं और उन्होंने बल द्वारा स्वास्थ्य पेशेवरों की समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि एनटीएफ अपने काम में तेजी लाएगा। कार्यबल के सदस्यों में चिकित्सा सेवा (नौसेना) की महानिदेशक और वाइस एडमिरल आरती सरीन, हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी, दिल्ली एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास, भी शामिल हैं। अन्य सदस्यों में रोहतक स्थित पंडित बी डी शर्मा चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनीता सक्सेना हैं जो पूर्व में दिल्ली स्थित एम्स के कार्डियोलॉली विभाग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज और सर

# पूर्व भारतीय राजनयिकों बोले- भारत ने कनाडा के खिलाफ सही कदम उठाया

**नई दिल्ली।** कई पूर्व राजनयिकों ने मंगलवार को ओटावा में भारतीय राजनयिकों को सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से जोड़ने के कनाडा के आरोप की आलोचना की और कहा दिल्ली ने जवाब में सही कदम उठाया है।

पूर्व राजदूतों ने कहा कि कनाडा का मिथ्या प्रचार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगले चुनाव में अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए अपने देश के भीतर कट्टरपंथी तत्वों से समर्थन हासिल करने की दुःसाहस से उपजा है। ओटावा द्वारा निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से भारतीय उच्चायुक्त को जोड़े जाने के बाद पहले से ही खराब भारत-कनाडा संबंधों में भारी गिरावट देखी गई। भारत ने कनाडा के आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी और छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया तथा कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया।

### स्टार्मर ने कानून व्यवस्था के महत्व के मुद्दे को उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कानून व्यवस्था के महत्व पर जोर दिया। भारत के साथ कनाडा के राजनयिक विवाद के बीच यह बातचीत हुई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने यह जानकारी दी। इससे पहले भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से अपने राजनयिक को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त संजय वर्मा को वापस बुलाने की घोषणा की थी।

# बाहरी ताकतों को बुलाने से एकता के प्रयासों को लगेगा झटका : राजनाथ

**विकाराबाद (तेलंगाना)।** भारत के साथ समुद्री सीमा साझा करने वाले देशों को संदेश देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि समुद्री सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है और बाहरी ताकतों को दहलीज तक आमंत्रित करने से एकता के प्रयासों को झटका लगेगा।

विकाराबाद जिले के दामागुंडम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बेहद कम आवृत्ति (वीएलएफ) वाले रडार स्टेशन की आधारशिला रखने के बाद सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में भारत के मित्र देशों का सहयोग आवश्यक है, क्योंकि यदि एक भी देश छूट गया तो सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सबको साथ लाने में विश्वास करता है, तोड़ने में नहीं। इसलिए हम मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वीएलएफ नौसैनिक स्टेशन से जब संचालन हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

# एससीओ नेताओं के साथ शरीफ ने की द्विपक्षीय बैठकें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर विभिन्न एससीओ सदस्य देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने तथा अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया।

पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। शरीफ ने बेलारूस के प्रधानमंत्री रोमन गोलोवचेंको, तजाकिस्तान के प्रधानमंत्री कोहिर रसूलजोदा और किर्गिस्तान के प्रधानमंत्री अकिलबेक जापारोव के साथ अलग-अलग बैठकें कीं तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।



### हम एससीओ प्रारूप में जुड़े हुए हैं : जयशंकर

**इस्लामाबाद।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाकिस्तान पहुंचने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को कहा कि वह इस प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह के विभिन्न तंत्रों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव के बीच करीब एक दशक में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पड़ोसी देश की यह पहली यात्रा है। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ रूपरेखा के भीतर विभिन्न तंत्रों और पहल समेत एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

# छात्रा से दुष्कर्म के खिलाफ आंदोलन पूरे पंजाब प्रांत में फैला

लाहौर, एजेंसी

- **लाहौर के कॉलेज में छात्रा से गार्ड ने किया था दुष्कर्म, पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेज में विरोध प्रदर्शन**

पाकिस्तान में लाहौर के एक कॉलेज में एक छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने पंजाब प्रांत की नेशनल असेंबली के बाहर मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने लाहौर के एक कॉलेज में छात्रा से बलात्कार मामले, पंजाब महिला कॉलेज में उत्पीड़न की घटना और हाल ही में छात्राओं के खिलाफ हुई हिंसा की जांच के लिए एक समिति के गठन की मांग की, जिसमें स्वतंत्र मानवाधिकार निकायों के सदस्य, छात्र प्रतिनिधि और न्यायाधीश शामिल हों।

इस बीच, लाहौर के कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पंजाब प्रांत के अन्य शहरों में भी फैल गया। पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के कम से कम चार परिसरों में सोमवार सुबह उस समय विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए, जब सोशल मीडिया पर खबरें आईं कि लाहौर के गुलबर्ग गर्ल्स कॉलेज की एक छात्रा के साथ संस्थान के बेसमेंट में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने दावा किया कि संदिग्ध उसकी हिरासत में है, लेकिन उसने पूछताछ के दौरान सभी आरोपों से इनकार किया है। पंजाब प्रांत की सूचना मंत्री उज्मा बुखारी ने दावा किया कि किसी भी कॉलेज के परिसर में बलात्कार की कोई घटना नहीं हुआ है। बुखारी ने कहा, लाहौर और पंजाब को कॉलेज परिसर में बलात्कार की घटना की झूठी खबर फैलाकर निशाना बनाया जा रहा है।

# चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को कुछ दशकों में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए मानवयुक्त चंद्र मिशन शुरू करने, चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करने और रहने योग्य ग्रहों तथा पृथ्वी के अतिरिक्त अन्य जगहों पर जीवन का पता लगाने की योजना की घोषणा की। देश के शीर्ष अंतरिक्ष निकायों ने अंतरिक्ष विज्ञान के लिए दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम का अनावरण किया, जो 2024 से 2050 तक देश के अंतरिक्ष विज्ञान मिशन और अंतरिक्ष अनुसंधान की योजना का मार्गदर्शन करेगा।

चाइना एकेडमी ऑफ साइंसेज (सीएएस), चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी द्वारा यहां मीडिया को जारी कार्यक्रम में चीन के अंतरिक्ष विज्ञान लक्ष्यों को रेखांकित किया गया। इसमें पांच प्रमुख वैज्ञानिक विषयों के तहत 17 प्राथमिकता वाले क्षेत्र और तीन चरण वाला प्रारूप शामिल हैं।

**अद्भुत दृश्य** इस वर्ष दूसरी बार हुई यह अद्भुत खगोलीय घटना

# दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको

नैनीताल, अमृत विचार

भूचुम्बकीय सौरतूफ़ानों का असर पृथ्वी के कम अक्षांश वाले क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में निम्न अक्षांश में मैक्सिको में ऑरोरा का आसमान रंग बिरंगी रोशनी में नहाया नजारा आया। यह दुर्लभ खगोलीय घटना इस वर्ष दूसरी बार देखने को मिली हैं।

दरअसल ऑरोरा की रोशनी ध्रुवीय क्षेत्रों में ही नजर आती है। इसकी वजह सूर्य से उठने वाले भूचुम्बकीय सौरतूफ़ान हैं, जो सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट के साथ उत्पन्न होते हैं। ये तूफान उच्च ऊर्जावान कण साथ लेकर आते हैं और पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के चुम्बकीय क्षेत्रों से टकराते हैं। तब ऑरोरा की रोशनी रंग बिरंगे बादल समान तैरते नजर आते हैं।



मैक्सिको से इस तरस नजर आई ऑरोरा के रंगबिरंगी रोशनी।

मगर इस बार यह 23 डिग्री अक्षांश में भी प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे। इसकी वजह भीषण सौरतूफ़ान हैं, जो पिछले दिनों मैक्सिको तक पहुच गए, जबकि इससे पहले 10 मई को भारत के लदाख क्षेत्र तक आ पहुचे थे। जिसे वैज्ञानियों ने देखा और तस्वीरें भी बनाई। मैक्सिको में ऑरोरा के दृश्य बेहद मनमोहक थे। लाल रंग में समूचा आसमान जगमगा उठा। जिसका वहां स्थानीय लोगों ने भरपुर आनंद उठाया। रेने साडे नामक एस्ट्रोफाटोग्राफर ने माज़ातलान, सिनालोआ के समुद्र तट से ऑरोरा की मनमोहक तस्वीरों को कैमरे में कैद किया। यह स्थान 23 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर हैं। इससे पहले 10 मई के महा सौरतूफान के दौरान भी औरोरा देखे गए थे। वैज्ञानिक कहते हैं कि इतने दूर एक साल में दो बार औरोरा देखना अद्भुत है।

### लगातार जारी है सौरतूफानों का उठना

**नैनीताल:** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौरवैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह सौरचक्र बेहद सक्रिय हो चला है, जो पिछले कई रिकार्ड तोड़ने में तुला हुआ है। 11 अक्टूबर का सौर तूफान एक्स1.8 का था। जिसने दुर्लभ व बहुत कम अक्षांश वाले अरोरा उत्पन्न किए। अभी सौर सक्रियता का चरम आना शेष है, जो अगले वर्ष देखने को मिलेगा।